संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज
समूह संपादक : रवि भारद्वाज
ऊना, गुरूवार, 18 मई 2023 ₹ 2
www.actionindialive.com
facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 134 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए।

अब तक सीएम उम्मीदवार से नहीं उठा पर्दा

कर्नाटक के चुनावी रिजल्ट सामने आए 4 दिन बीत गए, लेकिन ग्रैंड ओल्ड पार्टी अभी तक जनता को मुख्यमंत्री नहीं दे पाई

सीएम का इंतजार

- आगे कहा कि फैसला आज हो या कल हो, आप लोगों को बताया जाएगा... अगले 48 से 72 घंटे के बीच कर्नाटक में नई कैबिनेट होगी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/बेंगलुरू
कर्नाटक के चुनावी परिणाम सामने आए 4 दिन बीत गए, लेकिन ग्रैंड ओल्ड पार्टी अभी तक जनता को मुख्यमंत्री नहीं दे पाई। पार्टी के भीतर दो नेताओं को लेकर विचार-विमर्थ चल रहा है और लगातार यह कहा जा रहा है कि अगले 48 घंटे से 72 घंटे के बीच प्रदेश में नई कैबिनेट होगी। कांग्रेस महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने दावा किया

भाजपा द्वारा फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अब तक मुख्यमंत्री को लेकर कोई फैसला नहीं हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि फैसला आज हो या कल हो, आप लोगों को बताया जाएगा... अगले 48 से 72 घंटे के बीच कर्नाटक में नई कैबिनेट होगी।

पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और प्रदेशाध्यक्ष डीके शिवकुमार ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से अलग-अलग मुलाकात की। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी के आवास 10 जनपथ पर राहुल गांधी से दोनों नेताओं की मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है, क्योंकि सिद्धारमैया ने करीब आधे घंटे तक, जबकि शिवकुमार ने एक घंटे से अधिक समय तक राहुल गांधी के साथ बातचीत की। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद शिवकुमार ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। दरअसल, खरगे के आवास पर ही शिवकुमार ने बातचीत की। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री पद को लेकर खरगे के साथ अपनी दावेदारी को मजबूती से पेश किया।

सिद्धारमैया और शिवकुमार दोनों ही मुख्यमंत्री की रेस में चल रहे...

सिद्धारमैया और शिवकुमार दोनों ही मुख्यमंत्री की रेस में चल रहे हैं। हालांकि, सिद्धारमैया का पलड़ा भारी है, क्योंकि उनके समर्थन में ज्यादा विधायक हैं और उन्हें उथल-पुथल से भरे राज्य में सफलतापूर्वक कार्यकाल पूरा करने का अनुभव भी है। हालांकि, अगला मुख्यमंत्री कौन? अभी यह तय नहीं हो पाया है, लेकिन चर्चा अपने अंतिम दौर पर है। कुछ रिपोर्ट्स में सिद्धारमैया के नाम पर मुहर लग गई है। सिद्धारमैया के गांव में सिद्दारमनाहुंडी में जश्न का महौल है। ऐसा ही कुछ नजारा सिद्धारमैया के बेंगलुरू स्थित सरकारी आवास के बाहर भी दिखाई दिया, जहां पर उनके समर्थकों खुशियां मना रहे हैं और सिद्धारमैया की शान में नारेबाजी कर रहे हैं।

मल्लिकार्जुन खरगे ने पर्यवेक्षकों को नवनिर्वाचित विधायकों का मन टटोलने की जिम्मेदारी सौंपी थी। ऐसे में पर्यवेक्षकों ने विधायकों से बात करने के लिए एक रिपोर्ट तैयार की, जिसे खरगे को सौंपा जा चुका है। भले ही कांग्रेस ने अभी तक मुख्यमंत्री का चयन नहीं किया हो, लेकिन बेंगलुरू में श्री कांतीरावा स्टेडियम में नये मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरो-शोरो पर चल रही हैं। आपको बता दें कि यह वही स्थान है जहां पर सिद्धारमैया ने साल 2013 में पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

पाक से आए हिंदुओं के घरों पर चला बुलडोजर

टीम एक्शन इंडिया/जैसलमेर
राजस्थान के जैसलमेर में जिला कलेक्टर टीना डाबी के आदेश के बाद यूआईटी सहायक अभियंता की अगुवाई में पाकिस्तान से आए विस्थापित हिंदुओं के आशियाने पर बुलडोजर चलाया गया है। इसके बाद से ही वक्कर अफसर टीना डाबी की आलोचना हो रही है। उनके आदेश के बाद जैसलमेर में घरों को ढहा दिया गया है।

बच्चों समेत 150 से ज्यादा लोग बेघर हो गए हैं। अब वे सब खुले आसमान के नीचे तपती धूप में रहने को मजबूर हैं। इससे पहले भी पाकिस्तान में अत्याचारों और प्रताड़ना से परेशान होकर भारत आए पाक विस्थापित हिंदुओं के आशियाने पर भी कुछ दिन पहले जोधपुर में बुलडोजर चलाया गया था।

देश में 10 राज्यों को गर्मी से मिलेगी राहत

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
देश के उत्तर पर्वतीय क्षेत्रों में एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो गया है। जिसके चलते आने वाले दिनों में हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। वहीं गुजरात, राजस्थान, त्रिपुरा, मिजोरम, नागालैंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड में हल्की बारिश हो सकती है। केरल और तमिलनाडु में भी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले एक हफ्ते यानी 18 से 24 मई के बीच मौसम के तेजी से बदलने की भविष्यवाणी की है। तापमान में गिरावट आएगी। जिससे गर्मी से राहत मिल सकती है। वहीं हिमाचल प्रदेश में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वोत्तर भारत में बारिश सामान्य से अधिक रहने की संभावना है और दक्षिण और पूर्वी भारत में बारिश सामान्य से नीचे रहेगी।

एसटी का दर्जा पाने के लिए कुर्मी जाति का आंदोलन

टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता
मणिपुर में मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने के ऐलान से भड़की हिंसा थम नहीं रही है। इस बीच, पश्चिम बंगाल में कुर्मी समाज खुद को एसटी का दर्जा दिए जाने की मांग के समर्थन में आंदोलन कर रहा है। इस साल होने वाले पंचायत चुनाव से पहले राज्य के झारखंड से सटे इलाको में कुर्मी समाज का आंदोलन ममता बनर्जी सरकार के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है। एसटी में शामिल करने की मांग को लेकर बीते महीने राज्य के जंगलमहल के नाम से विख्यात बांकुड़ा, पुरुलिया और पश्चिमी मेदिनीपुर जिलों में हुए विरोध-प्रदर्शन में करीब 5 दिनों तक रेलवे और सड़क यातायात ठप रहा था।

आईटी सेक्टर के लिए पीएलआई स्कीम को मंजूरी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर कैबिनेट की मुहर लगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बैठक की जानकारी दी। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में 42 कंपनियों ने पहले साल में 900 करोड़ रुपए का निवेश करना था

उसकी जगह 1600 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण के क्षेत्र में इस साल 100 बिलियन डॉलर का उत्पादन इस वर्ष देश में हुआ है। इसके साथ ही पिछले साल 11 बिलियन डॉलर के मोबाइल का रिकॉर्ड निर्यात किया गया।

'हरियाणा सरकार भी नागरिकों के कल्याण एवं प्रगति के लिए कर रही कार्य'

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार नागरिकों के कल्याण एवं प्रगति के लिए कार्य कर रही है उसी प्रकार हरियाणा सरकार भी हर वर्ग के कल्याण हेतु केंद्र व राज्य की योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू कर रही है।

उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र, चिरायु हरियाणा, आयुष्मान भारत, बुढ़ापा पेंशन योजना, मेरा पानी मेरी विरासत, मेरी फसल मेरा ब्योरा आदि योजनाओं से हर वर्ग के लोगों को लाभ पहुंच रहा है। प्रदेश में मेरिट के आधार पर नौकरियां प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री आज यमुनानगर में आयोजित एक कार्यक्रम में कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर यमुनानगर में आयोजित एक कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए।

यूपी में स्थापित होगा फार्मास्युटिकल इंस्टीट्यूट

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में फार्मस्युटिकल सेक्टर के विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने फार्मा सेक्टर में शोध-अनुसंधान को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए प्रदेश में एक नवीन संस्थान की स्थापना के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि फार्मा मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों की संख्या में उत्तर प्रदेश देश का छठवां सबसे बड़ा राज्य है, अब हमारा लक्ष्य देश में अग्रणी राज्य बनने का है। इसी प्रकार देश में फार्मा मैन्युफैक्चरिंग में अभी हमारा योगदान 2 प्रतिशत का है

जिसे 10-12 प्रतिशत तक पहुंचाने की आवश्यकता है।
फार्मास्युटिकल सेक्टर में विकास बड़ी संभावनाएं हैं। उत्तर प्रदेश को इन संभावनाओं का लाभ उठाना चाहिए। दवा निर्माण के साथ-साथ हमें शोध-अनुसंधान पर भी फोकस करना होगा।
उन्होंने कहा कि प्रदेश में आईआईटीआर, सीडीआरआई, सीमैप और एनबीआरआई जैसे उच्चस्तरीय शोध संस्थान क्रियाशील हैं। जबकि एसजीपीजीआई, केजीएमयू जैसे अकादमिक संस्थान भी हैं।
नियोजित प्रयासों से बीते कुछ वर्षों में लखनऊ बायोफार्मा हब के रूप में उभर कर आया है।

चारधाम यात्रा में जीरो डिग्री में भीग रहे भक्त

टीम एक्शन इंडिया/देहरादून
अगर आप चारधाम यात्रा पर जाने की सोच रहे हैं या आपका कोई करीबी या फिर जानने वाला इस यात्रा पर है, तो यह खबर जरूर पढ़िए।
22 अप्रैल को शुरू हुई चारधाम यात्रा को 25 दिन हो चुके हैं। अब तक 8 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं और 29.5 लाख रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। खराब मौसम के कारण तीर्थयात्रियों को जगह-जगह रोका जा रहा है। इससे यात्रा के शेड्यूल के साथ बजट भी गड़बड़ा रहा है। चारों धामों की यात्रा की प्लानिंग करके आने वाले कई श्रद्धालुओं को मजबूरी में दो-तीन धाम की यात्रा करके ही लौटना पड़ रहा है। यहां टोकन सिस्टम बनाया गया है। दावा था कि इससे लंबी लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। लेकिन लचर यात्रा प्रबंधन के कारण यह दावा हवाई साबित हुआ।

धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी रिपोर्ट पक्षपातीः भारत

टीम एक्शन इंडिया/वॉशिंगटन/नई दिल्ली
भारत ने अमेरिका की अंतरराष्ट्रिय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट 2022 को खारिज कर दिया है। भारत ने कहा कि अमेरिका की रिपोर्ट गलत जानकारी पर आधारित है।
दुनियाभर में धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय की 2022 की रिपोर्ट अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने 15 मई को जारी की थी। रिपोर्ट में कहा गया- भारत, चीन, रूस, सऊदी अरब जैसे देशों में अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ रहे हैं। इस पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने जवाब दिया। जवाब में कहा- यह रिपोर्ट अमेरिकी अधिकारियों की बेबुनियाद जानकारी पर आधारित है। कुछ अमेरिकी अधिकारियों की ये पक्षपाती टिप्पणियां ऐसी रिपोर्ट्स की विश्वसनीयता को कम करने का काम कर रही हैं। भारत में राज्य सरकारें अल्पसंख्यकों खासतौर पर मुसलमानों के खिलाफ मनमानी करती हैं।
कई राज्यों में पुलिस ने ईसाई धर्म के लोगों को ये कहते हुए गिरफ्तार किया कि वो हिंदुओं का धर्म परिवर्तित कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया-आवास, अल्पसंख्यक मुद्दों और धार्मिक स्वतंत्रता के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूतों ने जून 2022 में मध्य प्रदेश के खरगोन में हुई हिंसा पर चिंता व्यक्त की थी।
उन्होंने कहा था- राज्य सरकार ने मनमाने ढंग से मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर कार्रवाई की थी। उनके घर तोड़े थे। दरअसल, पिछले साल खरगोन में रामनवमी के जूलूस के दौरान पथराव हुआ था।

उत्तराखंड का तुंगनाथ मंदिर 6 डिग्री, मूर्तियां 10 डिग्री झुकीं

टीम एक्शन इंडिया/रुद्रप्रयाग
उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित तुंगनाथ शिव मंदिर का स्ट्रक्चर धीरे-धीरे झुकता जा रहा है। आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (अरक) के अनुसार मंदिर के स्ट्रक्चर में 6 डिग्री जबकि इसकी मूर्तियों में 10 डिग्री का झुकाव आया है। 12 हजार 800 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह मंदिर दुनिया का सबसे ऊंचाई पर बना शिव मंदिर है। मंदिर के झुकने को लेकर एएसआई ने केंद्र सरकार को जानकारी दे दी है। सरकार को सुझाव दिया गया है कि इस स्मारक को संरक्षित घोषित किया जाए। इस सुझाव के बाद तुंगनाथ मंदिर को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा देते हुए संरक्षित घोषित किए जाने की कार्यवाही शुरू हो चुकी है। अब एएसआई मंदिर के झुकने की वजह तलाश रही है। एएसआई के अधिकारी फिलहाल जमीन के खिसकने या धंसने को ही मंदिर के झुकाव का कारण मान रहे हैं। एएसआई के अधिकारी फिलहाल जमीन के खिसकने या धंसने को ही मंदिर के झुकाव का कारण मान रहे हैं।
मंदिर को रिपेयर करने के पक्ष में प्रबंधनः रिपोर्ट्स के अनुसार, बद्री केदार मंदिर समिति की बैठक में मंदिर के इस मुद्दे को उठाया गया।
समिति इस मंदिर को सही कराने के पक्ष में है। प्रबंधन मंदिर को रिपेयर करने के लिए अरक की मदद को तैयार है लेकिन वह पूरी तरह से मंदिर आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को सौंपने को तैयार नहीं है।

मंदिर गिरने का खतरा, एक्सपर्ट्स की सलाह लेंगे

एएसआई के सर्वे में तुंगनाथ शिव मंदिर के स्ट्रक्चर में 6 डिग्री जबकि परिसर के अंदर बने छोटे-छोटे स्ट्रक्चर और मूर्तियों में 10 डिग्री का झुकाव देखने को मिला है। एएसआई के अधिकारियों का कहना है कि मंदिर गिर भी सकता है। एएसआई के सुपरिटेंडेंट मनोज कुमार सक्सेना ने बताया कि वह मंदिर के झुकाव की वजह जानने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद संभव हुआ तो मंदिर को रिपेयर करने की कोशिश करेंगे। मंदिर की नींव के पत्थर बदलने के लिए एक्सपर्ट्स की सलाह ली जाएगी। इसके अलावा मंदिर की गहराई से जांच के बाद एक विस्तृत कार्य कार्यक्रम तैयार किया जाएगा। एएसआई के अधिकारी फिलहाल जमीन के खिसकने या धंसने को ही मंदिर के झुकाव का कारण मान रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक्सपर्ट्स से सलाह के बाद क्षतिग्रस्त नींव के पत्थरों को बदला जाएगा।

सत्यपाल मलिक के करीबियों पर रेड

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
दोनों स्कैम उस वक्त का है, जब मलिक 23 अगस्त 2018 से लेकर 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। जम्मू-कश्मीर के इंश्योरेंस और किरू हाइड्रो प्रोजेक्ट स्कैम से जुड़े केस में सीबीआई ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर, दिल्ली और राजस्थान में 12 ठिकानों पर छापेमारी की। तलाशी सत्यपाल मलिक के मीडिया सलाहकार रहे सुनक बाली के घर भी हुई। मलिक ने इस पर कहा- यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सीबीआई इस मामले में

शिकायतकर्ता को परेशान कर रही है। सुनक बिना किसी सरकारी वेतन के जम्मू-कश्मीर में मेरे सेक्रेटरी थे। ये मामला तब सामने आया था जब सत्यपाल मलिक 23 अगस्त 2018 से लेकर 30 अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। मलिक ने खुद इस मामले की शिकायत की थी।

उन्होंने कहा था कि फाइलों को मंजूरी देने के बदले उन्हें 150-150 करोड़ रुपए की पेशकश की गई थी। सीबीआई ने इस पर केस दर्ज किया था। सत्यपाल मलिक के भी बयान दर्ज किए थे। सत्यपाल मलिक केंद्र सरकार की काफी आलोचना करते रहे हैं। ये बात उन्होंने तब कही थी, जब वह 2021 में मेघालय के राज्यपाल थे। सत्यपाल मलिक केंद्र सरकार की काफी आलोचना करते रहे हैं। ये बात उन्होंने तब कही थी, जब वह 2021 में मेघालय के राज्यपाल थे।

जांच एजेंसी की कार्रवाई

राजस्थान, एमपी समेत 100 से अधिक ठिकानों पर तलाशी, रेड में 200 अफसर रहे शामिल

गैंगस्टर-आतंकी कनेक्शन को लेकर एनआईए की 6 राज्यों में छापेमारी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
एनआईए ने बुधवार को देशभर के 6 राज्यों में 100 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई आतंकवादी-गैंगस्टर और नशीले पदार्थ के स्मगलर्स के नेक्सस मामले में चली। करीब 200 अफसर हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में स्थानीय पुलिस के साथ संदिग्धों के परिसरों पर छापेमारी की कार्रवाई की। रिपोर्ट के मुताबिक, पंजाब और चंडीगढ़ में 65 जगह पर एनआई का छापा पड़ा। वहीं उत्तर प्रदेश में भी 3 जगह, राजस्थान में 18 जगह और मध्य प्रदेश में 2 जगह पर एनआईए ने छापेमारी की। एनआईए का

पिछले तीन दिनों में यह दूसरा बड़ा सर्च ऑपरेशन है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर में टेरर फंडिंग को लेकर एनआईए ने छानबीन की थी।
पिछले साल दर्ज मामलों पर छापेमारीः एनआईए की तरफ से ये छापेमारी पिछले साल दर्ज किए गए तीन अलग-अलग मामलों के सिलसिले में की जा रही है। एजेंसी ने इस साल 25 जनवरी को दीपक रंगा को गिरफ्तार किया था। दीपक मई 2022 में मोहाली स्थित पंजाब पुलिस के इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर पर हमले का मुख्य आरोपी था।
इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर पर हमले के अलावा दीपक कई अन्य आतंकवादी और आपराधिक मामलों में भी शामिल रहा है। उस पर विदेशों में बैठे आतंकियों से भी संबंध रहे हैं। वह कनाडा में गैंगस्टर से आतंकी बने लखबीर सिंह संधू उर्फ लांडा और पाकिस्तान में रह रहे आतंकी हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा का भी करीबी सहयोगी रह चुका है।
हरियाणा में संदिग्ध ठिकानों पर एनआईए की टीम लोकल पुलिस के साथ सर्च ऑपरेशन करने पहुंची।
विदेश में बैठे आतंकी गैंगस्टर्स की कर रहे थे मददः जांच एजेंसी को जब इस बात का पता चला कि विदेशों में स्थित आतंकवादी संगठन देश के उत्तरी राज्यों में हत्याओं और हिंसक घटनाओं को अंजाम देने के लिए नेताओं और संगठित आपराधिक गिरोहों के सदस्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। तब एनआईए ने 20 सितंबर 2022 को खुद ही मामला दर्ज किया था। यह भी सामने आया था कि आतंकी-गैंगस्टर-ड्रग तस्कर नेटवर्क बंदूक चलाने वालों, अवैध हथियार और गोला-बारूद बनाने वालों के माध्यम से सीमा पार आतंकवादी हार्डवेयर, जैसे हथियार, गोला-बारूद विस्फोटक, आईईडी आदि की तस्करी में लगा हुआ था।

राज्यपाल ने फिजियोथेरेपी केन्द्र का शुभारंभ किया

टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, जो राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष भी हैं, ने गत दिवस हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस भवन में फिजियोथैरेपी केन्द्र का शुभारंभ किया। इस केन्द्र के खुलने से रोगियों को यहां ऑथोर्पीडिक फिजियोथैरेपी, न्यूरोलॉजीकल फिजियोथैरेपी और दर्द प्रबन्धन से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध होंगी। लेडी गवर्नर एवं राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण शाखा की अध्यक्ष जानकी शुक्ल भी इस अवसर पर उपस्थित थीं। रेडक्रॉस के सदस्यों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि रेडक्रॉस एक ऐसी पवित्र संस्था है जिसके लिए समाज की सेवा ही सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समाज को कुछ देने के भाव से ही लोग इस संस्था से जुड़ते हैं। उन्होंने कहा कि जब हम समाज के लिए कार्य करते हैं तो यह उन्नति करता है। जब समाज आगे बढकर कुछ देता है तो इससे राष्ट्र आगे बढ़ता है। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश

की पहचान यहां की देव संस्कृति एवं स्वच्छ वातावरण से है और इसी कारण राज्य में बड़ी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों को नशामुक्ति में अपना सक्रिय सहयोग देना चाहिए। उन्हें ऐसे बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों के साथ मिलकर इन युवाओं को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करना चाहिए और सही मायने में समाज के लिए यही उनकी सेवा होगी। उन्होंने सदस्यों से हिमाचल को टी.बी. मुक्त बनाने में सहयोग देने का भी आग्रह किया।

राज्यपाल ने राज्य रेडक्रॉस को निर्देश दिए कि रेडक्रॉस भवन में सदस्यों के नाम एवं मोबाइल नंबर अंकित किए जाने चाहिए ताकि आपसी सम्पर्क एवं सहयोग से सोसायटी के कार्य को और प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके। उन्होंने अधिक से अधिक रक्तदान शिविर लगाने पर भी बल दिया। इस अवसर पर रोगियों के लिए मैमोग्राफी स्क्रीनिंग और एक्यूपंक्चर थैरेपी का भी शुभारंभ किया गया।

इससे पूर्व राज्यपाल के सचिव एवं राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव राजेश शर्मा ने राज्यपाल का स्वागत किया और केन्द्र की गतिविधियों से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी एवं राज्य रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्य कमलेश ठाकुर, राष्ट्रीय रेडक्रॉस प्रबन्धन समिति की सदस्य डॉ.साधना ठाकुर, राज्य रेडक्रॉस की मानद सचिव डॉ.किम्मी सूद सहित रेडक्रॉस के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य इस अवसर पर उपस्थित थे।

उद्योग मंत्री 18 मई से 20 मई तक रहेंगे सिरमौर प्रवास पर

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

उद्योग, संसदीय मामले एवं आयुष मंत्री हर्षवर्धन चौहान 18 मई से 20 मई तक सिरमौर जिला के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान उद्योग मंत्री जहां जन-समस्याएं सुनेंगे वहीं कालाआम में चैंबर आफ कॉमर्स की बैठक में भाग लेने के अलावा पांवटा साहिब में आयोजित होने वाले बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उद्योग मंत्री 18 मई को दोपहर एक बजे नाहन में जन समस्याएं सुनेंगे।

इसके पश्चात सायं 3 बजे कालाआम में चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक में भाग लेंगे। हर्षवर्धन चौहान 19 मई को प्रातः 9:30 बजे सतौन में, 11 बजे कफोटा में और दोपहर 12:45 बजे जाखना में जन-समस्याएं सुनेंगे।

राजगढ़ में ट्रक से शराब व बीयर की 120 पेटियां बरामद

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

जिला सिरमौर पुलिस ने एक ट्रक से 120 पेटियां शराब अवैध रूप से ले जाई जा रही बरामद करने में सफलता प्राप्त की। जिला पुलिस की एसआईयू टीम ने राजगढ़ खैरी में धरोटी के समीप एक ट्रक से अवैध रुप से ले जाई जा रही 120 पेटियां, जिसमें अंग्रेजी, देसी व बीयर शराब बरामद की है। पुलिस दल ने प्रातः करीब सात बजे राजगढ़ की खैरी की तरफ जा रहे ट्रक एचपी 08 ए -6044 तथा उसके आगे एस्कार्ट में चल रही एक कार एचपी-35 -4303 को जब एसआईयू की टीम ने रोका तो ट्रक से लगभग 120 पेटियां अवैध शराब की बरामद की। जिसमें 15 पेटियां रायल स्टेग, 20 पेटियां रायल जनरलए 60 पेटियां किंग फीशर बीयर व 25 पेटियां देशी शराब संतरा मार्का शामिल है। यह सारी शराब

चंडीगढ़ में ही बिकने वाली लिखा गया है।

यह शराब बाहरी राज्य से लाई जा रही थी पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उप पुलिस अधीक्षक अरुण मोदी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि इस मामले में तीन लोगों ट्रक चालक गोपाल निवासी रुस्ला नेरवा व कार में सवार चालक संदीप कुमार चालक निवासी कोटागण चौपाल तथा कुलदीप कुमार लुधियाना संगड़ाह के विरुद्ध मामला दर्ज करके आगामी कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है।

औहर स्कूल में नशे के खिलाफ निकाली रैली

टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औहर में साईनर्जी यूथ आगेर्नाइजेशन के तहत एनसीसी कैडेट्स के द्वारा रैली के माध्यम से आपस के लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। एनसीसी अधिकारी अब्दुल मजीद के नेतृत्व में कैडेट्स ने नशे की मार सबसे बड़ी मार, नशा मीठा जहर है, जैसे स्लोगन लिखकर हाथों में बैनर व गत्ते के बोर्ड उठाकर स्कूल परिसर से रैली की शुरूआत की और औहर गांव से होते हुए स्कूल परिसर में पहुंच कर संपन्न हुई। स्कूल के बच्चों ने जगह जगह रैली को रुकवाकर लोगों को विभिन्न नशों से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी

दी। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य नीलम वर्मा ने बच्चों को संबोधित किया और कहा कि हम सब को नशे की लत से दूर रहना चाहिए।

आरबीआई ने जकातखाना में लगाया साक्षरता जागरुकता शिविर

टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जकातखाना में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वितीय साक्षरता विषय पर जागरुकता शिविर के दौरान खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में करीब 10 विद्यालयो के करीब 20 बच्चों ने इस मे भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जकातखाना के ओम गोरा तथा खुशबू रही। जबक द्वितीय स्थान पर बस्सी स्कूल के इशांत एवं आर्यन रहे। तृतीय स्थान पर मानसी तथा सिमरन रहे। इस मौके पर अशोक कुमार गुप्ता अग्रणी जिला प्रबंधक यूको बैंक बिलासपुर, एमआर भारद्वाज निदेशक यूको आर सेटी बिलासपुर, बीडी सांख्यान एफएलसी बिलासपुर व स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार द्वारा प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अशोक कुमार गुप्ता, अग्रणी जिला प्रबंधक ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी और बच्चो को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद था।

निर्माण कार्य से पानी के प्राकृतिक स्त्रोत हुए बन्द

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

समाजसेवी व शिलाई विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार रह चुके नाथूराम चौहान ने नाहन में पत्रकार वार्ता के जरिए जिला की कई समस्याओं को उजागर किया है। इनका कहना है कि इन समस्याओं को लेकर ना तो जिला के जनप्रतिनिधि और ना ही सरकार गंभीर है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए नाथूराम चौहान ने कहा कि एनएच 707 पांवटा साहिब शिलाई के निर्माण कार्य में भारी खामियां बढ़ती जा रही है। मगर इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियमों को दरकिनार कर एनएच निर्माण में भारी मात्रा में ब्लास्टिंग की जा

रही है जिससे लगातार पहाड़ दरक रहे है। उन्होंने यह भी कहा कि इस निर्माण कार्य के दौरान हजारों हरे पेड़ों की बलि चढाई जा रही है जिससे पर्यावरण को बढ़ा नुक्सान पहुंच रहा है। नाथूराम ने कहा कि यह देश का चौथा व हिमाचल प्रदेश का पहला ग्रीन कॉरिडोर मार्ग बनने जा रहा है मगर अभी से ही यह अनदेखी का शिकार हो रहा है। चौहान ने कहा कि सिरमौर जिला में हरिपुरधार रेणुका जी जैसे कई धार्मिक व पर्यटन स्थल है मगर सड़कों की बदहाली के कारण यहां तक पर्यटक व श्रद्धालु नहीं पहुंच पाते हैं और बदहाली के कारण कई हादसे इन सडकों पर हो चुके हैं वहीं उन्होंने प्रदेश की सबसे बड़ी प्राकृतिक रेणुका जी झील की दुर्दशा पर भी चिंता जताई।

न्यूज फ्लैश

बिलासपुर जिला में बच्चो को कुपोषण मुक्त करने के लिए चलाया जाएगा विशेष अभियान

टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर जिला में बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने आज महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में अध्यक्षता करते हुए। इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम गठित कर टास्क फोर्स बनाया जाएगा। जिसके तहत जिला स्तर के अधिकारियों से लेकर आंगनवाड़ी कार्यकताओं को विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी और कुपोषण की स्थिति जांचने के लिए जिसमें नाटापन, निर्बलता और कम वजन जैसे लक्षणों को मापने के लिए नए डब्ल्यूएचओ के गाइडलाइंस के अतिरिक्त नए आयाम स्थापित किए जाएंगे ताकि यह आयाम सही आंकड़े उपलब्ध करवा सके। उन्होंने बताया कि मार्च 2023 तक बिलासपुर जिला में अति गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या 24 है जबकि अति कुपोषित बच्चों की संख्या 142 है उन्होंने विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा है कि गत 1 वर्ष में राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत मिशन से जुड़े सभी लोगों की मदद से अति गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या 46 से घटकर 24 रह गई है जबकि अति कुपोषित बच्चों की संख्या 217 से घटकर 142 रह गई है। इस बैठक में महिला एवं बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

बीसीए-पीजीडीसीए के विद्यार्थियों के लिए सेमीनार आयोजित

टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा

स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय घुमारवीं में बीसीए तथा पीजीडीसीए विभाग की ओर से पीजीडीसीए के प्रथम सत्र के विद्यार्थियों के लिए एक सेमिनार का सफल आयोजन किया गया इस शीर्षक था कैरियर अपॉर्चुनिटी इन द फील्ड ऑफ कंप्यूटर साइंस। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण, एचईआईएस सेक्रेटरी प्रो. सुरेश शर्मा, बीसीए-पीजीडीसी, कोऑर्डिनेटर डॉ.सूर्यकांत विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोग्राम कृष्ण ने किया। इस कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में मोहाली चंडीगढ़ स्थित नोवेन कंट्रोल प्राइवेट लि. नामक कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर मनी शर्मा, मार्केटिंग हेड मनीष और असिस्टेंट मैनेजर महेश शर्मा उपस्थित रहे।

मेरी उमर के नौजवानों गीत पर मदहोश हुए घागस नगरी के युवा

टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर शहर के गुजरने वाले नेशनल हाईवे-205 पर स्थित घागस कस्बे में आयोजित दो दिवसीय घागस देव मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में बिलासपुर के प्रसिद्ध सुरीले गायक राजेश बबलू ने अपनी गायकी से ऐसा समा बांधा कि युवाओं सहित हर आयु वर्ग के लोग खूब मस्ती में दिखे तथा उन्होंने जमकर डांस किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उदीयमान गायिका श्रुति शर्मा ने मुस्कुराने की वजह तुम हो गीत से किया। जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। इसके बाद उन्होंने आईए मेहरबां, खाना

पीणा नंद ओ गंभरी, आज की रात होना है जो आदि गाने गाकर लोगों का खूब मनोरंजन किया। इसके बाद स्टार सिंगर राजेश बबलू ने मंच संभाला तो दर्शकों ने तालियों से उनका स्वागत किया। किशोर कुमार फेम राजेश बबलू को सुनने के लिए न सिर्फ बिलासपुर बल्कि मंडी और सोलन से भी लोग घागस पहुंचे थे। राजेश बबलू ने जैसे ही अपना पहला गीत एक हसीना थी एक दिवाना था शुरू किया तो दर्शकों ने झूमना शुरू कर दिया।

उन्होंने मेरी उम्र के नौजवानों, नीले नीले अंबर पे, देखा न हाए रे सोचा नए दिलबर मेरे कब तक मुझे, रोहड़ू जाणा मेरी आमिए, इन्हा बडिां जो तुडका लगाणा ओ ठेकेदारनि, आदि गाने आकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सोलन से आए गोगी बैंड का बेहतरीन तालमेल और राजेश बबलू की गायकी के तुडके का युवाओं ने भरपूर आनंद लिया। दर्शक शालीनता से अपने स्थान पर खड़े होकर नाचते रहे। गायक राजेश बबलू और श्रुति शर्मा ने अपने मनमोहक अंदाज से मेले की इस संध्या को यादगार बनाया तथा अपनी गायकी की अमिट छाप छोड़ी।

वहीं इस संध्या के मुख्यातिथि समाजसेवी बलदेव शर्मा ने घागस देव मेला कमेटी को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर घागस देव मेला कमेटी के प्रधान परस राम, रूप लाल ठाकुर, कृष्ण सोनी, कुलदीप ठाकुर, राजेश कौंडल, पिस्तु राम, बाबू राम भाटिया, नीलम शर्मा, दौलत राम, पवन कुमार, संजीव कुमार, सुरेश कुमार, जगदीश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

80 पदों की भर्ती के लिए 18 मई को आईटीआई नाहन कैंपस में इंटरव्यू

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

जिला रोजगार अधिकारी सिरमौर संदीप ठाकुर ने बताया कि मैसर्ज एजिस प्रिसिजन प्राईवेट लि.काला आम द्वारा 80 पदों पर भर्ती के लिए 18 मई को आईटीआई नाहन में कैंपस इंटरव्यू लिये जाएंगे। साक्षात्कार में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा आईटीआई फीटर के 28 पद, आईटीआई इलैक्ट्रिशियन के 12 तथा आईटीआई पलंबर के 10 पदों पर भर्ती की जाएगी।

बिलासपुर में कंस देवकी प्रसंग सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर

नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही श्रीमद भागवत कथा में प्रवचन करते हुए पंडित संदीपन वशिष्ठ ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म और कंस-देवकी के भाई बहन के रिश्ते को लेकर कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि कंस हमारी भारतीय पौराणिक कथाओं के सबसे बड़े खलनायकों में से एक है। उसके पापकर्म इतने प्रबल, निष्ठुरता इतनी गहन और अत्याचार इतने अमानवीय थे कि द्वापर काल उसके नाम से कांप गया था। अपनी ही बहन देवकी की सात संतानों की निर्मम हत्या

कर उसने इतिहास में कंस मामा का नाम पाया। आज भी जब कोई मामा अपने रिश्तों की मयार्दा लांघता है, तो उसे कंस मामा की उपाधि दी जाती है। उन्होंने कहा कि कंस वास्तव में अपनी बहन देवकी से बहुत ज्यादा स्नेह करता था। देवकी के प्रति उसका प्रेम इतना गहन था कि विवाह के बाद उसकी विदाई के समय स्वयं कंस ने अपनी बहन की डोली अपने कंधों पर उठाई थी। देवकी की संतानों द्वारा मृत्यु को प्राप्त होने की आकाशवाणी के बाद कंस भयभीत हुआ और उसने ऐसे अत्याचार किए, जिनकी इतिहास में किसी से न तुलना की जा सकती है न ही कल्पना। उन्होंने कहा कि धर्मप्रिय माताण्पिता की संतान होते हुए भी उसमें ऐसी आसुरी प्रवृत्तियां कैसे जागृत हुई, जिस बहन को वह प्राणों से अधिक प्यार करता था, उस पर ही अत्याचार कैसे कर सका। पौराणिक कथाओं के अनुसार कंस मथुरा के राजा उग्रसेन और रानी पद्मावती का पुत्र था। मथुरा नरेश उग्रसेन स्वभाव से अत्यंत धार्मिक थे।

खरकड़ी गांव में लोगों ने किया सौ साल पुरानी बावड़ी का जीर्णोद्वार

I.H.P. NAVAL UNIT NCC
AUHAR TROOP

टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर

श्री नयना देवी जी में ग्रामीणों ने मिलकर की 100 साल से ज्यादा पुरानी बावड़ी का जीर्णोद्धार कर मिसाल पेश की है। जिससे गर्मियों के दिनों में चिलचिलाती गर्मी में पशु पक्षियों और स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी।

जिला बिलासपुर की ग्राम पंचायत खरकड़ी के उपप्रधान कमल सहगल और स्वयं सहायता समूह और संत निरंकारी मिशन के सभी सदस्यों ने मिलकर एक एक बहुत बड़ी मिसाल पेश की है। यह बावड़ी आज से लगभग 100 साल पहले बनी हुई कि जिस को कई बार लोगों के सहयोग से साफ किया जाता था परंतु यह बाबड़ी दस पंद्रह सालों से बंद हो चुकी थी, जिसमें काफी मलवा पड़ा हुआ था। जैसे ही यहां पर जंगली जानवरों छोटेण्छोटे पशु पक्षी और पालतू जानवरों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं थी, वैसे ही लोगों ने मिलकर इस बावड़ी को साफ करने का निर्णय लिया और सभी ने इस कार्य को बहुत ही सही तरीके से किया। सभी ने यह निर्णय लिया कि आगे के लिए भी हम समाज के लिए ऐसे ही कार्य करते रहेंगे। जिसमें संत निरंकारी मिशन के मुखिया गुरदयाल सिंह, विजय कुमार, कमल देव, देवराज और अन्य सदस्यों ने भाग लिया और साथ ही में स्वयं सहायता समूह की सचिव पूनम देवी, रीना देवी, रानू देवी और अन्य सहायता समूह के सदस्यों ने और साथ ही समाजसेवी दीपक कुमार, संध्या देवी, देवी राणा और अन्य महिलाओं ने भी भाग लिया।

जीवन में गुरू का होना अति महत्वपूर्ण : कथावाचक पंडित बृजेश गोस्वामी

टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर

ग्राम पंचायत औहर के जनप्रतिनिधियों द्वारा जन कल्याण के लिए करवाई जा रही श्रीमद भागवत कथा का समापन मंगलवार को हो गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन भी किया गया। पूणार्हुति के बाद अटूट विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के गांवों के सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया। वहीं कथा यज्ञ के अंतिम दिन प्रवचन करते हुए वृंदावन से सादर आमंत्रित कथावाचक पंडित बृजेश गोस्वामी ने कहा कि जीवन में गुरू का होना आवश्यक है। जीवन की कठिनाईयों को दूर करने के लिए गुरू ही रास्ता दिखाते हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भक्त/रुव की बालक अवस्था

है लेकिन वह प्रभु से मिलने की उत्कंठा लिए वन में जाकर तपस्या करनी शुरू कर देता है। जहां पर उसकी भेंट नारद से होती है जो उसको ब्रह्म ज्ञान प्रदान कर उसके घट के भीतर ही ईश्वर के प्रत्यक्ष दर्शन करवा देते हैं। उन्होंने कहा कि आज मानव भी प्रभु से मिलने के लिए तत्पर है लेकिन उसके पास प्रभु प्राप्ति का कोई भी साधन नहीं है। हमारे समस्त वेद शास्त्रों व धार्मिक ग्रंथों में

यही लिखा है कि ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति के लिए पूर्ण गुरु की शरणागति होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जब भी एक जीव परमात्मा की खोज में निकलता है तो वह सीधा परमात्मा को प्राप्त नहीं कर पाता। उन्होंने कहा अगर परमात्मा को जानना है तो नारद जैसा ही मार्गदर्शक चाहिए। कबीर जी को प्रकाशित करने वाले सूर्य रूपी गुरु रामानंद जी हैं, नरेंद्र को विवेकानंद बनाने वाले श्रेष्ठ गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी थे। इसलिए गुरु के बिना हम भी उस परमात्मा तक कदापि नहीं पहुंच सकते। गुरु संसार सागर से पार उतारने वाले हैं, उनका दिया हुआ ज्ञान नौका के समान बताया गया है। मनुष्य ज्ञान को पाकर भवसागर से पार हो जाता है। वहीं आयोजक औहर पंचायत प्रधान प्रेम लता ठाकुर और उपप्रधान रणजीत वर्धन ने बताया कि सात दिन औहर के ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर में भक्ति की बयार बही। उन्होंने सहयोग के लिए सभी इलाका वासियों का आभार प्रकट किया।

खेल प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता-विक्रमादित्य सिंह

5वीं वाइस चांसलर टी20 क्रिकेट एंप्लॉय टूर्नामेंट के समापन पर मंत्री ने कहा, प्रदेश विश्वविद्यालय के खेल मैदान के विस्तार के लिए करेंगे हर संभव प्रयास

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

लोक निर्माण, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। युवाओं को नशे और तनाव से दूर रखने के लिए खेल उचित माध्यम है। इसके चलते युवा सेवाएं एवं खेल विभाग सितंबर और अक्टूबर में ग्रामीण ओलंपियाड आयोजित करने जा रहा है जिसमें 40 हजार युवा भाग लेंगे। कैबिनेट मंत्री आज यहां हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय समरहिल के खेल मैदान में 5वीं वाइस चांसलर टी20 क्रिकेट एंप्लॉय टूर्नामेंट के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने खेल मैदान के विस्तार, रख-रखाव और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि खेल मैदान के विस्तार के लिए विभाग की तरफ से हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने प्रदेश में खेल के लिए अधोसंरचना को मजबूत करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि युवा सेवाएं एवं खेल विभाग में कोच के दर्जनों पद खाली चल रहे हैं। विभाग की तरफ से जल्द ही इनको भरने को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इससे खिलाड़ियों की प्रतिभा में भी निखार आएगा। समापन समारोह के अवसर पर उन्होंने टूर्नामेंट के आयोजकों को 25 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग देने की घोषणा भी की। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों सहित खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार भी वितरित किए। उन्होंने सभी विजेता और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम में विधायक शिमला शहरी हरीश जनारथा ने भी खेल के आयोजकों को बधाई दी और 21 हजार रुपए आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की कुल सचिव एकता काप्टा और परीक्षा नियंत्रक जे.एस.नेगी, प्रदेश विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षक और गैर शिक्षक संगठनों से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, खेल के आयोजक और विभिन्न प्रतिभागी मौजूद रहे।

बनीखेत में आयोजित होगा आषाढ़ नाग मेला

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद

प्रसिद्ध पर्यटन कस्बे बनीखेत में जिला स्तरीय आषाढ़ नाग मेले का आयोजन 21 से 24 जून तक पधर चौगान में किया जाएगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर आज एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में एक बैठक का आयोजन किया गया। मेले में जिला की समृद्ध लोक कला एवं संस्कृति को विशेष अधिमान देने का निर्णय लिया गया। साथ में यह भी निर्णय लिया कि मेले के पहले दिन एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाए। दूसरे दिन कुश्ती प्रतियोगिता और तीसरे व चौथे दिन सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि निजी और संस्थागत प्रयोजन को आयोजित की जाने वाली विभिन्न सांस्कृतिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों का हिस्सा बनाया जाए। एसडीएम अनिल भारद्वाज ने बताया कि मेले के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न उप समितियों का गठन किया जाएगा। उप समितियां विभिन्न व्यवस्थाओं का समय पर निष्पादन सुनिश्चित बनाएंगी।

आयोजन से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा के दौरान सदस्यों ने मेले का आयोजन थीम पर आधारित करने, स्मारिका का प्रकाशन, और स्थानीय विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा बहुआयामी गतिविधियां आयोजित करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य के रूप में सरकारी व गैर सरकारी सदस्यों ने मेले के बेहतर प्रबन्धन के लिए आवश्यक सुझाव दिये। बैठक में जिला लोक संपर्क अधिकारी सुभाष कटोच, जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा, तहसीलदार रमेश चौहान, जिला परिषद सदस्य पवन कुमार, पंचायत समिति सदस्य सलीमा कुमारी, प्रधान व्यापार मंडल विजेंद्र शर्मा, प्रधान ग्राम पंचायत बनीखेत और नाग शनि साईं समिति अध्यक्ष अरुण कुमार, नाग शनि साईं समिति सदस्य विशाल शेखरी सहित विभिन्न पंचायतों, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

न्यूज फ्लैश

बिलासपुर को फिर प्रथम स्थान पर लाने के लिए प्रयास जारी: डीसी

टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर

जिला सुशासन सूचकांक के तहत निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए और अंतर विभागीय कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के लिए आज उपायुक्त कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक में गत दिवस 4 अप्रैल 2023 को आयोजित बैठक के दौरान जिन विभागों द्वारा समय पर सूचना उपलब्ध नहीं करवाया अथवा किन्ही कारणों से डाटा अपलोड नहीं करवा सके उन विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। उपायुक्त ने बताया कि गुड गवर्नेंस इंडेक्स का उद्देश्य जिलों के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा शुरू करने और बेहतर नागरिक केंद्रित प्रशासन और शासन को प्रोत्साहित करने के लिए और जिलों के मजबूत और कमजोर बिंदुओं की पहचान करना है।उन्होंने सभी विभागों से अपनी कार्य प्रणाली को लगातार बेहतर बनाने और आपसी समन्वय के साथ जन उपयोगी सेवाएं प्रदान करने में अग्रणी रहने के लिए समर्पित प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि बिलासपुर जिला को जिला सुशासन सूचकांक में फिर से प्रथम स्थान पर लाने के लिए प्रयास जारी हैं। उपायुक्त ने बैठक में अधिकारियों को सभी पेंडिंग केसों को समय पर निपटाने के निर्देश दिए उन्होंने ग्रामीण विकास अभिकरण के अधिकारियों को सभी लंबित मामलों समय पर ऑडिट कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बैठक में अवगत करवाया गया कि पंजाब राज्य के साथ सीमा साझा करने वाली शाहतलाई के कुछ क्षेत्रों में प्लास्टिक का इस्तेमाल किए जाने के मामले सामने आ रहे हैं जिस पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग को शाहतलाई के आसपास के क्षेत्रों की दुकानों पर बड़े स्तर पर चालान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुशासन सूचकांक में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए 50 लाख रूपए की राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने सम्बंधित विभागों के अधिकरियों को निर्देश दिए कि सुशासन सूचकांक के तहत निर्धारित सूचकांकों में बेहतर कार्य करने के प्रयास करें ताकि जिला को प्रथम स्थान हासिल हो सके।

11वीं कक्षा की रिक्त सीटों को भरने के लिए योग्य अभ्यर्थी 31 मई तक करें आवेदन :उपायुक्त

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद

उपायुक्त एवं अध्यक्ष जवाहर नवोदय विद्यालय प्रबंधन समिति अपूर्व देवगन ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय सरोल में कक्षा 11वीं में रिक्त सीटों को भरने के लिए पाश्र्व चयन परीक्षा 22 जुलाई को आयोजित होगी।

उन्होंने बताया कि चयन परीक्षा के लिए इच्छुक योग्य अभ्यर्थी वेबसाइट के माध्यम से 31 मई तक निरूशुल्क आवेदन कर सकते हैं। इस विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय देवेश नारायण ने बताया कि अभ्यर्थी शैक्षणिक सत्र 2022-2023 अप्रैल 2022 से मार्च 2023 या जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 में कक्षा दसवीं में जिला चंबा के किसी भी सरकारी या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय से पढ़ा होने के साथ जिला चंबा का स्थाई निवासी भी होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी की आयु सीमा 1 जून 2006 से 31 जुलाई 2008 के बीच में होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त कक्षा दसवीं के परिणाम प्रतीक्षित अभ्यर्थी भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय के दूरभाष नंबर 01899-222378, 9816631206, 8580467609, 9931587588 पर संपर्क किया जा सकता है।

सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर होंगे अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की जिला स्तरीय कमेटी अध्यक्ष

टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के आयोजन की जिला स्तरीय कमेटी का पुनर्गठन कर कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के विधायक व मुख्य संसदीय सचिव ऊर्जा, प्रयर्टन, वन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर को अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की जिला स्तरीय कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। इस बारे आज अधिसूचना जारी की गई है।अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की जिला स्तरीय कमेटी के उपाध्यक्ष उपायुक्त कुल्लू होंगे जबकि मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़, बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष कुल्लू, नगर परिषद कुल्लू के प्रधान, पुलिस अधीक्षक कुल्लू व जिले के सभी विभागाध्यक्ष व जिला कुल्लू के सभी उपमंलाधिकारी सरकारी सदस्य होंगे।

अखिल भारतीय वितीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं के आर्यन व आयुषी ने बाजी मारी

टीम एक्शन इंडिया/घुमारवींधीरज शर्मा

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया शिमला द्वारा वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन खंड स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक किया जा रहा है। इसकी पहली कड़ी में खंड स्तरीय प्रश्नोत्तरी का आयोजन राजकिय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झण्डूता मे किया गया इसमें विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं के दो विधार्थी आर्यन और आयुषी कड़े मुकाबले में द्वितीय स्थान पर रहे। इनका चयन जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ। इन दोनों विद्यार्थियों को आयोजकों द्वारा 4000 रूपए की राशि प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। पाठशाला पहुंचने पर उन्हें पाठशाला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। पाठशाला की प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने विद्याथियों को बधाई दी एवं आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

बरसात से पहले करवाएं आयुर्वेदिक अस्पताल की मरम्मत

टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बुधवार को जिला आयुर्वेदिक अस्पताल हमीरपुर की रोगी कल्याण समिति आरकेएस की गवर्निंग बॉडी की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अस्पताल से संबंधित विभिन्न मुद्दों, आय-व्यय तथा आवश्यक सुविधाओं के संबंध में व्यापक चर्चा की गई। रोगी कल्याण समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश, कई मुद्दों पर हुई चर्चा इस अवसर पर समिति की आय पर चर्चा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि हिमकेयर योजना और आयुष्मान भारत योजना के तहत जिला आयुर्वेदिक अस्पताल को प्राप्त होने वाली धनराशि को भी रोगी कल्याण समिति की आय में शामिल किया जा सकता है तथा इसे अस्पताल में विभिन्न सुविधाओं पर खर्च किया जा सकता है। उन्होंने आयुर्वेद विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे आरकेएस की धनराशि का सदुपयोग करते हुए मरीजों को उच्च स्तर की सुविधाएं उपलब्ध करवाएं।उपायुक्त ने अस्पताल के भवन की छत का मरम्मत कार्य बरसात से पहले करवाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि यह भवन अभी नया है, लेकिन पानी की सही निकासी के लिए इसकी छत की तुरंत मरम्मत की आवश्यकता है। इसलिए यह कार्य बरसात से पहले पूरा हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल पंचकर्मा चिकित्सा पद्धति काफी लोकप्रिय हो रही है। पंचकर्मा करवाने के लिए काफी लोग सामने आ रहे हैं। इसको देखते हुए जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में आरकेएस के माध्यम से प्रशिक्षित मसाजर और अन्य कर्मचारी की सेवाएं ली जा सकती हैं। बैठक के दौरान आरकेएस के सभी सदस्यों ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताई। उपायुक्त ने कहा कि अस्पताल में हिमकेयर और आयुष्मान योजना के बेहतर संचालन के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य से कंप्यूटर कोर्स करने वाले प्रशिक्षुओं की सेवाएं ली जाएंगी।

मंडी जिला के साथ भेदभाव कर रही है सरकार

टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री

प्रदेश की कांग्रेस सरकार जिला मंडी के साथ सीधे तौर पर भेदभाव कर रही है। जो बड़े संस्थान खोले गए हैं उनको बंद करने के षड्यंत्र रचे जा रहे हैं जबकि बड़ी परियोजनाओं के कार्य को भी लंबित किया जा रहा है। अपने विधानसभा सराज के दौरे पर आए पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष नेता जयराम ठाकुर ने भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि खासकर मेरे विधानसभा क्षेत्र की अनदेखी हो रही है। यहां एसडीएम, बीडीओ और एक्सियन समेत कई पद खाली हैं और जो यहां अधिकारी तैनात थे उन्हें कबायली जिला लाहौल, भरमौर, पांगी और किनौर भेजा जा रहा है। स्कूलों में अध्यापकों के खाली पदों को भरा नहीं जा रहा है और बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। जिन योजनाओं के काम पूर्व सरकार के समय से चल रहे हैं उनका बजट रोक दिया गया है और बदले की भावना से विकास को प्रभावित किया जा रहा है। इस प्रकार का भेदभाव कतई सहन नहीं किया जाएगा और आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता इसका कड़ा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही इस सरकार ने ऋण का रोना रोया और मेरे ऊपर आरोप लगाते रहे कि जयराम ने इतना ज्यादा ऋण लिया। जैसे मैंने अपने घर के लिए कर्जा लिया हो। क्या आज से पूर्व में रही सरकारों ने बिना ऋण ही पांच साल काटे। मैंने पहले दो वर्ष में केवल पांच हजार करोड़ का ऋण लिया था जबकि इस कांग्रेस सरकार ने पहले तीन महीने में ही छः हजार करोड़ का ऋण ले लिया।

अब घर बैठे ही करें गृह कर का भुक्तान

टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री

मण्डी नगर निगम ने गृह कर जमा करवाने वाले भवन मालिकों को एक बड़ी राहत प्रदान करते हुए अब क्यू आर कोड स्कैन करके अपना गृह कर अदा करने की सुविधा जारी की है। इस सुविधा के चलते अब आम नागरिकों को निगम कार्यालय जाने और बिना वजह लाइन में लगने के झंझट से निजात मिलेगी। जानकारी देते हुए निगम के उप महापौर वीरेंद्र भट्ट ने बताया कि अब लोगो की सुविधा के लिए क्यूआर स्कैनर जारी कर दिया गया है तो अब लोग घर बैठे गृह कर जमा करवा सकते हैं।

1000 रुपये में बारालाचा दर्रा की सैरः पर्यटन परिवहन निगम

टीम एक्शन इंडिया/केलांग/नरेंद्र अंगारिया

देश विदेश के सैलानी अब 1000 रुपये किराया देकर बारालाचा दर्रा का दीदार कर सकते हैं। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने बारालाचा के दर्रे के लिए बस सेवा शुरू की है। हालांकि टैक्सी सेवा भी पर्यटकों के लिए उपलब्ध है लेकिन कम बजट वाले पर्यटक इस बस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। निगम ने लग्जरी बस सेवा शुरू कर दी है लेकिन अभी बस जिंगजिंगबार तक ही जा रही है। सडक की हालत ठीक होते ही 18 मई से यह बस सरचू तक जाएगी। बस सुबह सात बजे मनाली से रवाना होगी।

दिन भर पर्यटकों को घुमाने के बाद बस शाम सात बजे वापस मनाली पहुंचेगी। बस अटल टनल रोहतांग सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों की सैर करवाएगी। समर सीजन शुरू हो गया है और बाहरी राज्यों से हर रोज हजारों सैलानी मनाली होते हुए लाहुल स्पीति पहुंचने लगे हैं। हालांकि रोहतांग दर्रा पर्यटकों की पहली पसंद रहता है लेकिन अटल टनल बनने बाद शिंकुला और बारालाचा में पहुंचना आसान हुआ है। एक ओर जहां रोहतांग दर्रे के लिए परमिट की जरूरत है ।वहीं शिंकुला व बारालाचा दर्रे में बेरोकटोक जा सकते हैं।

पर्यटन निगम बस में अपने पर्यटकों को अटल टनल रोहतांग सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों की सैर करवाएगा।

अटल टनल, सिस्सू, गोंदला किला, तांदी संगम, जिला मुख्यालय केलंग, पर्यटन स्थल जिस्पा व दारचा, पटसेउ, सुरजताल झील, जिंगजिंगबार होते हुए बस बारालाचा पहुंचेगी।

फर्जी आधार कार्ड दिखा कर मंदिर में पंडित को किया गुमराह और करवा डाला बाल-विवाह

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

पांवटा साहिब में अभी कन्या पाठशाला स्कूल का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि एक और संगीन मामला शहर में चौंकाने वाला सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पांवटा शहर के बीचों बीच बने एक मंदिर में 12 मई 2023 को बाल विवाह करवाया गया। देश में बाल विवाह गैरकानूनी होने के कारण ये बड़ा मामला सामने आया है।

नाबालिग लडकी का रिकॉर्ड खंगाला गया तो लडकी सिर्फ और सिर्फ 14 साल की है, जो सरकारी कागज है वो चीख चीख कर बयान कर रहा है। वही आधार कार्ड से छेड़छाड़ कर मंदिर के पंडित को भी बेवकूफ बनाया गया। पंडित से बात की गई तो उन्होंने कहा कि शादी आधार कार्ड को मध्यनजर मानते हुए करवाई गई थी, लेकिन आधार कार्ड में छेड़छाड़ से अनजान पंडित ने शादी करवा दी। वहीं नाबालिग लडकी की मां ने पहले ही पुलिस स्टेशन में शिकायत दी थी जिस पर पुलिस किडनैपिंग की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर चुकी है। नाबालिग की माता की बात माने तो लडकी की उम्र मात्र 14 साल है और पंचायत रिकार्ड में भी पंचायत सचिव ने इस बात की पुष्टि करते हुए जन्म प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया। जिसमें लडकी की उम्र 14 साल है। वही नाबालिक लडकी की माता ने बताया की लडके और उसकी मां ने लडकी को बहलाया फुसलाया और लडकी की जन्म तिथि आधार कार्ड में बदलवा डाली। अब शादी के बाद लडका नाबालिग लडकी को लेकर फरार हो गए। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले को किस प्रकार कार्यवाई करता है। हालांकि डीएसपी पांवटा से बातचीत की गयी तो उन्होने बताया कि वे मामले की तह तक पहुँच चुके है। पुलिस ने अपहरण की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया और छानबीन जारी है। पुलिस की एक टीम लगातार काम कर रही है और साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

चार जिलों के जनप्रतिनिधि विकास खंड गोहर के दो दिवसीय दौरे पर, पंचायत प्रतिनिधियों ने जाने विकास कार्य

टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा

मंडी जिला के गोहर विकास खंडों की विभिन्न पंचायत में हुए मनरेगा और अन्य मदों के कामों को देखने के लिए पंचायत राज विभाग के आला अधिकारियों व पंचायतीराज संस्था से जुड़े प्रतिनिधियों का तांता लगना आरंभ हो गया है। मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल जिला चंबा, कांगड़ा, ऊना व हमीरपुर से संबंधित पंचायत समिति सदस्य, पंचायत प्रधान, उपप्रधान, सचिव तथा तकनीकी स्टॉफ विकास खंड गोहर की प्रवेश द्वार की पंचायत चैलचौक पहुंचे और चैलचौक होते हुए शाला, कांढा बगस्याड, बुंग रैलचौक और मुरहाग पंचायतों में हुए शानदार कार्यो को जाना, देखा और अनेकों आवयश्क जानकारी भी जुटाई। उन्होंने पंचायतों में हो रहे सभी कामों की सराहना की तथा अपनी अपनी पंचायत क्षेत्रों में भी इसी तर्ज पर काम करने की बात कही। पंचायतीराज प्रशिक्षण केंद्र बैजनाथ के प्रिंसिपल रविंद्र चौधरी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधियों का चैलचौक पंचायत की प्रधान इंद्रा देवी व उपप्रधान मृगेंद्र पाल ने फूलमालाओं से स्वागत किया। इन दिनों बैजनाथ में चार जिलों के पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण चल रहा है व एक्सपोजर प्राप्त करने गोहर आए हैं। इस दौरान उन्होने चैलचौक पंचायत में एक करोड़ की लागत से बन मुख्यमंत्री लोकभवन व इंडोर स्टेडियम का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होने मुराहग का मनरेगा पार्क में नौकायान और टॉय ट्रेन की सवारी का मजा भी लिया, शाला व बुंग रैलचौक पंचायत में बने पंचायत भवन व रेस्ट हाउस, अध्यात्मिक मार्ग, शिवधाम पंचवटी चमौनी नाला, साइक्लोन शैल्टर, शैल्फी प्वांइट, छोई वाटर फॉल, मोक्षधाम देखे। पंचायतीराज प्रशिक्षण केंद्र बैजनाथ के प्रिंसिपल रविंद्र चौधरी ने बताया कि गोहर विकास खंड में पंचायत प्रतिनिधियों को लाने का मतलब उन्हे यहां के विकास कार्यों में हुए विकासात्मक कार्यों को दिखाना था। पंचायत प्रतिनिधियों ने सभी कामों को बखूबी देखा समझा, जाना और अनुभव लिया है। गोहर की तर्ज पर काम करने का प्रण भी प्रतिनिधियों ने लिया है।

काम देख कर चकित हुए पंचायत प्रतिनिधि

गोहर विकास खंड में हुए कामों को देखकर भटियात के पंचायत प्रतिनिधि चकित रह गए। अधिकतर पहली बार चुनकर आए प्रधानों ने धरातल पर हुए कामों को समझा और नया अनुभव प्राप्त किया। ऊना विकास खंड की मदनपुर पंचायत के प्रधान गुरबचन सिंह, हरोली की पंचायत बड़ेढा की प्रधान नीलम कुमारी, सिहाणा के प्रधान सुनील कुमार, भटियात के प्रधान सुरेंद्र कुमार, चंबा मेहला के प्रधान कुलदीप सिंह, सुजानपुर के प्रधान अश्विन कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि उन्होने पहली बार प्रदेश का ऐसा विकास खंड देखा जहां विकास के काम ही नहीं हो रहे हैं, बल्कि विकास कार्यो की गाथा लिखी जा रही है। इन कामों को देखकर सभी प्रतिनिधियों को अपनी पंचायतों में काम करने जिज्ञासा और नयी उर्जा प्रदान हुई है। उन्होने पीआरआई के प्रिंसीपल रविंद्र चौधरी द्वारा भ्रमण करवाने के लिए अभार व्यक्त किया है।

विकास की गाथा देख चुके हैं आला अधिकारी भी

उपायूक्त मंडी, एसपी मंडी, अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण विकास विभाग, सचिव, महाधिवक्ता हाई कोर्ट, पुर्व अतंरिम महाधिवक्ता धर्मचंद चौधरी, विकास खंड काजा, डीओडीआरडी बिलापुर, सिरमौर, मंडी, कुल्लू के नगर ब्लाक, बंगाणा व ऊना के बीडीओ, पीओ डीआरडी बिलासपुर भी यहां का एक्सपोजर विजिट कर चुके हैं। खंड विकास अधिकारी गोपीचंद पाठक ने बताया कि गोहर की अनेकों पंचायतों में मनरेगा कंनवर्जेस के तहत करोड़ों रुपए से हुए विकासात्मक कामों के आधार पर गोहर की अनेक पंचायतें अब प्रदेश और देश में ख्याति बटोरने की ओर अग्रसर हैं।

पीआरआई बैजनाथ में प्रशिक्षण के दौरान एक्सपोजर विजिट पर आए प्रदेश के चार जिलों के पंचायत प्रतिनिधियों का प्रतिनिधिमंडल गोहर में हुए विकास कार्यो को जानते हुए

ऊना, 18 मई 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

5जी तकनीक से शिक्षा क्षेत्र में आएंगे बदलाव: सीएम

मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में हमीरपुर छात्र संघ के समारोह की अध्यक्षता की

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में हमीरपुर छात्र संघ के एक समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश में 5जी तकनीक के बाद अब राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी बदलाव लाने जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के शिक्षण संस्थानों में नए तकनीकी पाठ्यक्रम भी शुरू करने जा रही है, ताकि भविष्य में युवाओं को बेहतर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि रोबोटिक्स, ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग डेटा, नालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे पाठ्यक्रम युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए चरणबद्ध तरीके से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल शुरू किए जा रहे हैं। इनमें प्री-नर्सरी कक्षाएं भी शुरू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए राज्य सरकार ने 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है ताकि गरीब छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित न रहें। इसके लिए उन्हें एक प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 6000 अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ दि स्टेट का दर्जा देकर उन्हें कानूनी अधिकार दिए गए हैं। इन बच्चों की 27 वर्ष की आयु तक देखभाल करना सरकार की जिम्मेदारी होगी। इन बच्चों की फीस, छात्रावास का खर्च, 4000 रुपये प्रति माह जेब खर्च, कपड़ा भत्ता और त्योहार भत्ते के साथ-साथ वर्ष में एक बार 15 दिन के एक्सपोजर विजिट का खर्च भी राज्य सरकार वहन करेगी। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को 50 करोड़ रुपये का अतिरिक्त अनुदान दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने संसाधनों का सही इस्तेमाल नहीं किया, जिससे प्रदेश की आर्थिक स्थिति खराब हुई है। लेकिन वर्तमान सरकार ने व्यवस्था को दुरुस्त करने का संकल्प लिया है और आर्थिक सूझबूझ भरे फैसले लेकर अगले चार वर्षों में हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार का हरित बजट इसी दिशा में उठाया गया कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे भी इसी विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं और यहीं से कानून की पढ़ाई की है। उन्होंने कहा कि उनके साथ अध्ययन करने वाले कई छात्र राजनीति के साथ.साथ अन्य क्षेत्रों में भी प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के समय से उनके कई सहयोगी इस विश्वविद्यालय में प्राध्यापक के रूप में कार्यरत हैं।

मुख्यमंत्री ने सूखे पेड़ों को चिन्हित करने व कटान के लिए मानक तैयार करने के निर्देश दिए

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को वनों में सूखे वृक्षों को चिन्हित करने की प्रक्रिया को दैनिक आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री आज यहां हिमाचल प्रदेश राज्य वन विकास निगम के अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पेड़ों को प्रतिदिन चिन्हित करने का कार्य वन मंडलाधिकारियों की निगरानी में किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यह कार्य समय पर पूरा हो। कोताही बरतने पर राज्य सरकार द्वारा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वन मण्डलाधिकारियों को चिन्हित सूखे पेड़ों की सूची तैयार कर 15 जून, 2023 तक हिमाचल प्रदेश राज्य वन निगम को भेजने के निर्देश दिए ताकि इन्हें समय पर काटा जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस संबंध में मानक परिचालन प्रक्रिया तैयार करने के व इसे शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सूखे पेड़ों को काटने में देरी के कारण ये पेड़ जंगलों में ही सड़ जाते हैं जिसके कारण प्रदेश को प्रतिवर्ष एक हजार करोड़ रुपये का नुकसान होता है। उन्होंने अधिकारियों को इस प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि अवैध कटान पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने वन निगम के अधिकारियों की शक्तियों के युक्तिकरण करने के निर्देश दिए ताकि इमारती लकड़ी को वन निगम के नजदीकी डिपो तक ले जाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उत्पादकता में वृद्धि के लिए वन निगम के कर्मचारियों के युक्तिकरण तथा आधुनिक तकनीक के उपयोग के निर्देश भी दिए।

सुंदर सिंह ठाकुर ने जिला स्तरीय बंजार मेला का किया उद्घाटन

टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी
मुख्य संसदीय सचिव वन, उर्जा, पर्यटन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने आज बंजार के कला केंद्र में जिला स्तरीय पांच दिवसीय बंजार मेला का उद्घाटन किया। इससे पूर्व उन्होंने यहां उपस्थित श्रृंगा ऋषि देवता सहित अन्य देवताओं के समक्ष शीष नवाया।इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मेले हमारी समृद्ध संस्कृति के द्योतक हैं, बंजार का मेला श्रृंगा ऋषि सहित समस्त देवताओं के मिलन का पर्व है। उन्होंने कहा कि श्रृंगा ऋषि राज ऋषि के रूप में भी जाने जाते हैं।

बिजली बोर्ड प्रबंधन कर रहा राज्य सरकार द्वारा लिए फैसलों को जारी करने में आनाकानी

▶▶ कामेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल करना प्रदेश सरकार का कर्मचारी हित मे लिया गया राजनीतिक फैसला है

टीम एक्शन इंडिया/गोहर/ सुभाग सचदेवा
हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड इम्प्लॉइज यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष ने बिजली बोर्ड प्रबंधन वर्ग पर प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारी हित मे लिए गए राजनीतिक फैसलों के कार्यन्वयन व धरातल तक पहुंचाने में देरी का आरोप लगाया है। यह बात उन्होंने गोहर मंडल के कर्मचारी संघ के चुनावों के दौरान श्री दुर्गा मंदिर गोहर में आयोजित बिजली कर्मचारियों के सम्मेलन में कही। यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष कामेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाल करना प्रदेश सरकार का कर्मचारी हित मे लिया गया एक राजनीतिक फैसला है इसमें अफसरशाही के चलते बोर्ड किन्तु.परंतु कर रहा है। उन्होंने कहा बिजली बोर्ड में सी.सी.एस. पेंशन रूलए 1972 वर्ष 1972 में ही प्रदेश सरकार की तर्ज पर लागु हो गए थे। इसलिए प्रदेश सरकार द्वारा रुल में किये गए संशोधन भी स्वतः ही बिजली बोर्ड में लागू होते रहे है। वर्ष 2003 में इन रुल्ज मे नई पेंशन बारे किये गए प्रावधान को बोर्ड में लागू किया गया था अब इसको फिर से प्रदेश सरकार द्वारा संशोधित किया गया जिसे यथा स्थिति में लागू करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार द्वारा यह राजनीतिक फैसला राज्य की खराब वित्तिय स्थिति के बावजूद कर्मचारी हित मे लिया गया फैसला है इसके क्रियान्वयन में अफसरशाही द्वारा वित्तिय स्थिति का बहाना बनाना सरकार की मंशा व कर्मचारियों की भावनाओं के अनुरूप नहीं है।

उन्होंने कहा बिजली बोर्ड में वर्ष 2003 के बाद को कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को मिलाकर नियुक्त हुए लगभग 9000 कर्मचारी प्रदेश सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से लाभान्वित होंगे लेकिन बिजली बोर्ड में इसके लागू करने मे की जा रही देरी से कर्मचारियों में अभी संशय बना है। यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष ने बोर्ड प्रबंधन से मांग की है कि अप्रैल माह के कर्मचारियों के वेतन से कटा गया न्यू पेंशन शेयर को छैक्स में जमा न किया जाए।

बिजली बोर्ड़ में भी शीघ्र पुरानी पेंशन की अधिसूचना जारी कर कर्मचारियों से प्रदेश सरकार की तर्ज पर ऑप्शन लेने की प्रक्रिया शुरू की जाए।

संक्षिप्त खबरें

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया नया डेट फंड आईसीआईसीआई प्रू कॉन्सटेंट मेच्योरिटी

शिमला: आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक नया डेट फंड लॉन्च किया। यह फंड ग्राहकों को मौजूदा उच्च ब्याज दरों पर अपने निवेश को लॉक करने,लंबी अवधि में धन का निर्माण करने और वित्तीय लक्ष्य हासिल करने में सक्षम बनाएगा।प्रचलित ब्याज दर व्यवस्था ग्राहकों को निवेश करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है। इस तरह ग्राहक जीवन बीमा बाजार में इस तरह के पहले डेट फंड आईसीआईसीआई प्रू कॉन्सटेंट मेच्योरिटी फंड में निवेश कर सकते हैं।वर्तमान दौर में ब्याज दरें बेहद ऊंची हैं लेकिन ब्याज दरों में कोई भी गिरावट होती है तो डेट फंड अपने ग्राहकों के लिए एक आकर्षक निवेश विकल्प के रूप में सामने आते हैं।डेट इंस्ट्रूमेंट्स और ब्याज दरों की कीमतों के बीच विपरीत संबंधों के कारण ऐसा होता है जब ब्याज दरें गिरती हैं तो डेट इंस्ट्रूमेंट्स की कीमतें बढ़ जाती हैं जिससे उन ग्राहकों को फायदा होता है जिन्होंने इन इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश किया है। यह फंड कंपनी के प्रमुख यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप)में निवेश के लिए उपलब्ध है। यूलिप ग्राहकों को लाइफ कवर,परिवार को वित्तीय सुरक्षा और लंबी अवधि में संपत्ति निर्माण की सुविधा का एक अनूठा ऑफर प्रदान करते हैं।आईसीआईसीआई प्रू कॉन्स्टेंट मैच्योरिटी फंड 15 मई 2023 से यूनिट लिंक्ड उत्पादों के साथ उपलब्ध है।आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के हैड ऑफ फिक्स्ड इनकम अरुण श्रीनिवासन ने कहा हम एक शानदार डेट फंड लॉन्च करते हुए उत्साहित हैं।इस पेशकश के साथ आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस फिक्स्ड इनकम यूलिप के क्षेत्र में इस तरह के फंड की पेशकश करने वाला देश का पहला बीमाकर्ता बन जाता है। ब्याज दर चक्र अपनी ऊंचाई के करीब होने के साथ ग्राहकों के लिए आईसीआईसीआई प्रू कॉन्स्टेंट मैच्योरिटी फंड में निवेश को चैनलाइज करने का यह एक शानदार अवसर है। हमारा सुझाव है कि पूंजी संरक्षण और लंबी अवधि के धन सृजन के लिए निवेशक अपनी बचत का एक हिस्सा यूलिप डेट फंड में बांट दें। इस फंड में निवेश करके ग्राहक उच्च मौजूदा ब्याज दरों पर अपने निवेश को लॉक.इन करने में सक्षम होंगे और फंड के बढ़ते एनएवी से लाभान्वित होंगे क्योंकि समय के साथ बॉण्ड की कीमतों में वृद्धि की उम्मीद है। यूलिप में निवेश के साथ कर लाभ भी हासिल किए जा सकते हैं। यदि किया गया वार्षिक निवेश 2.5 लाख रुपए तक है और वार्षिक प्रीमियम के 10 गुना के लाइफ कवर के साथ परिपक्वता आय ग्राहकों के लिए कर.मुक्त है।

ओप्पो ने लॉन्च किया लेटेस्ट स्मार्टफोन ओप्पो एफ-23, 5-जी

शिमला: अग्रणी ग्लोबल स्मार्ट डिवाईसेज ब्रांड ओप्पो ने अपने लेटेस्ट स्मार्टफोन ओप्पो एफ-23, 5जी के लॉन्च की घोषणा की है। यह डिवाईस 18 मई 2023 को सुबह 12 बजे से ओप्पो स्टोर,एमेजॉन और मेनलाईन रिटेल आउटलेट्स पर 24999 रु. में मिलेगी।ओप्पो और काउंटरप्वाईंट की एक नई शोध में सामने आया है कि भारत में हर 4 में से 3 लोगों को नोमोफोबिया है यानि वो अपने फोन के बिना रह जाने पर भयभीत हो जाते हैं ज्यादातर को बैटरी कम/खत्म होने पर डर सताने लगता है। इस अध्ययन में यह भी सामने आया कि 46 प्रतिशत उत्तरदाता अपने फोन को रोज दो बार चार्ज करते हैं,92 प्रतिशत बैटरी डिस्चार्ज की समस्या से बचने के लिए पॉवर.सेविंग मोड का उपयोग करते हैं और 60 प्रतिशत स्मार्टफोन यूजर्स अपने मौजूदा फोन में अच्छी बैटरी न होने पर एक नया फोन खरीदेंगे।नोमोफोबिया की समस्या से निपटने और लंबी चलने वाली शक्तिशाली और टिकाऊ बैटरी की जरूरत पूरी करने के लिए ओप्पो ने एफ23 5जी पेश किया है।इस हैंडसेट में ओप्पो की प्रोप्रायटरी 67वॉट सुपरवूक फ्लैश चार्जिंग है जो इस डिवाईस को 18 मिनट में 50 प्रतिशत चार्ज कर देती है तथा 5 मिनट की चार्जिंग में 6घंटे तक फोन कॉल की जा सकती है या 2.5 घंटे तक यूट्यूब वीडियो देखा जा सकता है। स्मार्टफोन पूरा चार्ज होने पर इसकी 5000 एमएएच की बैटरी फोन कॉल करने पर 39 घंटे या यूट्यूब वीडियो देखने पर 16 घंटे तक चलती है।

उत्पादों की गुणवत्ता के अनुसार ब्रांडिंग तथा विपणन महत्वपूर्ण: बागवानी मंत्री

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा
हिमाचल प्रदेश में बागवानी के क्षेत्र में कलस्टर विकास कार्यक्रम नए आयाम स्थापित करेगा। प्रदेश सरकार इस कार्यक्रम को राज्य में सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने के लिए विचार कर रही है। यह जानकारी बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज यहां राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड तथा हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बागवानी के क्षेत्र में विभिन्न फलों का उत्पादन किया जाता है, जिसमें सेब, पलम, आडू, नाशपति तथा नींबू प्रजाति के फल इत्यादि प्रमुख हैं। प्रदेश के बागवानी उत्पाद देश-विदेश में प्रसिद्ध हैं। किन्नौरी सेब एक ब्रांड के रूप में जाना जाता है। प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के उत्पादों की गुणवत्ता के अनुसार इनकी ब्रांडिंग तथा विपणन पर बल दिया जा रहा है। बागवानी मंत्री ने कहा कि कलस्टर विकास कार्यक्रम के तहत किसानों की सभी जिज्ञासाओं तथा समस्याओं का निवारण कलस्टर विकास एजेंसी करेगी। इस कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन के लिए प्रदेश में हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड को कलस्टर विकास एजेंसी बनाया गया है। प्रदेश में इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए बागवानी विभाग को नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है, जो राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के साथ समन्वय स्थापित करेगी। कार्यक्रम के लिए हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम को कार्यान्वयन एजेंसी बनाया गया है। कार्यक्रम के तहत नर्सरी, पैक हाउस, शीत भण्डारण, प्रसंस्करण इकाई तथा एकत्रण केन्द्र के माध्यम से बागवानी क्षेत्र का विकास किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत विभिन्न अन्य कार्यक्रमों व योजनाओं को शामिल किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त किसानों को आधुनिक तकनीक तथा प्रचलनों से भी अवगत करवाया जाएगा और उनकी आय में बढ़ोत्तरी होगी। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रबंधन इकाई ग्रांट थोर्नटन के पार्टनर चिराग जैन ने कलस्टर विकास कार्यक्रम से संबंधित प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से हिमाचल प्रदेश को बहुत लाभ होगा तथा प्रदेश में इस कार्यक्रम की सफलता की संभावना बेहतर है।

एकीकृत एवं समग्र गतिविधियों को बढ़ावा देगी हिम उन्नति योजना:चंद्र कुमार

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा
कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने आज यहां कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश अनुकूल जलवायु, समृद्ध मृदा और प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है। राज्य में विभिन्न प्रकार की फसलों के उत्पादन के लिए उपयुक्त परिवेश विद्यमान है। प्रदेश सरकार ने किसानों की आय को दोगुना करने के लिए महत्वाकांक्षी योजना हिम उन्नति शुरू की है। योजना के अन्तर्गत प्रदेश में एकीकृत एवं समग्र कृषि गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके तहत प्रदेशभर में 2603 कलस्टर बनाए जाएंगे।

राहुल जैन ने संभाला अतिरिक्त उपायुक्त का कार्यभार

टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी
2019 बैच के आईएएस अधिकारी राहुल जैन ने मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त के पद पर काजा में कार्यभार संभाला। इस मौके पर एसडीएम हर्ष अमनेद्र नेगी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालय कर्मचारियों ने आशी पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर स्पीति के प्रशासनिक कार्य की रूपरेखा का अवलोकन भी किया।राहुल जैन ने कहा कि इससे पहले एसडीएम सरकाघाट के पद पर उन्होंने एक वर्ष दस महीने तक सेवाएं दी हैं। स्पीति में विकासात्मक कार्यों को गति देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। हर विभाग के साथ आगामी दिनों में बैठक की जाएगी, जिसमें विभागों के भीतर चलने वाले विकासात्मक कार्यों के बारे में समीक्षा की जाएगी। इसके बाद स्पीति के लिए भविष्य में क्या नए प्रयास किए जा सकते हैं, इसके बारे में रूपरेखा बनाई जाएंगी। स्पीति में साहसिक खेलों, पर्यटन की अपार संभावनाएं है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्रथामिकताओं में शामिल हेलीपोर्ट स्थापना, इंदिरा गांधी सम्मान निधि योजना को लेकर सर्वेक्षण होना है। इसी माह यह सर्वेक्षण का कार्य पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही वाइब्रेंट प्रोग्राम को लेकर तीव्र गति से कार्य चला है। इसको लेकर योजनाएं तैयार की जा रही है। उन्होंने सभी कर्मियों को निर्देश दिए कि लोगों के कार्यों को तुरंत पूरा करने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि स्पीति के लोग जब भी चाहे अपने सुझाव विकासात्मक कार्यों के लिए दे सकते है।

अल्याड़ गांव में एक दिवसीय पोस्टिक बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा
करसोग। जीरो लागत प्राकृतिक खेती के माध्यम से पारंपरिक अनाज को जीवित रखने के उद्देश्य से हिम आरआर, संस्था द्वारा लोगों को पुराने आनाज के बीज वितरित किए जा रहे है। इसी के तहत इंटरनेशनल एयर ऑफ द मिलेट्स के अंतर्गत बालिंडी पंचायत के तहत गांव अल्याड में एक दिवसीय पोस्टिक बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

एक दिवसीय बीज प्रशिक्षण कार्यशाला में महिला मंडल अल्याड व नारी शक्ति महिला मंडल अलसिंडी की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती के मास्टर ट्रेनर सोम कृष्ण गौतम ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। इस अवसर पर अलसिंडी, अल्याड़, सेरकड़ी, दडेली, धारली, शमलौट और नगालठा गांव के किसानों को कोदा, काउणी और कुटकी के बीज वितरित किए गए। सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती के मास्टर ट्रेनर सोम कृष्ण गौतम ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले किसानों और महिला मंडलों का आभार प्रकट किया।

उन्होंने अपने संबोधन के दौरान पारंपरिक अनाजों को सुरक्षित करने और इसकी खेती करने के तरीके बताए। उन्होंने बताया कि आज के दौर में पुराने अनाजों को जीवित रखने की आवश्यकता है। सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती के माध्यम से पारंपरिक अनाजों को बचाया जा सकता है। कोदा, काउणी और कुटकी जैसे पुराने अनाजों में अनेकों गुण है जोकि हमारी सेहत के लिए लाभदायक है।

उन्होंने लोगों से प्राकृतिक खेती के साथ-साथ अपनी पारंपरिक बीजों की खेती करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर महिला मंडल अल्याड़ की अध्यक्ष शान्ता देवी, महिला मंडल अलसिंडी की अध्यक्ष ममता, किसान परमा नंद, लाभ सिंह, प्रेमी देवी,बिता, पार्वती, विनती देवी, तारावती, निशा देवी, अमिला, रमा देवी, लतू वर्मा, दासी देवी, हिमा, सेमी, मीना देवी, ममता, लता देवी और कांता देवी मौजूद रहे।

Auction Notice

This is for general information of the public that B grade non seed wheat 69.00 qtls, Paddy 53.76 qtls, Soyabean 3.32 qtls and Radish 0.0035 qtls left after grading of seed produced at Govt. SMF and procured from registered growers of Mandi, Distt. Kharif, 2022 & Rabi, 2022-23 shall be put to open auction at Central Seed Store Bhangrotu, Distt. Mandi, by the Deputy Director of Agriculture, Mandi Distt. Mandi, on dated 31.05.2023. The interested bidders may inspect the material at Central Seed Store, Bhangrotu Distt. Mandi, on any working day during the office hours, after the publication of this notice. The bidders shall have to deposit a sum of Rs. 10000/- as an earnest money before the commencement of auction. Other terms and condition will be announced at the time of auction.

RO No. 0672/2023-2024

Deputy Director of Agriculture
Mandi, District Mandi, H.P.

अपशिष्ट से चमत्कार थीम पर हैकाथॉन के लिए पंजीकरण शुरू: उपायुक्त

टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद
उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि विश्व पर्यावरण के दिवस के अवसर पर मिशन लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण के अनुरूप जीवनशैली अपनाने को लेकर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में अपशिष्ट से चमत्कार वेस्ट टू वंडर थीम पर आधारित पर्यावरण विचार हैकाथॉन-2023 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की गई है। उपायुक्त ने बताया कि हैकाथॉन-2023 में राज्य के गैर स्नातक और इससे ऊपर के विद्यार्थी हिस्सा ले सकेंगे। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि पर्यावरणीय चुनौती के रूप में ठोस, प्लास्टिक, इलेक्ट्रॉनिक और सीएनडी अपशिष्ट प्रबंधन के बहुआयामी अभिनव समाधान और पुनरू उपयोग के लिए नवीन विचार, प्रक्रिया संशोधन और अपशिष्ट प्रवाह में निरंतरता के लिए तकनीकी समाधान उपलब्ध करवाने के लिए प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ युवा प्रतिभाओं के मौलिक विचारों को हैकाथॉन-2023 के उद्देश्य के रूप में रखा गया है।

25 मई तक करें आवदेन

हैकाथॉन-2023 में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण अनिवार्य रहेगा। प्रतिभागी अकेले और तीन के ग्रुप में भीभाग ले सकेंगे। पंजीकरण और विचार उपलब्ध करवाने के लिए अंतिम तिथि 25 मई शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है।

विजेताओं को मिलेंगे पुरस्कार

अपूर्व देवगन ने आगे बताया कि विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके तहत प्रथम पुरस्कार के रूप में 75 हजार, द्वितीय स्थान के लिए 50 हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को 10 हजार की राशि जबकि सातवां आठवां, नवां और दसवां स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को 5 हजार रुपयों की राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ आवश्यक समय सारणी की जानकारी देते हुए अपूर्व देवगन ने बताया कि प्रविष्टियों की जांच और चयन 27 मई को किया जाएगा। प्रथम चरण के लिए विचार की तिथि 30 मई रहेगी । इसी तरह प्रथम चरण के तहत परिणामों की घोषणा 1 जून को होगी। विजेताओं का चयन और ग्रैंड फिनाले 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजधानी शिमला में आयोजित होगा। निर्धारित नियमों के अनुसार प्रतिभागी द्वारा उपलब्ध करवाया गया विचार और समाधान मौलिक होना आवश्यक होगा। एनवायरो आइडिया हैकाथॉन-2023 के किसी भी स्तर पर विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में सदस्य सचिव एचपीएसपीसीबी का निर्णय अंतिम होगा।उपायुक्त ने जिला के सभी पात्र युवाओं से हैकाथॉन-2023 में भाग लेने का आह्वान किया है।

Himachal Pradesh
Jal Shakti Vibhag

"NOTICE INVITING E-TENDER"

The Executive Engineer Jal Shakti Division Pooh, Distt. Kinnaur invites item rate tender on behalf of the Governor of H.P. from the eligible contractors for the following works through e-tendering process:

Sr. No.	Name of work	Estimated Cost	Earnest Money	Cost of form	Time
1	Restoration of rain damage to FIS Holde Hodo to Rispa in G.P. Rispa Tehsil Morrang Distt. Kinnaur H.P. (C/O Pattra Cutting at RD 173 to 233,P/L, Jointing and testing of MSERW (API) pipe 200mmdia butt welded, C/O Anchor Block, provision of railing with RCC piller.	1344289	27000	400	Six Months

Date of online publication of e-tendering 16-05-2023 and last date of submission of e-tendering 26-05-2023 up to 05:00PM and shall be opened on 27.05.2023 at 11:00AM Tender document and other detailed can be downloaded or viewed online from at http://hptenders.gov.in by the firm/individual registered on the website free of cost.

RO No. 0673/2023-2024

Executive Engineer
Jal Shakti Division Pooh
Distt. Kinnaur (HP)

न्यूज फ्लैश

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया नया डेट फंड, लंबी अवधि

गुड़गांव/फरीदाबाद : आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने सोमवार को एक डेट फंड लॉन्च किया। यह फंड ग्राहकों को मौजूदा उच्च ब्याज दरों पर अपने निवेश को लॉक करने, लंबी अवधि में धन का निर्माण करने और वित्तीय लक्ष्य हासिल करने में सक्षम बनाएगा। प्रचलित ब्याज दर व्यवस्था ग्राहकों को निवेश करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है। इस तरह ग्राहक जीवन बीमा बाजार में इस तरह के पहले डेट फंड – आईसीआईसीआई प्रू कॉन्सटेंट मेच्योरिटी फंड में निवेश कर सकते हैं। वर्तमान दौर में ब्याज दरें बेहद ऊंची हैं, लेकिन ब्याज दरों में कोई भी गिरावट होती है, तो डेट फंड अपने ग्राहकों के लिए एक आकर्षक निवेश विकल्प के रूप में सामने आते हैं। डेट इंस्ट्रूमेंट्स और ब्याज दरों की कीमतों के बीच विपरीत संबंधों के कारण ऐसा होता है – जब ब्याज दरें गिरती हैं तो डेट इंस्ट्रूमेंट्स की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिससे उन ग्राहकों को फायदा होता है जिन्होंने इन इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश किया है। यह फंड कंपनी के प्रमुख यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) में निवेश के लिए उपलब्ध है। यूलिप ग्राहकों को लाइफ कवर, परिवार को वित्तीय सुरक्षा और लंबी अवधि में संपत्ति निर्माण की सुविधा का एक अनूठा ऑफर प्रदान करते हैं।
आईसीआईसीआई प्रू कॉन्स्टेंट मैच्योरिटी फंड 15 मई, 2023 से यूनिट लिंक्ड उत्पादों के साथ उपलब्ध है।
आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के हैड ऑफ फिक्स्ड इनकम श्री अरुण श्रीनिवासन ने कहा, ह्मह्मम एक शानदार डेट फंड लॉन्च करते हुए उत्साहित हैं। इस पेशकश के साथ आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस फिक्स्ड इनकम यूलिप के क्षेत्र में इस तरह के फंड की पेशकश करने वाला देश का पहला बीमाकर्ता बन जाता है। ब्याज दर चक्र अपनी ऊंचाई के करीब होने के साथ, ग्राहकों के लिए आईसीआईसीआई प्रू कॉन्स्टेंट मैच्योरिटी फंड में निवेश को चौनलाइज करने का यह एक शानदार अवसर है। हमारा सुझाव है कि पूंजी संरक्षण और लंबी अवधि के धन सृजन के लिए निवेशक अपनी बचत का एक हिस्सा यूलिप डेट फंड में बांट दें। इस फंड में निवेश करके ग्राहक उच्च मौजूदा ब्याज दरों पर अपने निवेश को लॉक-इन करने में सक्षम होंगे और फंड के बढ़ते एनएवी से लाभान्वित होंगे क्योंकि समय के साथ बॉण्ड की कीमतों में वृद्धि की उम्मीद है। यूलिप में निवेश के साथ कर लाभ भी हासिल किए जा सकते हैं। यदि किया गया वार्षिक निवेश 2.5 लाख रुपए तक है और वार्षिक प्रीमियम के 10 गुना के लाइफ कवर के साथ, परिपक्वता आय ग्राहकों के लिए कर-मुक्त है। ग्राहकों को लंबी अवधि के लिए निवेश करने और अपने वित्तीय लक्ष्यों जैसे सपनों का घर खरीदने या आर्थिक रूप से स्वतंत्र सेवानिवृत्त जीवन जीने के लिए नियमित योगदान देने की आवश्यकता है। चूंकि यह निवेश फंड विकल्पों के बीच स्विच करने के अनेक विकल्पों के साथ कम से कम 5 साल के लिए लॉक किया गया है। इस तरह निवेशक लंबी अवधि में वेल्थ क्रिएट कर सकेंगे। हमारे सभी डेट फंडों ने शुरूआत से ही लगातार अपने-अपने बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया है। महत्वपूर्ण रूप से, हमारे पास बाजार चक्रों में हमारे पोर्टफोलियो में जीरो नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स (एनपीए) का ट्रैक रिकॉर्ड है।

ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल स्वास्थ्य और वेल-बीइंग कार्यक्रम का किया आयोजन

गुरुग्राम। ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 56 ने उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूकता बढ़ाने और छात्रों और स्कूल के कर्मचारियों के बीच स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने के लिए 17 मई, 2023 को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पहली से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों और कर्मचारियों को स्वस्थ रक्तचाप स्तर बनाए रखने और उनके हृदय स्वास्थ्य की देखभाल करने के महत्व को समझने में मदद करने के लिए कई अभ्यास शामिल थे। छात्र ने उच्च रक्तचाप के कारण और प्रभाव पर इंटरैक्टिव सत्रों में भाग लिया और रक्तचाप का परीक्षण कैसे करें पर व्यावहारिक प्रदर्शन किया। "हम उच्च रक्तचाप, रक्तचाप, तनाव और हमारे स्वास्थ्य और भलाई पर इसके प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना चाहते थे। छात्रों और शिक्षकों को उच्च रक्तचाप के खतरों को पहचानना चाहिए और निवारक उपायों को अपनाना चाहिए," डॉ. अश्विनी साधु, एमएससी ने कहा, पीएचडी (खाद्य-पोषण और वीमेन केयर)। कार्यक्रम में एक स्वास्थ्य जांच शिविर भी शामिल था, जहां छात्र और कर्मचारी अपने रक्तचाप की जांच कर सकते थे और स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने के बारे में सलाह प्राप्त कर सकते थे। "एक स्कूल के रूप में, हम स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और हमारे छात्रों और कर्मचारियों को प्रभावित करने वाले स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में विश्वास करते हैं। हमारा विश्व उच्च रक्तचाप दिवस कार्यक्रम एक स्वस्थ समुदाय को विकसित करने और हमारे बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी निर्णय लेने के लिए शिक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

विप्लव ने मशरूम अनुसंधान केंद्र का किया दौरा

विप्लव कुमार देब को मशरूम स्पॉन लैब का भ्रमण करवाया

सोनीपत/संजीव कौशिक
हरियाणा बीजेपी प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री विप्लव कुमार देव ने महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल, सोनीपत का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ सोनीपत सांसद रमेश कौशिक भी मौजूद थे। हरियाणा बीजेपी प्रभारी एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री विप्लव कुमार देव के क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल में पहुंचने पर एमएचयू के रजिस्ट्रार व मशरूम केन्द्र के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने स्वागत किया। उन्होंने विप्लव कुमार देब को मशरूम स्पॉन लैब का भ्रमण करवाया। जिसके बारे में पूर्व सीएम ने काफी रूचि दिखाई। इस दौरान डॉ. अजय सिंह ने बताया की स्पॉन लैब में मशरूम का बीज कैसे तैयार किया जाता है, इसके बाद पूर्व सीएम को मशरूम खाद ईकाई व उत्पादन कक्ष में हो रहे मशरूम उत्पादन को दिखाया गया।

इस उपरांत हरियाणा बीजेपी प्रभारी विप्लव कुमार देब को पोली हॉउस व ग्रीन हॉउस का भी भ्रमण कराया गया। श्री बिप्लब कुमार देब ने क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केन्द्र, मुरथल में डॉ. अजय सिंह के नेतृत्व में मशरूम व सब्जियों पर चल रहे अनुसंधान कार्यो की काफी सराहना की। पूर्व सीएम श्री बिप्लब कुमार देब ने बताया कि हरियाणा व केंन्द्र सरकार किसानों की भलाई के लिए लगातार प्रयास कर रही है, किसानों की आय कैसे बढ़े, उनके पास उच्च तकनीक कैसे पहुंचे इस बारे में गंभीरता से लगी हुई है। उन्होंने कहा कि किसानों की भलाई के लिए चलाई जा रही सरकार की योजनाओं से किसानों को काफी फायदा पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि एमएचयू के मशरूम अनुसंधान केन्द्र में आकर उन्हें काफी अच्छा लगा, क्योंकि किसान परपंरागत खेती को छोडकर बागवानी खेती की ओर जाएगा तो यकीकन उसकी आमदनी में बढोतरी होगी साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहेंगी।

उन्होंने कहा कि एमएचयू की स्थापना इसी उद्देश्य से की है कि किसान बागवानी खेती को अपनाएं। मौके पर पूर्व वाईस चेयरमेन ललित बत्रा, जिलाध्यक्ष भाजपा तीर्थ राणा, माईराम कौशिक, जसबीर दोदवा, मनिन्द्र सन्नी, नीरज आत्रेय, निशांत छोकर सहित कृषि विभाग के उपनिदेशक अनिल सहरावत, एमएमएस टी एंड आई सोनीपत देवेन्द्र कुहाड़, बागवानी विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. सुधीर यादव, डॉ मनीष, डॉ हरजोत, आशीष, सीमा, विकास, अजीत व केंद्र का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

बन्दर वन विभाग नहीं निगम, पंचायतों की समस्या!

वन्य जीव अधिनियम से बाहर, पकड़ने के लिए अनुमति की जरूरत नहीं

टीम एक्शन इंडिया/मथुरा
बंदर वन्य जीव अधिनियम से बाहर हैं। इन्हें पकड़ने या छोड़ने के लिए वन विभाग की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। बावजूद इसके लोगों को लगता है कि बंदरों की समस्या का समाधान करने में वन विभाग की जिम्मेदारी है। इसलिए डिस्ट्रिक्ट फारेस्ट आफिसर के कार्यालय पर लोग बंदरों की समस्या लेकर पहुंचते रहते हैं। सामाजिक संगठन भी ज्ञापन आदि के माध्यम से समस्या उठाते रहे हैं। बुधवार को जन सहयोग समूह मथुरा का एक प्रतिनिधि मंडल जिला वन अधिकारी रजनीकांत मित्तल से मिला और ज्ञानद के माध्यम से बंदरों की समस्या के समाधान की मांग की। जिला वन धिकारी रजनीकांत मित्तल ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि बंदर वन्य जीव अधिनियम से बाहर हैं। इन्हें पकड़ने या छोड़ने के लिए वन विभाग की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। इसके बाद जन सहयोग समूह के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से शिकायत करने की बात कही। जन सहयोग समूह के समन्वयक अजय अग्रवाल ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल शीघ्र ही जिलाधिकारी से इस समस्या को लेकर मिलेगा और यह वस्तुस्थिति जानने का प्रयास करेगा कि मथुरा में विगत वर्षों में मंकी रेस्क्यू सेंटर जो चुरमुरा फरह के पास बनने के प्रस्ताव को न सिर्फ मथुरा शासन ने जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में पास किया था अपितु केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सी जेड ए) इसकी परमीशन भी दे चुका था फिर यह रेस्क्यू सेंटर किस कारण से खटाई में पड़ा हुआ है।

कुमाऊ समाज के लोग सदैव आत्म-निर्भर रहे हैं: योगेश पाल

सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया
श्री नव दुर्गा शक्ति पीठ मंदिर न्यू जीवन नगर का 11 वां वार्षिकोत्सव एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह कुमायूं महासभा द्वारा बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कुमाऊं महासभा की महिलाओं द्वारा परंपरागत वेशभूषा में सज कर कलश यात्रा निकाली गई जो कि अपने आप में देखते ही बनती थी। कार्यक्रम में भाजपा के जिला महामंत्री योगेश पाल ने शिरकत करते हुए सभी को वार्षिक उत्सव की बधाई दी और कहा कि अपनी समृद्धशाली सांस्कृतिक विरासत व अनमोल परंपराओं, लोककलाओं के कारण उत्तराखंड देश ही नहीं, बल्कि दुनिया में अपनी अलग ही पहचान रखता है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों से तालमेल बैठाते हुए कुमाऊनी लोग सदैव आत्म-निर्भर रहे हैं, मेहनत करके उन्होंने हर जगह सम्मानजनक स्थान पाया है, ये लोग आज भी अपनी परंपराओं को संजोए हुए हैं। इस अवसर पर संस्था के प्रधान ओमप्रकाश धनानंद,उपाध्याय मोहन बिष्ट,मोहन उपाध्याय,उदय,तारा सिंह बिष्ट,सुंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य विभाग में छाई सुस्ती, पिछड़ा टीकाकरण अभियान

मथुराः स्वास्थ्य विभाग की मनमानी के चलते गर्भवती महिलाएं टीका करण के लिए इधर उधर भटक रही हैं। मुखराई गांव राल सी एच सी केंद्र के अंतर्गत आता है, एएनएम पिछले दो माह से गांव नहीं पहुंची है। महिलाएं गोवर्धन सीएचसी पर टीका लगवाने के लिए विवश हैं। उनके तीमारदारों ने राल चिकित्सा अधीक्षक एवं संबंधित एएनएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग मुख्य चिकित्सा अधिकारी व सीडीओ से की है। राधाकुंड के समीप मुखराई गांव राल स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आता है। राल स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक की लापरवाही से मुखराई गांव में आशा और एएनएम नहीं पहुंच रही हैं। एएनएम की मनमानी से खास कर गर्भवती महिलाओं को टीका करण लगवाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

श्रद्धालुओं को होगा भगवान भूतेश्वर नाथ के विराजमान होने का आभास

टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।
अब भूतेश्वर तिरहे को सजाने संवारने की बारी है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को भूतेश्वर क्षेत्र में भगवान भूतेश्वर नाथ के विराजमान होने का आभास होगा। भूतेश्वर तिराहे और आसपास के क्षेत्र का इसी तर्ज पर सौंयर्दीकरण कराने की रूपरेखा तैयार की गई है।
जिलाधिकारी पुलकित खरे ने मथुरा के प्रसिद्ध भूतेश्वर तिराहा, कंकाली देवी मंदिर व आस पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि तिराहे का सौंदर्यीकरण होगा। जिसमें शिव भगवान के विभिन्न प्रतीक चिन्हों का प्रदर्शन किया जाएगा (जैसे डमरू, त्रिशूल, नाग, चंद्र आदि)। विशाल चिन्ह स्थापित होंगे, जो तिराहे को एक नया स्वरूप देने का कार्य करेंगे।
जिलाधिकारी ने भूतेश्वर तिराहे में स्थित सभी दुकानदारों से वार्ता की और समस्त दुकानों में एकरूपी साइन बोर्ड लगाने को कहा। एकरुपी साइन बोर्ड से तिराहे की सुंदरता और भी बढ़ेगी।
जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तिराहे के आस पास सभी प्रकार के अतिक्रमण को हटाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने कंकाली देवी मंदिर व आस पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर के आस पास पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर के पास बने पार्क एवं कुंड का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कुंड के जीर्णोद्धार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पूरे पार्क के किनारे लाइट लगाने के लिए नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया।

'बच्चों को नशे के घातक परिणामों के प्रति जागरूक करना जरूरी'

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत
राज्य सरकार के निर्देशानुसार सरकारी स्कूलों के बच्चों में नशे की लत ना पड़े इसको लेकर स्कूलों में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा ने बुधवार को जिला सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों में जहरीला नशा दस्तक ना दे उससे पहले इस पर नकेल कसनी होगी। नशे की स्कूली के बच्चों में बढ़ती प्रवृत्ति पर लगाम लगाना जरूरी है।
सरकारी स्कूलों में जागरूकता अभियान चला कर इन पर कार्य कर ठोस नतीजे पर पहुंचना होगा। छात्र नशे की लत का शिकार ना हो इसको लेकर सरकारी स्कूलों के आस-पास किसी भी प्रकार के नशे से जुड़े संसाधनों से दूरी बनानी होगी। जिन सरकारी स्कूलों के आस-पास पर भांग के पौधें लगे हैं निगम की सहायता से दवाएं डलवाकर उन्हें नष्टद्द करवाना होगा। उन्होंने इस कार्य में ग्रामीणों से सहयोग की अपील की। अतिरिक्ति उपायुक्त ने बैठक में पुलिस विभाग से सरकारी स्कूलों में नशे से जुड़े अब तक कितने केस रजिस्ट्रड हुए है पर जानकारी भी मांगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में नशे को लेकर अधिकारियों से मांगे सुझाव।
अतिरिक्त उपायुक्त ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे इस बात का भी ध्यान रखें की नशीली दवाएं बच्चों से ना मंगवाये खास कर युवाओं से। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चे नशे की लत का शिकार ना हो इस पर गंभीरता से कार्य करने की जरूरत है। अगर स्कूली बच्चों में नशे की लत से लगने से पहले काबू नहीं पाया जाता तो आगे चलकर उसके घातक परिणाम होते हैं।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयंत आहुजा ने बताया कि कोई भी नशा हो वो घातक होता है। लिवर, किडनी, फेफड़ों से ज्यादा दिमाग को नुकसान पहुंचाता है। स्कूली बच्चे व युवा पीढ़ी धूम्रपान से दूर रहे इसको लेकर जागरूकता अभियान को और अधिक मजबूत से चलाने की जरूरत है। लोगों के सामने इसके दुष्परिणामों को रखने की जरूरत है।
उन्होंने बताया कि युवा शराब, सिगरेट, ड्रग्स सहित न जाने कितनी जहरीली चीजों का सेवन करते हैं। मादक द्रव्य दुरूपयोग गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। उन्होंने नशे के दुषप्रभावों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नशे की आदत पडने पर कमजोरी आने लगती है। ऐसे में वह थोड़ा-सा काम करने पर थकावट हो जाती है।

अनएकेडमी ने चंडीगढ़ में अपना पहला ऑफलाइन ज्यूडिशियरी एग्जाम सेंटर खोला

कुरुक्षेत्र। भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म में से एक अनएकेडमी ने आज चंडीगढ़ में ज्यूडिशियरी एक्जाम के लिए अपना ऑफलाइन सेंटर खोलने की घोषणा की। इस नए सेंटर के माध्यम से, कंपनी इंटरपर्सनल लर्निंग के बेनिफिट्स का विस्तार करेगी जो कि लर्नर्स को इस तरह के हाइली कॉम्पिटेटिव एग्जाम की ओवरऑल तैयारी को बढ़ाने में मदद करेगा। इस ऑफलाइन सेंटर के लॉन्च के साथ ही, अनएकेडमी अब छात्रों को अपने ऑनलाइन तथा ऑफलाइन क्लासेस के माध्यम से ज्यूडिशियरी एग्जाम की तैयारी करने का अनूठा अवसर प्रदान करती है। ज्यूडिशियरी एग्जाम के लिए सबसे प्रसिद्ध एवं अनुभवी शिक्षकों में से एक, अनिल खन्ना अपनी प्रतिष्ठित अकादमी की टीम के साथ सेंटर में टीचिंग फैकल्टी का नेतृत्व करेंगे। अपने वृहद ज्ञान, निपुणता और विभिन्न स्टेट ज्यूडिशियल सर्विसेज एग्जामिनेशन में सफल उम्मीदवार तैयार करने के सफल ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, छात्र अब अपनी परीक्षाओं के लिए असाधारण मार्गदर्शन और व्यापक तैयारी की उम्मीद कर सकते हैं। चंडीगढ़ में ज्यूडिशियरी एग्जाम सेंटर के शुभारंभ के पीछे का उद्देश्य छात्रों को फोकस्ड ऑफलाइन लर्निंग के लिए एक समर्पित स्थान प्रदान करना था। अनुभवी शिक्षक अनिल खन्ना और उनकी विशेष टीम के साथ, हमें पूरा विश्वास है कि छात्रों को इस ज्यूडिशियरी एग्जाम की जर्नी में सफलता के लिए एक उच्चतम क्वालिटी गाइडेंस एवं सपोर्ट प्राप्त होगा। ऑफलाइन लर्निंग में हमारा यह विस्तार, लर्नर्स को व्यापक तरीके से सीखने के अवसर प्रदान करने, उनकी विविध आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

फुटपाथ पर ढकेल लगाने पर काटे एक सैकड़ा से ज्यादा के चालान

टीम एक्शन इंडिया/मथुरा
आम रास्ते पर रहडी और ढेल लगाकर मार्ग अवरुद्ध करने वाले करीब एक सैकड़ा दुकानदारों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने उनके चालान काटे हैं और दोबारा रास्ते में दुकान लगाकर मार्ग अवरूद्ध न करने की चेतावनी दी है। शहर अतिक्रमण की समस्या से आम जन मानस परेशान हैं। मार्गो। पर आए दिन इसको लेकर जाम लग जाता है। अब पुलिस ने इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को पुलिस ने करीब एक सैकड़ा ढेल- ढकेल वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काट दिए। साथ ही उन्हें हिदायत देकर अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी है। कस्बा प्रभारी जतिन पाल ने बताया कि रास्तों पर अतिक्रमण से जाम की समस्या नहीं होने दी जाएगी। दोबारा अगर अवरोध पैदा किया तो कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बरसात से पहले नालों के ऊपर ओपन चैम्बर बनाये जाएंगे

टीम एक्शन इंडिया/मथुरा
बरसात से पहले नालों की सफाई होनी है। कृष्णा नगर में बरसात से पहले नाले की सफाई के लिए ओपन चैम्बर बनाए जाएंगे। नगर आयुक्त अनुनय झा ने कृष्णा नगर के सौंदर्यीकरण की चल रही प्रक्रिया के तहत भूतेश्वर तिराहा से गोवर्धन चैराहा तक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मुख्य अभियंता नगर निगम, डिप्टी कमिश्नर आयकर विभाग, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग आदि अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को शेष ट्रांसफार्मर एवं छोटे विद्युत बॉक्स को शिफ्ट करने के निर्देश दिये गये।
फुटपाथ के सौंदर्यीकरण के लिए मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही नाला सफाई के लिए नाले के ऊपर ओपन चैम्बर बनाये जाने के निर्देश भी दिये गये।
डीजीएम बीएसएनएल के प्रतिनिधि को निर्देश दिये कि बीएसएनएल की केबिलों को अण्डर ग्राउण्ड किये जाने की कार्यवाही त्वरित रूप से की जाये। इसके अतिरिक्त जीओ एवं आईटीएमएस की केबिल को मई माह के अन्त तक अण्डर ग्राउण्ड करने के लिए नगर निगम के मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया। कृष्णा नगर चौकी इंचार्ज को निर्देशित किया गया कि जब्त किये गये वाहनों को चयनित स्थल पर शिफ्ट कराया जाये। प्रतिष्ठान संचालकों को सामान प्रतिष्ठान के सामने न रखकर प्रतिष्ठान के अन्दर रखने के लिए अनुरोध किया गया।

गीता के संस्कृत श्लोकों का भाव समझना अब हुआ आसान

मुस्कान संस्था के अध्यक्ष डा. शशिकांत की लिखी कृष्ण चरित मानस गीता स्कन्ध का लोकार्पण

टीम एक्शन इंडिया/मथुरा
आनंदमय कृष्ण भक्ति ग्रुप (मुस्कान) के संस्थापक व मनीषी डा शशिकांत तिवारी द्वारा रचित कृष्ण चरित मानस गीता स्कन्ध पुस्तक का लोकार्पण किया गया। गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन में उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डॉ उमेश चंद्र शर्मा, लेखक डा शशिकांत तिवारी, मुस्कान संस्था वृंदावन के अध्यक्ष आत्मबोधानंद, सी के अरोड़ा, अवकाश प्राप्त जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी गोस्वामी, शोध समन्वयक डा. रश्मि वर्मा, दीपक शर्मा आदि संयुक्त रूप से उक्त पुस्तक का लोकार्पण किया। इस मौके पर श्री तिवारी ने बताया कि गीता के संस्कृत भाषा में जो 700 श्लोक हैं, वे आम आदमी के लिए काफी क्लिष्ट हैं, लेकिन हर कोई उनका अर्थ समझना चाहता है। अतः इसे देखते हुए गीता को सामान्य रूप से दोहा व चौपाइयों में लिखकर कृष्ण चरित मानस गीता स्कन्ध पुस्तक में समेटा गया है। पुराणों में कहा गया है कि महाभारत के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के मुख से जो शब्द निकले, उन गीता रूपी गंगाजल को पी लेने पर पुनः इस संसार में जन्म नहीं लेना पड़ता। गीता का यही भाव व अर्थ जन सामान्य तक पहुंचाने के ध्येय से कृष्ण चरित मानस गीता स्कन्ध नामक पुस्तक की रचना की है। अवकाश प्राप्त जिला विद्यालय निरीक्षक श्री गोस्वामी ने कहा कि योगी सरकार लगातार ऐसे अभूतपूर्व कदम उठा रही है जिससे हमारी संस्कृति बचे। ब्रज की संस्कृति को बचाने के लिए ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन हुआ। परिषद के अधीन वृंदावन में गीता शोध संस्थान ब्रज की विधाओं के संरक्षण और संवर्धन का शानदार कार्य हो रहा है। पटुका पहनाकर अतिथियों का सम्मान समन्वयक चन्द्र प्रताप सिंह सिकरवार ने किया। ब्रज की संस्कृति को बचाने में जुटे डा उमेश चंद्र शर्मा को लोई उड़ा कर सम्मानित किया गया। अंत में शोध समन्वयक डा रश्मि वर्मा ने सभी का आभार जताया।

वी फाउंडेशन का 'गुरुशाला समर कैंप 2023' गर्मियों की छुट्टियों में स्कूली बच्चों को सर्जनशील गतिविधियों में व्यस्त रखने का अनूठा अवसर!

टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम।
गर्मियों की छुट्टियां यानी एक ऐसी लंबी अवधि जब भारत के 25 करोड़ से भी ज्यादा स्कूली बच्चों को होमवर्क और परीक्षाओं से राहत मिलती है। लेकिन उनके माता-पिता के लिए गर्मियों की छुट्टियां एक कसौटी की तरह होती हैं। छुट्टियों में बच्चों को व्यस्त कैसे रखें? बच्चों को मजा आए और उनकी सोच, क्षमताओं को बढ़ावा भी मिले ऐसी कौनसी एक्टिविटीज हैं? ऐसे कई सवाल उन्हें सताते रहते हैं। इस वर्ष, गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को उनकी पूरी क्षमता को अनलॉक करने और गर्मियों को मजेदार और यादगार बनाने में मदद करने के लिए, वी की सीएसआर शाखा वी फाउंडेशन ने स्कूली बच्चों के लिए ऑनलाइन 'गुरुशाला समर कैंप 2023' का आयोजन किया है और उसमें हिस्सा लेने के लिए भारत भर के बच्चों को आमंत्रित किया है। यह कैंप 30 जून 2023 तक कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों के लिए सप्ताह के तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच चलाया जा रहा है।भारत में कही से भी छात्र गुरुशाला समर कैंप में निःशुल्क भाग ले सकते हैं और विशेषज्ञों द्वारा आयोजित मजेदार और इंटरैक्टिव सत्रों का लाभ उठा सकते हैं। कैंप के सत्रों में 'डू इट योरसेल्फ' है जहां बच्चे अपनी चित्रकला और हस्तकला के जरिए अपनी रचनात्मकता को व्यक्त कर सकते हैं। 'थिएटर' सत्रों के माध्यम से, छात्र एक सुरक्षित और सहायक वातावरण में चुनौतीपूर्ण सामाजिक परिदृश्यों और कमजोर भावनाओं को व्यक्त करने के लिए रचनात्मक और आत्मविश्वास बढ़ाने वाली तकनीक सीख सकते हैं। 'फिटनेस विद फन' सत्र में नृत्य, जुंबा और योग जैसी गतिविधियां शामिल हैं जो छात्रों को कसरत करने और छुट्टियों के दौरान सक्रिय रहने में मदद करेंगी। 'सेल्फ-डिफेन्स' में गुरुशाला के छात्रों को स्वयं की रक्षा की तकनीक सिखाई जाएगी।

संपादकीय

मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति

उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव- 2023 मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले सभी छद्म धर्मनिरपेक्ष दलों की राजनीति के लिए बड़ा झटका हैं। इन चुनावों में समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी सहित लगभग सभी दलों ने दलित और मुस्लिम समाज के मतों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए पूरी ताकत व संसाधन झोंक दिये थे और समीकरण भी बिठाने के प्रयास किये थे लेकिन परिणाम दिखाते हैं कि उनकी ये रणनीति बेबस रही । उत्तर प्रदेश के निकाय चुनावों में समाजवादी पार्टी के बहुत सारे कद्दावर नेता, उनके परिवार के सदस्य व समर्थकों ने चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा का दामन थाम लिया था जिसका असर चुनाव परिणामों में दिखाई पड़ा है।समाजवादी पार्टी के लिए सबसे बड़ी हार चाचा शिवपाल यादव और रामगोपाल यादव के गढ़ में तो हुई ही है साथ ही रामपुर की स्वार विधानसभा उपचुनाव सीट पर सपा नेता आजम खां अपने बेटे अब्दुल्ला आजम का किला भी नहीं बचा। स्वार सीट से अब्दुल्ला आजम दो बार विधायक रहे, इस बार भी सपा नेता आजम खां की तरफ से पूरी ताकत झोंकी गयी थी और कई धमकी भरे बयान भी दिये गए थे लेकिन उसका कोई असर वहां की आम जनता पर नहीं पड़ा। आजम खां यहाँ से 10 बार विधायक चुने गये किंतु इस बार उनकी पार्टी मुख्य मुकाबले से ही बाहर हो गयी। आजम खां का रामपुर की राजनीति में 42 साल तक दबदबा रहा इया बार रामपुर नगर पालिका आम आदमी पार्टी प्रत्याशी सना खान के हाथ लग गया । समाजवादी पार्टी विधानसभा चुनावों में 2017 के 42 से बढ़कर इस बार 112 तक पहुंच गई थी और फिर मुखिया मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद उपजी सहानुभूति के बीच उनके निधन से खाली हुई सीट पर भी चाचा शिवपाल यादव के सहयोग से मिली विजय के कारण सपा मुखिया बहुत इतरा रहे थे लेकिन निकाय चुनाव आते-आते सपा की साइकिल पूरी पंक्चर हो गयी। माना जा रहा है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने नगर निगम और पंचायत चुनाव में टिकट वितरण में खूब मनमानी की जिसके कारण चाचा शिवपाल और रामगोपाल यादव का खेमा अपने भतीजे से बहुत बुरी तरह नाराज हो गया था। चाचा शिवपाल के लोगो को टिकट न मिलने से उन लोगों ने खुलकर बगावत करी और कहीं - कहीं कमल का भी दामन थाम लिया। पश्चिम में राष्ट्रीय लोकदल के साथ उनका गठबंधन बिखर गया। शफीकुर्रहमान वर्क जैसे सपा के बड़े मुस्लिम सांसद भी सपा का साथ लगभग छोड़ गये।मेरठ में मुसलमामन मतदाता ने एआईएमआईएम का साथ दिया जिसके कारण वहां सपा तीसरे नंबर पर खिसक गयी। सपा का गठबंधन बिखर चुका है और परिवार में भी आंतरिक तनाव दिख रहा है, वोट प्रतिशत भी बहुत नीचे चला गया है। सबसे बड़ी बात यह भी रही कि मतदान से पहले अतीक- अशरफ परिवार के एक सदस्य की ओर से एक अपील जारी कि गयी कि उनके मर्डर के लिए अखिलेश यादव भी कम जिम्मेदार नहीं है जिसका असर साफ दिखलाई पड़ा है।कई मुस्लिम बहुल इलाके जहां पर सपा का दबदबा रहता था वहां पर इस बार बसपा, एआईएमआईएम और आप का साथ दिया है। बहुजन समाज पार्टी ने इस बार दलित- मुस्लिम गठजोड़ के सहारे आगे बढ़ने का एक असफल प्रयास किया।

मध्यप्रदेश में भी उठ रहा विद्रोह का बवंडर

सुनील कुमार महला

> “दरअसल अब भाजपा के कई नेताओं को ऐसा लगने लगा है कि पार्टी में अब उनका कोई भविष्य नहीं है। पिछले दिनों जो परिवर्तन हुए और जिस प्रकार नीतियां बदली गईं, उसका प्रतिकूल असर पड़ता दिख रहा है। वरिष्ठ नेताओं को मार्गदर्शक मंडल की तरफ धकेला जा रहा है। जयंत मलैया, गौरीशंकर शेजवार, हिम्मत कोठारी जैसे नेताओं को उम्र का हवाला देकर साइड लाइन किया गया। फिर यह शर्त भी लगा दी कि पार्टी में वंशवाद नहीं चलेगा। ऐसे में नेता अपनी राजनीतिक विरासत को बचाने के लिए बगावत पर उतर रहे हैं और अन्य दलों में भविष्य की तलाश कर रहे हैं। इस समय भाजपा की लीडरशिप का निचले स्तर पर संवाद की भी कमी है”

तमाम मुद्दों और दांव-पेच के बावजूद कर्नाटक में सत्ता बचाने में असफल भाजपा के लिए इन परिणामों के प्रभाव से दूसरे राज्यों को बचा पाना नई चुनौती बन गया है, जबकि संकेत स्पष्ट हैं कि कर्नाटक में कमल न खिलने का असर आने वाले दिनों में मध्य प्रदेश में सत्ता से संगठन तक विभिन्न स्तरों पर बदलाव के रूप में दिखाई पड़ सकता है। उसके सामने आत्मविश्वास और उत्साह से भरपूर कांग्रेस है, जिसे कर्नाटक के परिणाम से संजीवनी मिल गई है। अब विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, मध्यप्रदेश में भाजपा की मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। आने वाले दिनों में यह कम होने की बजाय बढ़ेंगी ही। राजनीति के जानकार तो यहां तक कह रहे हैं कि चुनावी साल में जिस तरह की विद्रोही लहर मध्यप्रदेश बीजेपी में उठी है, उसे जल्द से जल्द शांत नहीं किया गया तो पार्टी को 20 से 22 सीटों पर भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। पिछले चुनाव की हार से भाजपा ये तो अच्छी तरह से समझ गई है कि 22 सीटों पर नुकसान का मतलब सत्ता से बहुत दूर हो जाना है।

कुछ कार्यकर्त्ता है जिनका सब्र टूट गया , इसमें दीपक जोशी जैसे कार्यकर्ता हैं। इन्हें लगता है कि अब कोई वजह नहीं रही पार्टी में बने रहने की। यहां रहने पर कोई भविष्य नहीं है।कुछ असंतुष्ट ऐसे कार्यकर्ता है जो पार्टी नहीं छोड़ रहे भाजपा के खिलाफ खुलकर बोलने लगे हैं। इसमें सत्यनारायण सत्तन जैसे लोग हैं। मुख्यमंत्री से मिलकर सत्तन भले शांत हो गए हो लेकिन उनके जैसे कई कार्यकर्ता आने वाले दिनों में मुखर हो सकते हैं।कुछ पार्टी में संतुष्ट नहीं लेकिन डिप्लोमेटिक तरीके से निपटने में माहिर है । ये ऐसे कार्यकर्ता हैं जो प्रदेश संगठन की रीति-नीति और कामकाज से संतुष्ट नहीं हैं लेकिन पार्टी में बने रहेंगे। इसके पीछे इनकी अपनी मजबूरी भी हैं लेकिन इससे पार्टी को नुकसान उठाना पड़ेगा। ये डिप्लोमेटिक तरीके से बोलते हैं और काम करते हैं। इंदौर के एक बड़े नेता जैसे और भी कार्यकर्ता आने वाले दिनों में सक्रियता दिखाएंगे।कुछ तो घुट रहे हैं लेकिन कुछ बोलेंगे नहीं जैसे कार्यकताओं की अपनी सियासी मजबूरी है, जिसके चलते ये कुछ बोलेंगे नहीं। चूंकि अंदर ही अंदर घुट रहे हैं, इसलिए पार्टी को इनके रवैये से नुकसान उठाना पड़ेगा। तीन बार के विधायक दीपक जोशी का कांग्रेस में जाना भाजपा के लिए बहुत बड़ा झटका है। इससे पार्टी की छवि तो खराब होगी ही,

खातेगांव, कन्नौद, बागली, हाटपीपल्या सहित आसपास की सीटों पर भाजपा को नुकसान हो सकता है। इस इलाके में स्व. कैलाश जोशी का प्रभाव रहा है। उनके बेटे दीपक जोशी ने जिस तरह कांग्रेस में शामिल होते हुए तेवर दिखाए हैं, उससे लगता है कि वे क्षेत्र में चिल्ला-चिल्लाकर भाजपाइयों के कारनामे उजागर करेंगे। कुछ जानकार ज्योतिरादित्य सिंधिया के गढ़ का उदाहरण देते हुए कहते हैं- यहां हाल ही में अशोकनगर से भाजपा से 3 बार के विधायक स्व. राव देशराज सिंह यादव के बेटे यादवेंद्र सिंह यादव ने कांग्रेस जॉइन की है। खास बात यह है कि भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा का यह गृह जिला है। राव परिवार का अशोकनगर जिले में पिछले कई सालों से दबदबा रहा है। यादवेंद्र के छोटे भाई अजय प्रताप अभी भी भाजपा सरकार में अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग निगम उपाध्यक्ष हैं। ऐसे में चुनाव से कुछ समय पहले हुई राजनीतिक उठापटक से अशोकनगर के राजनीतिक समीकरण बदलेंगे, लेकिन सबसे ज्यादा असर यादव बाहुल्य मुंगावली सीट पर दिखेगा। यहां यादव सहित अन्य समाज भी राव परिवार से जुड़े रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं कि मप्र में भाजपा के बड़े नेता खुलकर बयान दे रहे हैं, इससे चुनाव में पार्टी को नुकसान होना निश्चित है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी नेता (पूर्व राज्यसभा सांसद रघुनंदन शर्मा) ने केंद्रीय नेतृत्व की कार्यप्रणाली पर ही सवाल उठा दिया। अमूमन देखा गया है कि ऐसे मामलों को केंद्रीय नेतृत्व गंभीरता से लेता है, लेकिन मध्य प्रदेश की तुलना द्रोपदी से करके पांच प्रभारियों को पति बताना कोई हल्की बात नहीं है। यह संकेत है कि इन बयानों से असंतुष्ट नेताओं को ताकत मिलेगी। ऐसे में पार्टी के भीतर जो लोग सत्ता-संगठन से नाराज हैं, वे या तो खुलकर बगावती तेवर दिखाएंगे या फिर घर बैठ जाएंगे। कुछ नेता राजनीति में जो इशारों बोलते है, उसका असर खुलकर बोलने से ज्यादा होता है। यह सब जानते हैं। कैलाश विजयवर्गीय का बयान (भाजपा ही भाजपा को हराएगी) पार्टी के नीति-निर्धारकों के लिए तो संदेश है ही, लेकिन मूल काडर पर भी इसका असर होगा। इस बयान से साफ है कि पार्टी में नेतृत्व स्तर पर एकता नहीं है और सिंधिया समर्थकों को भाजपा के मूल काडर ने स्वीकार नहीं किया है। यदि इसे अभी नहीं रोका गया तो राज्य की पार्टी लीडरशिप के खिलाफ माहौल और बनेगा। मप्र की सियासत पर नजर रखने वाले जानकार कहते हैं कि चुनावी साल में बगावती तेवरों से उन 20-22 सीटों पर भाजपा को नुकसान होने की पूरी संभावना है, जहां सिंधिया समर्थक विधायक हैं। यानी जहां कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए विधायक है। दीपक जोशी का पार्टी छोड़ना हो या फिर भंवर सिंह शेखावत के बदले सुर, इसके साफ संकेत दे रहे हैं।भाजपा सूत्रों की मानें तो हाल ही में संगठन को मिली 14 नेताओं की रिपोर्ट में सिंधिया समर्थकों के क्षेत्रों में नाराजगी ज्यादा है। दरअसल, भाजपा के मूल नेता खासकर पूर्व विधायक और वे नेता जो चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं, फिलहाल चुप हैं। उन्हें समय रहते मनाया नहीं गया तो वे चुनाव के दौरान या तो घर बैठ जाएंगे या फिर सिंधिया समर्थकों को टिकट मिलने पर एकजुट होकर नुकसान पहुंचाएंगे।इस समय भाजपा में प्यारे लाल खंडेलवाल जैसा एक भी सर्वमान्य नेता दिखाई नहीं दे रहा है, जो पार्टी के भीतर की गुटबाजी को समझता हो और जिसके कहने से असंतुष्ट मान जाएं। भाजपा की मूल विचारधारा के नेताओं की नाराजगी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से लेकर प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित कई बड़े नेताओं ने एड़ी चोटी का जोर लगा रहे है। हालांकि, दीपक जोशी पर उनकी समझाइश का कोई असर नहीं हुआ। ऐसे में अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े नेताओं ने मोर्चा संभाला है। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने नाराज नेताओं से वन-टू-वन बातचीत करना शुरू किया है। दोनों नेताओं ने दीपक जोशी से भी संपर्क कर उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन कड़वाहट इतनी बढ़ गई कि जोशी ने बातचीत के दरवाजे बंद कर दिए।भंवर सिंह शेखावत कह रहे है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थकों के कारण भाजपा की बदनामी हो रही है। जिन लोगों ने 2018 में भाजपा की सरकार नहीं बनने दी, उन्हें पार्टी में सम्मानित किया जा रहा है। शेखावत ने कहा कि यह टिकट की लड़ाई नहीं है। सम्मान की लड़ाई है। उन्होंने यह भी कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा की हालत खराब है। कांग्रेसियों के भाजपा में आने से पार्टी की हालत खराब हुई है। पार्टी में अब जमीनी कार्यकर्ता और असली नेताओं की पूछ परख नहीं होती है। वैसे कर्नाटक चुनाव के बाद ही बगावत का बवंडर नहीं उठा है यह आग तो पहले से लगी थी धुंवा अब उठाने लगा है । दरअसल अब भाजपा के कई नेताओं को ऐसा लगने लगा है कि पार्टी में अब उनका कोई भविष्य नहीं है। पिछले दिनों जो परिवर्तन हुए और जिस प्रकार नीतियां बदली गईं, उसका प्रतिकूल असर पड़ता दिख रहा है। वरिष्ठ नेताओं को मार्गदर्शक मंडल की तरफ धकेला जा रहा है। जयंत मलैया, गौरीशंकर शेजवार, हिम्मत कोठारी जैसे नेताओं को उम्र का हवाला देकर साइड लाइन किया गया। फिर यह शर्त भी लगा दी कि पार्टी में वंशवाद नहीं चलेगा। ऐसे में नेता अपनी राजनीतिक विरासत को बचाने के लिए बगावत पर उतर रहे हैं और अन्य दलों में भविष्य की तलाश कर रहे हैं। इस समय भाजपा की लीडरशिप का निचले स्तर पर संवाद की भी कमी है।

कविता

कोई कविता नहीं लिखता
सड़क के लिए?
सड़क बेचारी
कभी सुनसान, कभी बियाबान
कभी पथरीले, कभी कटीले,
भीड़ के हादसे को सहते,
मशीनी हाथियों का सैलाब
दर्द सहती, गुमसुम
चलती जाती है,
दर्द की अभिव्यक्ति
किससे कहें, किसकी सुने,
नियति उसकी दर्द झेलना ही है,
किसी को उसके दर्द से क्या दर्द,
हां कभी कोई लहूलुहान,
वक्त का मारा,
हादसों का शिकार
लग कर गले,
बहा जाता है रक्त
और दर्द के दो आंसू
एक अपने लिए और
एक शायद उसी की तरह
जीती और दर्द भोगती
सड़क के लिए,
वह घायल पथिक जानता है
इसका अपना कोई सगा नहीं

संजीव

राजनीति में कुरसीमाई !

सुनील महला

न जाने किसने बनाई है ? कुर्सी में ही असली मलाई है। आज की इस दुनिया में कुर्सी के प्रति खूब रूझान है, कुर्सी ही जहान है, कुर्सी ही महान है। कुर्सी पर बैठते ही सबको राजा का सा अहसास होता है। अंग्रेजी में कहते जिसे 'चेयर' है, कुर्सी प्राप्ति के लिए इस दुनिया में सबकुछ 'फेयर' है। कुर्सी आदमी को देती 'चीयर'(खुशी) है, कुर्सी है तो न किसी का 'फीयर'(डर) है। कुर्सी राजनेताओं की असली हमदम है। कुर्सी है तो जीवन चमाचम है। कुर्सी नहीं है तो गम ही गम है, हर तरफ फिर तम ही तम (अंधेरा) है। कुर्सी कंचन है, कुर्सी वंदन है, कुर्सी ही चंदन है, कुर्सी अभिनंदन है। कुर्सी पावर है, कुर्सी पर दिलो-जान न्यौछावर है। रामलुभाया जी नेता हैं। नेता और कुर्सी का सीधा संबंध है। रामलुभाया जी कुर्सी पर बैठकर जुबान हिलाते हैं। काम सारे पल में कुर्सी के बल करवाते हैं। कुर्सी की यही तो असली खूबी है, यही जूही यही रूबी है। शासन की कुर्सी में ठाठ ही ठाठ हैं, पावर में नौकर-चाकर, बंगला-गाड़ी अस्सी गुणा आठ हैं। आओ आओ खा-पी लें कुर्सी की मलाई, राजनीति में बेस्ट है कुरसी माई। ये कुर्सी तो है बड़ी हाई-फाई। एक बार हाथ आई तो बन बैठते राजनेता जैसे हो शासन के जंवाई। मन में लड्डू ही लड्डू कुर्सी हासिल होने के बाद फूटते। न होती हासिल कुर्सी तो राजनेता हर ?ोज रूठते। फिर आंसू ही आंसू गालों से उनके छूटते। कुर्सी से चेहरे पर होता है इनके वसंत। आम आदमी का फिर पांच साल ले लेते हैं ये अंत। महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, लालफीताशाही कुर्सी को न आते कभी नजर। लेते हैं राजनेता अपनी व अपनी सातों पीढ़ियों की ही खबर। कुर्सी से जाते पांच साल तक चिपक। माल कितना बना लिया, लगती नहीं किसी को तनिक भी भनक। कुर्सी से होता है सभी नेताओं को खूब मोह, चाहते नहीं कभी भी कुर्सी से बिछोह। कितनी बड़ी बात है कि हमारे नेता कभी जमीन पर बैठने का करते नहीं अभ्यास। होता है कुर्सी हथियाने का उनका सदा ही नायाब प्रयास। कुर्सी की आश(आशा) में ही सभी राजनेता हैं जीते। सत्तासीन होकर सुख के घूंट ही सब पीते। वो एक दिन रामलुभाया जी की पत्नी ने रामलुभाया जी से कहा-'अजी ! बीच-बीच में आम आदमी की तरह आप भी तो जमीन पर बैठा करो। यूं कुर्सी को लेकर सदा ही न ऐंठा(शेखी बघारना) करों, क्यों कि हर वक्त कुर्सी नसीब नहीं होती है, अजी ! कभी नाव गाड़ी पर तो कभी गाड़ी नाव पर होती है। अजी ! कुर्सी साधारण से साधारण आदमी को भी भाषण सिखलाती है। भाषण ही राजनेताओं व राजनीति की असली थाती है।

विचार

फूट चुका है न खाऊंगा न खाने दूंगा का 'गुब्बारा'

निर्मल रानी

दो करोड़ रोजगार और सभी के खातों में 15 -15 लाख रुपए डालने जैसी तमाम बातें हवा हवाई साबित हो चुकी हैं। 15 -15 लाख रुपए खातों में डालने वाली चर्चा पर तो स्वयं गृह मंत्री ने यह कह कर विराम लगाने की कोशिश की थी कि 'यह तो एक जुमला ' था। तभी से कई आलोचक सरकार को 'जुमला सरकार' भी कहने लगे हैं। गंगा सफाई,सौ स्मार्ट सिटी बनाने जैसे अनेक वादों की तो कब की हवा निकल चुकी है। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण नारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया था,'न खाऊंगा न खाने दूंगा '। सरकार दावे भी करती है कि 2014 से लेकर अब तक भ्रष्टाचार में काफी कमी आई है। आए दिन विपक्षी दलों के नेताओं के ठिकानों पर पड़ने वाले ई डी,सी बी आई व इनकम टैक्स विभाग के छापे और कई जगहों पर होने वाली अकूत धन संपत्ति की बरामदगी से ऐसा सन्देश भी जाता है कि सरकार भ्रष्टाचार रोकने के लिये काफी गंभीर है। कुछ गोदी मीडिया भी ऐसी खबरों को बढ़ा चढ़ाकर पेश कर यह माहौल बनाना चाहता है कि सरकार भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। परन्तु वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के अनुसार ' यू पी ए सरकार की तुलना में भ्रष्टाचारियों की सजा की दर इस सरकार में कम हो गयी है। तथ्य यह है कि 2013 में 1136 व्यक्तियों को भ्रष्टाचार के लिए दोषी ठहराया गया। जबकि 2014 में 993 ,2015 में 878 और 2016 में केवल 71 लोगों को दोषी ठहराया गया। कोई व्यक्ति झूठ बोल सकता है परन्तु तथ्य नहीं। आखिर भ्रष्टाचारियों को कौन बचा रहा है '?

हक़ीकत तो यह है कि वर्तमान सरकार के दौर में सत्ता से जुड़े व सत्ता का संरक्षण प्राप्त कई भ्रष्टाचारियों के चेहरे बेनकाब हुए हैं । जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने स्वयं यह कहा कि नरेंद्र मोदी को भ्रष्टाचार से नफरत नहीं है। मलिक ने यह भी कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष उनके एक मंत्री और गोवा के मुख्यमंत्री से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले उठाए थे, जिस पर उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बजाय आनन-फानन में उनका तबादला करके मेघालय भेज दिया। यहां तक कि कश्मीर का राज्यपाल होते उन्होंने आर एस एस के वरिष्ठ नेता व प्रवक्ता रह चुके राम माधव का नाम लेकर भ्रष्टाचार के कई मामले उजागर किये। इससे ऊँचे स्तर पर भ्रष्टाचार की मिसाल और क्या हो सकती है ? कर्नाटक चुनाव में भाजपा की पराजय का मुख्य कारण ही राज्य के भाजपा नेताओं पर लगने वाले भ्रष्टाचार के आरोप ही थे। राज्य में यह बात जन जन तक पहुँच चुकी थी कि किसी भी काम के लिये 100 में से 40 रुपए मंत्री-विधायक की रिश्वत निर्धारित थी।

वह कर्नाटक ही था जहां चुनाव से कुछ ही समय पूर्व भाजपा के तत्कालीन विधायक मदल विरुपक्षप्पा के एक अधिकारी स्तर के पुत्र प्रशांत कुमार को 40 लाख रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ़्तार किया गया। भाजपा विधायक पुत्र प्रशांत कुमार कर्नाटक प्रशासनिक सेवा के 2008 बैच का अधिकारी है । उसने साबुन और अन्य डिटर्जेंट बनाने के लिए कच्चे माल को खरीदने की डील के लिए एक ठेकेदार से 80 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। परन्तु ठेकेदार ने इसकी शिकायत लोकायुक्त से कर दी। लोकायुक्त अधिकारियों ने विरुपक्षप्पा के बेटे प्रशांत कोकर्नाटक सोप एंड डिटर्जेंट लिमिटेड (केएसडीएल) कार्यालय में 40 लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा और उसे गिरफ़्तार कर लिया। इसके बाद लोकायुक्त ने के एस डी एल के कार्यालय व प्रशांत के घर पर छापा मारा तो वहाँ से 8 करोड़ रुपए नकद बरामद हुये। गौरतलब है कि भाजपा विधायक मदल विरुपक्षप्पा स्वयं के एस डी एल के प्रमुख थे जबकि उनका बेटा बंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड में मुख्य लेखाकार है। परन्तु विधायक पिता जिस सरकारी कंपनी का अध्यक्ष था उसका बेटा उसी कंपनी के काम के लिये रिश्वत लेता था। भ्रष्टाचार के इसतरह के और भी कई मामले कर्नाटक में ही उजागर हो चुके थे।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)
स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001
एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

आदर्शनवान जुँएँ

डॉ. सुरेश कुमार

जूँ बड़े आदर्शवान होते हैं। उनसे बहुत कुछ सीखा जा सकता है। वे बड़े मेहनती होते हैं। वे हमारी तरह ईष्यालु अथवा झगड़ालु नहीं होते। वे अत्यंत मिलनसार तथा भाई-चारा का संदेश देने वाले महान प्राणी होते हैं। इस सृष्टि की रचना के आरंभ से उनका और हमारा साथ फेविक्विक से भी ज्यादा मजबूत है। वे जिनके भी सिर को अपना आशियाना बना लेते हैं, उसे मंदिर की तरह पूजते हैं। ह्यतुम ही मेरे मंदिर, तुम ही मेरी पूजा, तुम ही देवता होह्न की तर्ज पर हमारी खोपड़ी की पूजा तन-मन से करते हैं। जुँएँ बाहुबली की तरह शक्तिशाली होते हैं। उनकी पकड़ अद्वितीय है। उनकी चाल-ढाल और गतिशीलता बिजली की भांति तेज होती है। हम तो उनके सामने फेल हैं। पलक झपकते ही सिर में ऐसे गायब हो जाते हैं जैसे उनके पंख लगे हों। वे बड़े संघर्षशील तथा अस्तित्वप्रिय होते हैं। वे हमारी तरह डरपोक नहीं होते। बड़ी-बड़ी मुसीबतों का सामना हँसते-हँसते करते हैं। वे धूप, बरसात, आंधी, बाढ़ सबका सामना ह्यखड़ा हिमालय बता रहा है, डरो न आंधी पानी में, खड़े रहो तुम अविचल होकर, सब संकट तूफानी मेंह्न की तर्ज पर करते हैं। किसी की मजाल जो उन्हें भगा दें। जब तक उनके बारे में खोपड़ी वाले को पता न चले, तब तक वे बाहर नहीं निकलते। बेचारे अपने सभी काम उस छोटी सी खोपड़ी पर करते हैं। कभी जगह की कमी की शिकायत नहीं करते। जो मिला उसे भगवान की देन मानकर उसी में अपना सब कुछ लगा देते हैं। स्थान और समय प्रबंधन के महागुरु हैं। हमारे नहाने के साथ वे नहा लेते हैं। त्यौहार का दिन हो तो उनका जीना मुश्किल हो जाता है। उस दिन शैंपू, हेयर क्लीनर के नाम पर न जाने कितने रासायनिक पदार्थों का सामना करते हैं। फिर भी जुँएँ संघर्ष का परचम फहराने से नहीं चूकते। ये सब तो उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं है। उनकी शामत तो सिर पर तौलिया रगड़ने से आती है। जैसे-तैसे प्राण बचाने में सफल हो जाते हैं। हेयर ड्रायर की जोरदार गर्म हवा से इनके शरीर का तापमान गरमा जाता है और अपनों से बिछुड़ जाते हैं। फिर भी अपने आत्मविश्वास में रत्ती भर का फर्क नहीं आने देते। आए दिन उन पर खुजलाने के नाम पर, कंघी के नाम पर हमले होते ही रहते हैं।

बालक के सीखने का पायदान

विजय गर्ग

यह भी एक बड़ा कारण है कि दसवीं आते-आते करीब चालीस फीसद बच्चे बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं। उनके लिए स्कूल, पुस्तक, परीक्षा, डिग्री महज एक उबाऊ या रटने वाली गैर-उत्पादक प्रक्रिया होती है और उसमें वे अपनी रोटी या भविष्य नहीं देखते। दरअसल, शिक्षा प्रणाली का मौजूदा स्वरूप आनंददायक शिक्षा के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा है। इसमें पाठ्य-पुस्तकें भी शामिल हैं। स्कूल में पढ़े हुए के मूल्यांकन के तौर पर होने वाली परीक्षा और उसके परिणामों ने एक भयावह सपने, अनिश्चितता की जननी और बच्चों के नैसर्गिक विकास में बाधा का रूप ले लिया है।

लिखना, पढ़ना, बोलना, सुनना- ये चारों क्रियाएं वैसे तो अलग-अलग हैं, लेकिन वे एक दूसरे से जुड़ी हैं। एक दूसरे पर निर्भर हैं, एक दूसरे को उभारती हैं। एक अकेले शब्द का अर्थ अलग होता है, कुछ शब्द जुड़ कर जब एक वाक्य बनते हैं तो उनका अर्थ व्यापक हो जाता है। सरल भाषा वही है जो उपर्युक्त चारों क्रियाओं में सहज हो। बच्चा घर में अपनी देशज भाषा- बुंदेली, मालवी, ब्रज या राजस्थानी इस्तेमाल कर रहा हो और स्कूल में उसे खड़ी बोली में पढ़ाया जा रहा हो। उसके बालने, समझने, सीखने और पढ़ने की भाषा में जैसे ही भेद होता है, वह गड़बड़ा जाता है और पुस्तकों में अपनी ऊब को खड़ा पाता है। व्यक्तित्व के विकास में भाषा एक कुंजी है, अपनी बात दूसरों तक पहुंचाना हो या फिर दूसरों की बात ग्रहण करना, भाषा के ज्ञान के बगैर संभव नहीं है। भाषा का सीधा संबंध जीवन से है और यही बच्चे को परिवार, समाज से जोड़ती है। भाषा शिक्षण का मुख्य उद्देश्य बालक को सोचने-विचारने की क्षमता प्रदान करना, उस सोच को निरंतर आगे बढ़ाना, सोच को सरल रूप में अभिव्यक्त करने का मार्ग तलाशना होता है। अब जरा देखें कि मालवी और राजस्थानी की कई बोलियो में ह्यसह्न का उच्चारण ह्यहह्न होता है और बच्चा अपने घर में वही सुनता है। लेकिन जब वह स्कूल में शिक्षक से या अपनी पाठ्यपुस्तक में पढ़ता है तो उससे संदेश मिलता है कि उसके माता-पिता गलत उच्चारण करते हैं। सभी जनजातीय बोलियों में हिंदी के स्वर-व्यंजन में से एक चौथाई होते ही नहीं हैं। असल में आदिवासी कम में काम चलाना और संचय न करने के नैसर्गिक गुणों के साथ जीवनयापन करते हैं और यही उनकी बोली में भी होता है।

दूध-दही-बादाम बनाएगा आपको जवान

आप जवान तभी रह सकते हैं जब आपके अंदर ताकत हो और ताकत और कसी और दमकती त्वचा दोनों का मेल होने के बाद ही इंसान जवान बना रह सकता है। ज्यादा ऑइली और तली हुई चीजें फास्ट फूड और तो और कोला जैसे पेय पदार्थ आपकी स्किन के लिए सबसे हानिकार होते हैं। यह आपको फैटी बनाती हैं और स्किन को ऑइली व झूलझूल बना देती है। यह एक सार्वभौमिक सत्य है कि कोई भी व्यक्ति हमेशा जवान नहीं रह सकता है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है चेहरे की रौनक और चमक चली जाती है और झुर्रियां आदि पड़ने लगती हैं। कई महिलाएं और पुरु ष हमेशा यंग दिखने की फिराक में रहते हैं और इसके लिए वह कोई न कोई क्रीम आदि लगाते ही रहते हैं। जिससे की उनकी त्वचा पर और अधिक बुरा प्रभाव पड़ता है। कॉस्मेटिक आदि का इस्तेमाल त्वचा को बाहर से अच्छा बना देता है लेकिन उनमें अंदरूनी क्षमता नहीं रह जाती है। अगर आप अपनी त्वचा को अंदर से चमकदार बनाना चाहते हैं तो आपको अपनी फूडिंग हैबिट और लाइफ स्टाइल पर विशेष ध्यान देना होगा। साथ ही खुराक में कुछ विशेष सब्जियों, फल व फूड मैटर को शामिल करना होगा। आपको अपनी त्वचा को बेहतर फूड देने होंगे और अपनी सेहत पर ध्यान देना होगा।

ज्यादा ऑइली और फास्ट फूड आपकी स्किन को खराब करते हैं

अपनी त्वचा को अंदर से चमकदार बनाना चाहते हैं तो आपको अपनी फूडिंग हैबिट और लाइफ स्टाइल पर विशेष ध्यान देना होगा

आपको अपनी त्वचा के लिए बेहतर फूड खाने होंगे और अपनी सेहत पर ध्यान देना होगा

दूध-दही में प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा काफी अधिक होती है। जो आपको जवान रखने में मदद करते हैं

जवान बने रहने व चेहरा निखारने का नुस्खा

पालक : पालक में भरपूर मात्रा में कैल्शियम होता है साथ ही पौटेशियम और विटामिन की भरमार होती है। इसमें काफी ज्यादा मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होता है जो शरीर की रक्षा करता है। इसके सेवन से ऊतकों और कोशिकाओं को ताकत मिलती है और वह स्वस्थ रहती हैं। खून को भी साफ रखने और मात्रा बढ़ाने में पालक कारगर होती है।

बींस: बींस में प्रोटीन और फाइबर होता है जिसमें कम कार्बोहाईड्रेट होने के कारण वसा नहीं होता है और शरीर स्वस्थ रहता है। यह एंटी-एजिंग सब्जी होती है।

हल्दी : हल्दी सबसे अच्छा एंटी-एजिंग एजेंट होता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लामेंट्री गुण होते हैं जो पाचन क्रिया को अच्छा रखते हैं और उम्र को थाम देते हैं।

बादाम: बादाम में विटामिन ''ई' होता है जो त्वचा और बालों के लिए बहुत अच्छा होता है। इसमें मैग्नीशियम भी होता है जो बढ़ती उम्र के लक्षणों को धीमा कर देता है।

अखरोट : अखरोट में प्रोटीन, विटामिन और ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है जो आपकी स्किन के लिए जरूरी है।

दूध-दही : दूध-दही में प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट्स की मात्रा काफी अधिक होती है। जो आपको जवान रखने में मदद करते हैं।

अब 6 महीनों में हेपेटाइटिस 'सी' का इलाज

यकृत से जुड़ी जानलेवा बीमारी हेपेटाइटिस ''सी' से ग्रसित मरीजों को एंटी वायरल इलाज के जरिए छह सप्ताह की अल्प अवधि में ही ठीक किया जा सकता है। यूरोपीय देश स्पेन के बार्सिलोना शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय यकृत सम्मेलन के दौरान शोधकर्ताओं की ओर से प्रस्तुत अध्ययन में बताया गया कि सोफोसबुवीर और लेडिपासवीर के जरिए केवल छह महीनों में हेपेटाइटिस ''सी' से पीड़ित लोगों का इलाज किया जा सकता है। लिवर सिरोसिस और लिवर कैंसर का कारण बनने वाले हेपेटाइटिस ''सी' का इलाज इसके जरिए किया जा सकता है। 95 फीसदी मामलों में समय रहते इसके इस्तेमाल से हेपेटाइटिस ''सी' के इलाज में काफी फायदा मिला है। इन गोलियों के इस्तेमाल से हेपेटाइटिस ''सी' के शरीर पर दुष्प्रभाव तो कम होंगे ही इलाज की अवधि भी काफी कम हो जाएगी।यह हेपेटाइटिस ''सी' से प्रभावित लोगों का इसके अचानक शिकार हुए लोगों की तुलना में आम तौर पर दस से पन्द्रह फीसदी जल्दी ठीक करता है। विश्व भर में हेपेटाइटिस ''सी' के रोगियों की संख्या तेरह से पन्द्रह करोड़ के बीच है। प्रतिरोध से जुड़े विसंगति के अचानक उभरने के कारण हेपेटाइटिस ''सी' के मरीजों का इलाज अभी भी चुनौती बनी हुई है।इस शोध के अनुसार सोफोसबुवीर और लेडिपासवीर का संयोजन न केवल सुरक्षित है बल्कि हेपेटाइटिस के मरीजों के लिए यह सहनीय और प्रभावकारी भी है लेकिन अल्प अवधि के इलाज के दौरान इसके प्रभाव में यह नहीं दिखता है।

95 फीसदी मामलों में समय रहते इसके इस्तेमाल से हेपेटाइटिस 'सी' के इलाज में काफी फायदा मिला है

अत्यधिक नमक लिवर खराब करता है

पेइचिंग। भोजन में अत्यधिक नमक प्रयोग करने से केवल रक्तचाप बढ़ने की ही समस्या पैदा नहीं होती, बल्कि इससे वयस्कों और विकसित भ्रूण का यकृत भी खराब हो सकता है। एक नए अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है।अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि हमारे शरीर को बहुत कम मात्रा में नमक की आवश्यकता होती है। अमेरिकी सरकार सलाह देती है कि यदि आप एक स्वस्थ व्यस्क हैं तो आपको प्रति दिन एक छोटा चम्मच नमक लेने की आवश्यकता है। कुछ अनुसंधानकर्ताओं ने संकेत दिया है कि सोडियम के आवश्यकता से अधिक प्रयोग से उच्च रक्तचाप की समस्या के अलावा यकृत भी खराब हो सकता है। चीन की ''जिनान यूनीवर्सिटी' के शुएसोंग यांग और उनके सहकर्मी सोडियम के कोशकीय स्तर पर संभावित प्रभाव के बारे में पता करना चाहते थे।अनुसंधानकर्ताओं ने एक वयस्क चूहे को अत्यधिक नमकयुक्त आहार दिया और चूहों के भ्रूणों को एक खारे पर्यावरण में रखा। अत्यधिक सोडियम से अजीब आकार की कोशिकाएं विकसित होने, कोशिका समाप्ति में वृद्धि और कोशिका प्रसार में कमी समेत जीवों के यकृत में कई तरह के बदलाव हुए। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि खराब कोशिकाओं का विटामिन ''सी' के माध्यम से उपचार करके अत्यधिक नमक के कारण हुए दुष्प्रभाव को आंशिक रूप से कम किया जा सकता है। यह अध्ययन ''जर्नल ऑफ एग्रीकल्चर एंड फूड केमिस्ट्री' में प्रकाशित किया गया है।

टाईम पास

आज का राशिफल

मेष
चू चे चो ला ली लू ले लो आ
मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरे के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-6-9

वृष
इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक-4-7-9

मिथुन
का की कू घ ङ छ के को हा
हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा घर-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

कर्क
ही हू हे हो डा डी डू डे डो
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्गजनों से मतभेद होगा। शुभांक-1-5-7

सिंह
मा मी मू मे मो टा टी टू टे
मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-1-3-5

कन्या
टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-4-6-8

तुला
रा री रू रे रो ता ती तू ते
अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में असावधानी ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

वृश्चिक
तो ना नी नू ने नो या यी यू
घर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। घर-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-8

धनु
ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में असानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक-3-5-6

मकर
भो जा जी खी खू खे खो गा गी
खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बन रहे हैं। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा। शुभांक-3-4-6

कुंभ
गू गे गो सा सी सू से सो दा
शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में असानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

मीन
दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-6

लॉफिंग ज़ोन

संपादक (प्रबंधक से) - अखबार में थोड़ी सी जगह बची है क्या लिखूं?

प्रबंधक - लिख दो, कल चांदनी चौक में डाका पडा, खून हो गया.

संपादक - थोड़ी सी जगह और है.

प्रबंधक - वहां लिख दो - बाद में पता चला यह सब अफवाह थी.

☺ ☺ ☺

वकील (मुजरिम से) - तुमने एक ही दुकान में दोबारा चोरी क्यों की?

मुजरिम - साहब जी, उस दुकान के बाहर लिखा था दोबारा जरूर आएं.

☺ ☺ ☺

मुकेश (ड्राइवर से) - यह टायर पंचर कैसे हुआ?

ड्राइवर - एक कांच की बोतल पर चढ़ गया था.

मुकेश - क्या तुम्हें बोतल दिखाई नहीं दी?

ड्राइवर - जी नहीं, बोतल उस आदमी की जेब में रखी थी जो गाड़ी के नीचे आ गया था!

☺ ☺ ☺

रमेश (नौकर से) - जरा देखना तो कितने बजे हैं?

नौकर - मुझे समय देखना नहीं आता.

रमेश - अच्छा कोई बात नहीं, यह देखकर बताओ कि बडी सुई कहां है और छोटी सुई कहां है?

नौकर - दोनों सुइयां घड़ी में हैं.

काकुरो पहेली - '4057



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



काकुरो -4056 का हल



फिल्म वर्ग पहेली- 4057



बायें से दायें:-

१. मनोजकुमार, हेमा की 'बाली उमरिया भजन करू कैसे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दिल तुझपे फिदा' गीत वाली सैफअली खान, काजोल की फिल्म-३
५. संजयदत्त, शशिकपूर, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली कहां' गीत वाली फिल्म-२
७. 'लकड़ी की काठी' गीत वाली नसीरुद्दीनशाह, शबाना की फिल्म-३
९. जीतेंद्र, परवीन बाबी की रविकांत निर्देशित एक एक्शन फिल्म-२
११. 'दीवाना तो कह दिया' गीत वाली विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की फिल्म-२
१३. अजय देवगन, जूही चावला की 'लाल लाल होठों पे' गीत वाली फिल्म-४
१५. बोनीकपूर की फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' की नायिका थी-३
१६. अमिताभ, वहीदा, जीनत, परवीन की 'हर गोरी [illegible]' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'बाबुजी जरा धीरे' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२१. अनिल कपूर, माधुरी की 'तू अपने दिल पे मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२३. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
२४. फिल्म 'दिलजला' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी-३
२५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
२६. धर्मेंद्र, हेमा मालिनी की 'जलता है बदन' गीत वाली फिल्म-३,३
२९. फिल्म 'जीवन मृत्यु' में धर्मेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
३०. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषिकपूर, के साथ नायिका थी-२

ऊपर से नीचे:-

१. जैकीश्रॉफ, रवीना टंडन की फिल्म-२
२. 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'कागज कलम दवात ला' गीत वाली अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत की फिल्म-२
४. जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
५. 'हम तो तेरे आशिक हैं' गीत वाली फिल्म-२
६. मिथुन, आयशा जुल्का की 'थोड़ा इंतजार का मजा' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ये हसीं वादियां' गीत वाली फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, टीना मुनीम की 'जिंदगी प्यार का गीत है' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'टिकली टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुमीत सहगल, शिखा स्वरूप की 'पीछे पीछे आजा मेरी' गीत वाली फिल्म-४
१४. 'गर तुम भुला न दोगे' गीत वाली धर्मेंद्र शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
१६. 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली जीतेंद्र, रणधीर, राकेश रोशन, रेखा की फिल्म-३
२०. देव आनंद, माला सिन्हा की 'कोई सोने के दिलवाला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमारे ही मुट्ठी में' गीत वाली नाना पाटेकर, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
२२. अमिताभ, परवीन, आशापारेख की फिल्म-३
२३. 'क्या मोहब्बत है' गीत वाली फिल्म-४
२४. शशिकपूर, शबाना आज़मी की फिल्म-३
२७. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली जॉन अब्राहम, बिपाशा बसु की फिल्म-३
२८. लकी अली, गौरी कर्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली-4056



सूडोकु -4057

7							4	
		5		3			7	
					8			2
					1	9		
	2						8	
		6	7					
1			4					
	9			2		5		
	8							1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु 4056 का हल

8	4	5	6	1	3	7	2	9
7	2	6	4	9	5	3	8	1
9	3	1	7	8	2	6	5	4
1	7	2	9	6	8	4	3	5
5	6	9	3	2	4	1	7	8
4	8	3	5	7	1	9	6	2
2	9	7	1	5	6	8	4	3
3	1	8	2	4	7	5	9	6
6	5	4	8	3	9	2	1	7

शब्द पहेली - 4057



बाएं से दाएं

1.अनाथालय-5
4.जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7.कमरा,रूम-2
8.फिजूल-3
9.अंग्रेजी शराब-2
10.अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11.लक्ष्मी,कमला-2
13.ध्वनिहीनता,शांति-4
14.देवता,देव-2
16.प्रणाम,नमस्कार-3
18.रुधिरहीन,कमजोर-3
19.प्रस्थान करना-3,2
21.पालने वाला,ईश्वर-5
24.प्रेम,चाहना-3
26.वन,अरण्य,जंगल-3
28.विदेशी मदिरा-2
29.छिड़कना-4
30.धूल,मिट्टी-2
32.अंगीकार करना-4
33.झापा,सतत वर्षा-2
35.विरुद्ध-3
36.सुबह,प्रातःकाल-2
37.जोकर,विदूषक-4
38.संन्यासी,साधु-3,2

ऊपर से नीचे

1.इसके सवाल युधिष्ठिर ने हल किये थे -2
2.उदारता,बड़प्पन-4
3.पत्नी का नाना-2,3
4.दसवीं राशि -3
5.बहादुर,निडर-2
6.एक मुस्लिम महीना-4
7.कहानी लेखक-5
10.नाव चलाना-2,2
12.सम्मान-2
15.मारकाट,खून खराबा-4
17.पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18.कुकर्म,दुष्कर्म-4
20.गाड़ी,यान-3
22.इंकार करना-4
23.रचना करनेवाला, रचयिता -5
25.जीवनसाथी-5
26.कारोबार,व्यवसाय-4
27.मादा का विलोम-2
29.निद्राशील-4
31.ढेर,काफी सारा (उर्दू-3)
34.मजा,आनंद-2
36.भोगने वाला,कामी-2

शब्द पहेली 4056 का हल



नेहा धूपिया

ने शादी से पहले, जब घरवालों से कहा- मैं मां बनने वाली हूं, फिर... क्या है 72 घंटे की कहानी

बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा धूपिया (**Neha Dhupia**) और एक्टर अंगद बेदी (**Angad Bedi**) की शादी को 5 साल हो गए हैं. साल 2018 में दोनों ने एक-दूसरे का हाथ थामा था. दोनों की अचानक हुई शादी ने लोगों को हैरान कर दिया था, क्योंकि दोनों की शादी की चर्चाएं बी-टाउन में ही थीं. इस खबर के बाद फैंस एक बार फिर तब हैरान हो गए, जब नेहा ने शादी के तुरंत बाद अपनी प्रेग्नेंसी की बात रिवील की. शादी से पहले प्रेग्नेंट होने की बात को कई लोग पचा नहीं सके और उन्होंने एक्ट्रेस को इसके लिए ट्रोल भी किया. शादी के 5 साल बाद नेहा धूपिया ने खुलासा किया कि जब शादी से पहले अपने प्रेग्नेंट होने की खबर उन्होंने अपने मम्मी-पापा को दी, तो उनका रिएक्शन कैसा था.अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा धूपिया अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं. दो बच्चों की मम्मी बन चुकी नेहा ने हाल ही में उस 72 घंटे की कहानी को बयां किया, जो उनके मम्मी-पापा ने उन्हें शादी से पहले प्रेग्नेंट होने की बात सुनने के बाद दिए थे.

शादी से पहले हो गई थीं प्रेग्नेंट

नेहा धूपिया ने हाल ही में 'टाइम्स नाउ डिजिटल' के साथ एक बातचीत की, जिसमें उन्होंने 5 साल पुराना वो राज खोला, जिसको कोई नहीं जानता था. नेहा धूपिया ने शादी से पहले प्रेग्नेंट होने के बारे में बात खुलकर बात की. उन्होंने खुलासा किया कि जब उनके माता-पिता ने इस खबर के बारे में पता चला तो उनकी कैसे प्रतिक्रिया थी.

72 घंटे की कहानी

एक्ट्रेस ने बताया, 'हमने बिना किसी पैमाने के शादी की थी. मैं शादी करने से पहले ही प्रेग्नेंट थी, इसलिए जब हमने जाकर अपने माता-पिता को खबर दी, तो वे बोले यह बहुत अच्छा है, लेकिन आपके पास शादी करने के लिए सिर्फ 72 घंटे हैं. मुझे ढाई दिन का समय दिया गया था, ताकि मैं बॉम्बे वापस जाकर शादी कर सकूं, बस फिर हमने कहा चलो चलते हैं और दोनों ने शादी कर ली.

मां का अंगद से है खास लगाव

एक अन्य इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने अपनी मम्मी का अंगद बेदी के प्रति लगाव के बारे में बात की थी. उन्होंने कहा था कि मेरी मां मनपिंदर उर्फ बबली धूपिया मेरे और अंगद के रिलेशन से खुश थीं. एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि वो दूसरे रिश्तों में भी थीं, लेकिन उनकी मां कहती थीं कि अंगद बहुत अच्छा है, तुम दूसरे लोगों को क्यों डेट कर रही हो? एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि हमेशा अंगद ही अंगद, मेरे घर में और कोई नाम ही नहीं होता था.

जिम, प्यार और शादी

नेहा और अंगद की पहली मुलाकात जिम में हुई थी. पहली नजर में ही अंगद नेहा को दिल दे बैठे थे, लेकिन नेहा की तरफ से उस वक्त ऐसा कुछ नहीं था, फिर एक दोस्त का पार्टी में मुलाकात हुई और दोनों एक-दूसरे के करीब आने लगेऔर फिर ये रिश्ता शादी में बदल गया.

रानी मुखर्जी

की बेटी खुद को मानती है बंगाली, एक्ट्रेस ने शेयर किया दिलचस्प किस्सा

रानी मुखर्जी अपनी बेहतरीन फिल्मों के लिए जानी जाती हैं. हाल ही में उनकी फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नार्वे रिलीज हुई. हालांकि इससे अलग उनकी पर्सनल लाइफ भी है. एक्ट्रेस होने के अलावा वो आदित्य चोपड़ा की पत्नी और अदिरा की मां के रूप में भी काफी अच्छी हैं. 2015 में रानी ने अदिरा को जन्म दिया था. उनका एक पुराना वीडियो सामने आया है जिसमें रानी ने अदिरा के बारे में दिलचस्प बातें शेयर की हैं.

अदिरा ने कहा वो भी बंगाली हैं

रानी मुखर्जी ने पीपिंगमून को दिए इंटरव्यू में जब रानी मुखर्जी से अपनी बेटी के साथ सोने को लेकर पूछा गया तो उन्होंने बताया, हमेशा नहीं, लेकिन जब वो छोटी थी. हम आधुनिक माता-पिता हैं इसलिए हमारे पास पालने और बाकी सभी चीजें हैं, लेकिन ऐसा कई बार होता है जब मैं आदिरा के साथ एक ही बिस्तर पर सोती हूं, जब वो ठीक नहीं होती है, जब उसे बुखार होता है, वो समय होता है जब बच्चों को अपनी मां की सबसे ज्यादा जरूरत होती है.

अपने हाथों से खाना खाना पसंद करती हैं अदिरा

रानी मुखर्जी ने आगे बताया, साथ ही आदिरा को अपने हाथ से खाना बहुत अच्छा लगता है क्योंकि वो मुझे ऐसा करते हुए देखती है और उसके लिए ये एक बहुत ही बंगाली विशेषता है, क्योंकि जब वो हाथ से खाती है तो उसे लगता है कि वो मुझे बहुत खुश कर रही है. वो कहती है कि मम्मा मैं भी बंगाली हूं क्योंकि मुझे हाथ से खाना खाना पसंद है.

आदिरा को मीडिया से दूर रखती हैं रानी

रानी मुखर्जी ने उनकी फिल्म मिसेस चटर्जी बनाम नार्वे के प्रमोशन के दौरान रानी मुखर्जी ने बताया था कि उनकी बेटी अभी छोटी है और वो मानती हैं कि बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखना चाहिए, जब उनकी बेटी अदिरा बड़ी हो जाएगी तो वो ये निर्णय उसपर छोड़ देंगी कि उसे लाइमलाइट में आना है या नहीं.

अमिताभ बच्चन और अनुष्का शर्मा को बाइक सवारी करना पड़ा भारी, मुंबई पुलिस ने लिया ऐक्शन

अभिनेता अमिताभ बच्चन और अनुष्का शर्मा को बिना हेलमेट के बाइक की सवारी करना भारी पड़ा है. सोशल मीडिया यूजर्स की शिकायतें मिलने के बाद मुंबई पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है. दोनों को हाल ही में बिना हेलमेट के अलग-अलग बाइक की सवारी करते देखा गया था. अमिताभ ने सोमवार को अपने काम के स्थान पर पहुंचने के लिए एक प्रशंसक से लिफ्ट ली थी, जबकि सड़क जाम के बाद शूटिंग की जगह पर जल्दी जाने के लिए अनुष्का शर्मा अपने बॉडीगार्ड के साथ बाइक पर बैठीं थीं. दोनों ही स्थितियों में न तो अमिताभ और अनुष्का ने हेलमेट पहन रखा था और ना ही बाइक चलाने वाले ने.अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अमिताभ बच्चन ने जाम से निकलने और शूटिंग पर समय पर पहुंचाने में मदद करने के लिए एक अनजान व्यक्ति का शुक्रिया अदा किया. बच्चन (80) ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक मोटरसाइकिल चालक के साथ रविवार रात एक तस्वीर साझा की और लिखा, 'सवारी के लिए शुक्रिया दोस्त! आपको नहीं पता, लेकिन आपकी वजह से मैं समय पर शूटिंग पर पहुंचा. जाम से बचाने के लिए शुक्रिया.' तस्वीर में अमिताभ एक मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे नजर आ रहे हैं.फिल्म जगत के कई लोगों ने बच्चन के बाइक सवार के साथ जाने के फैसले की तारीफ कर उनकी भी सराहना की है, वहीं कुछ सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने पूछा है कि बच्चन और बाइक चालक दोनों ने ही हेलमेट क्यों नहीं पहना. एक व्यक्ति ने लिखा, 'हेलमेट कहां है सर'. एक अन्य ने मुंबई पुलिस को टैग करते हुए लिखा, 'सवार और पिछली सवारी दोनों बिना हेलमेट के हैं. मुंबई पुलिस कृपया ध्यान दें!'अमिताभ बच्चन के बिना हेलमेट के बाइक सवारी करने पर मुंबई पुलिस ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कहा, 'हमने इस मामले को ट्रैफिक ब्रांच के साथ साझा किया है.' इसी तरह, जब अनुष्का शर्मा का बाइक सवारी करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, तो एक यूजर ने मुंबई पुलिस को टैग किया और लिखा, 'मुंबई पुलिस नो हेलमेट?' इसके जवाब में, मुंबई पुलिस ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस को इसके बारे में सूचित कर दिया गया है. दोनों ट्वीट में मुंबई ट्रैफिक पुलिस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल को भी टैग किया गया था.

विक्रमादित्य को जब लोगों ने किया रिजेक्ट, एक्टर ने लौटा दिए 50 करोड़, आदिपुरुष से फिर बढ़ी उम्मीदें

2015 की रिलीज 'बाहुबली' (**Baahubali**) के बाद प्रभास (**Prabhas**) छा गए थे. वह साउथ डायरेक्टर्स की पहली पसंद बन गए थे. इस फिल्म के बंपर सफलता के बाद लोगों को प्रभास की अन्य फिल्मों जैसे 'साहू और 'राधे श्याम' से काफी उम्मीदें थी. हालांकि भारी भरकम बजट में बनीं प्रभाष की इन दोनों ही फिल्मों ने दर्शकों को काफी निराश किया और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई थी. लेकिन आपको पता है कि इन फिल्मों असफलता के बाद प्रभास ने अपने पे चेक से एक बड़ी रकम वापस कर दी. जी हां, क्या आप जानते हैं कि बॉक्स ऑफिस पर राधे श्याम की नाकामी से हुए नुकसान की भरपाई के लिए एक्टर ने अपनी सैलरी से 50 करोड़ लौटा दिया था.आपको बता दें कि प्रभास ने पहली बार ज्योतिषी का रोल प्ले किया था. उनके किरदार का नाम विक्रमादित्य था. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 'राधे श्याम' में विक्रमादित्य के रोल के लिए प्रभाष को 100 करोड़ फीस मिली थी. हालांकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की एकदम फ्लॉप साबित हुई. भारी बजट में बनी इस फिल्म से निर्माताओं को भारी नुकसान उठाना पड़ा था. ऐसे में मेकर्स टीम की मदद करने के लिए प्रभाष ने अपनी आधी फीस वापिस कर दिया था.

सोशल मीडिया पर हुई खूब तारीफें

खबरों के मुताबिक, राधे श्याम के निर्माताओं को 100 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और अभिनेता ने उन्हें आधी रकम देकर उनकी मदद की. यह भी कहा गया कि उनकी फीस वापस करने के लिए निर्माताओं या डिस्ट्रीब्यूटर्स की ओर से कोई बाध्यता नहीं थी, लेकिन उन्होंने फिर भी किया. हालांकि, मेकर्स ने इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन जैसे ही यह खबर सामने आई, कई फैंस ने उनकी तारीफ की. उ

नकी फीस वापस करने के उनके इशारे की सोशल मीडिया पर नेटिजन्स ने खूब सराहा था.गौरतलब है कि फिल्म राधे-श्याम 11 मार्च 2022 को रिलीज हुई थी. साइंस-फिक्शन पीरियड ड्रामा को राधा कृष्णा कुमार ने निर्देशित किया था. 350 करोड़ के बड़े बजट में तैयार की गई इस फिल्म में पूजा हेगड़े प्रभाष की गर्लफ्रेंड बनी थीं. इनके अलावा फिल्म में भाग्यश्री, सत्याराज, कृष्णम राजू, रजपति बाबू, सचिन खेडेकर, प्रियदर्शनी, मुरली शर्मा, कुणाल रॉय कपूर जैसे कई एक्टर ने अहम किरदार निभाएं थे.

कच्चा तेल 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में मामूली गिरावट है। ब्रेंट क्रूड का भाव घटकर 75 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 71 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.03 डॉलर यानी 0.04 फीसदी की गिरावट के साथ 74.88 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 70.86 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

CRUDE OIL
CRUDE OIL
CRUDE OIL

भारत और यूरोपीय संघ एफटीए पर बातचीत तेज करने पर सहमत

नई दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) से संबंधित सभी मुद्दों पर आम राय तलाश कर समझौते से संबंधित बातचीत की प्रक्रिया तेज करने पर सहमति जताई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी बयान में यह जानकारी दी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय संघ के कार्यकारी निकाय यूरोपीय आयोग के कार्यकारी उपाध्यक्ष वाल्दिस दाम्ब्रोवस्की के साथ ब्रसेल्स में हुई मुलाकात के दौरान एफटीए वार्ता को तेज करने पर सहमति जताई गई। दाम्ब्रोवस्की के साथ पीयूष गोयल की इस मुलाकात में दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। यह बैठक भारत-यूरोपीय संघ व्यापार एवं प्रौद्योगिकी परिषद की पहली मंत्री-स्तरीय बैठक से इतर हुई। मंत्रालय के मुताबिक दोनों पक्षों ने सभी मुद्दों पर सहमति तलाश कर मौजूदा एफटीए वार्ता को तेज करने की जरूरत पर बल दिया। इस दौरान एक-दूसरे को अपने बाजार तक सार्थक एवं संतुलित पहुंच देने समेत तमाम संवेदनशील मुद्दों पर भी गौर किया गया, जिससे दोनों ही अर्थव्यवस्थाओं और उनके रोजगार को समर्थन मिल सके। दरअसल, भारत और यूरोपीय संघ आपसी व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए एफटीए के लिए प्रयासरत हैं। इस सिलसिले में दोनों पक्षों के बीच बातचीत की प्रक्रिया जारी है।

सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले, डीए को 38 प्रतिशत से बढ़ाकर किया गया 42 प्रतिशत

नई दिल्ली। बढ़ती महंगाई के साथ महंगाई भत्ता भी बढ़ता रहे ऐसा देश के हर सरकारी कर्मचारी की ख्वाहिशत होती है। केंद्र और राज्य सरकारें इसकी घोषणा अपने संसाधनों और सुविधा के अनुसार करती हैं। इस बार तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्तालिन ने महंगाई भत्ता यानी डीए में बढ़ोतरी कर दी है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में चार प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बुधवार को कहा गया कि इस कदम से सरकारी खजाने पर सालाना 2,366.82 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा और इससे 16 लाख सरकारी कर्मचारियों, शिक्षकों, पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशन प्राप्त करने वालों को लाभ होगा। यह वृद्धि चालू वित्त वर्ष की शुरुआत यानी एक अप्रैल 2023 से लागू होगी। डीए को 38 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा, भविष्य में जब भी केंद्र सरकार डीए में बढ़ोतरी का एलान करेगी राज्य सरकार भी डीए में वृद्धि करेगी।

क्रिप्टो करेंसी की खरीद बिक्री पर होगी सख्ती

नई दिल्ली। क्रिप्टो करेंसी के कारोबार पर भारत सख्ती करने की तैयारी कर रहा है। माना जा रहा है कि 14 से 16 जुलाई के बीच गुजरात के गांधीनगर में होने वाली जी-20 देशों की बैठक में भारत की पहल पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) इस संबंध में नए नियमन (रेगुलेशन) का मसौदा पेश कर सकता है।

बताया जा रहा है कि नए नियमन पर सहमति के लिए भारत सरकार की ओर से पहले ही जी-20 देशों के सदस्यों से बातचीत की जा चुकी है। इन सभी देशों की सहमति से ही आईएमएफ को नया नियमन तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसलिए गांधीनगर की बैठक में इस नियमन को मामूली फेरबदल के साथ स्वीकार किया जा सकता है। गांधीनगर में होने वाली बैठक में अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और फ्रांस समेत 19 देश शामिल होंगे। इसके अलावा कुछ और यूरोपीय देशों को भी बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है। क्रिप्टो करेंसी की खरीद बिक्री और लेन-देन पर तैयार किए जा रहे प्रस्तावित नियमन को जी-20 की बैठक में सहमति के बाद ही लागू किया जाएगा। ये नियमन भारत समेत जी-20 के सभी सदस्य देशों में एक साथ लागू हो जाएगा, जिसके बाद क्रिप्टो करेंसी की खरीद बिक्री और उसके जरिये होने वाले लेन देन को काफी हद तक नियमित किया जा सकेगा। आपको बता दें कि भारत सरकार ने पहले क्रिप्टो करेंसी पर पूरी तरह से पाबंदी लगाने का मन बनाया था। हालांकि इस पाबंदी से उन क्रिप्टो करेंसीज को बाहर रखने की योजना थी, जिन्हें आधिकारिक तौर पर किसी देश के केंद्रीय बैंक ने जारी किया हो। आपको बता दें कि कई देशों के केंद्रीय बैंक खुद भी लेन देन की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए आधिकारिक क्रिप्टो करेंसी लाने की योजना बना रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी कुछ समय पहले इस बात के संकेत दिए थे कि वो खुद भी अपनी क्रिप्टो करेंसी लाने की योजना पर विचार कर रहा है।

बताया जा रहा है कि भारत सरकार सभी गैर आधिकारिक क्रिप्टो करेंसी पर पाबंदी लगाने के पक्ष में थी। इसके लिए मंत्रालय स्तर पर तैयारी भी शुरू कर दी गई थी। लेकिन दुनिया के कई देशों में क्रिप्टो करेंसी से होने वाले लेन देन को मान्यता दे दी गई है, जिसकी वजह से जी-20 देश के ज्यादातर सदस्य क्रिप्टो करेंसी पर पूर्ण पाबंदी लगाने के खिलाफ हैं।

जानकारों के मुताबिक पूर्ण पाबंदी की योजना की तैयारी करते वक्त इस तथ्य को भी महसूस किया गया कि क्रिप्टो करेंसी पर पाबंदी लगाने से भी इसकी खरीद बिक्री पर पूरी तरह से लगाम लगा पाना संभव नहीं है, क्योंकि इसके खरीदार इस करेंसी को दूसरे देश के नेटवर्क से ही आसानी से खरीद सकते हैं। और तो और कई यूरोपीय देशों के नेटवर्क से क्रिप्टो करेंसी खरीदना भारत की तुलना में आसान भी है।

जानकारों के मुताबिक क्रिप्टो करेंसी पर पूर्ण पाबंदी की योजना को बाद में क्रिप्टो करेंसी के लेन देन पर सख्ती की योजना में बदल दिया गया। इतना ही नहीं जी-20 देशों ने भी क्रिप्टो करेंसी की खरीद बिक्री और लेन देन पर नियमन लाने की बात को लेकर सहमति दे दी। जिसके बाद नए नियमन का प्रारूप तैयार करने की जिम्मेदारी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष को सौंपी गई है।

गांधीनगर में होने वाली जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों की बैठक में आईएमएफ प्रस्तावित नियमन का मसौदा पेश करेगा, जिस पर सहमति होने के बाद उसे भारत समेत जी-20 के सभी सदस्य देशों में लागू किया जा सकेगा।

आयकर विभाग का पश्चिम बंगाल के कारोबारी समूह पर छापा, 40 करोड़ रुपये के काले धन का खुलासा

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने पश्चिम बंगाल स्थित एक कारोबारी समूह के ठिकानों पर छापेमारी कर 40 करोड़ रुपये से ज्यादा के कथित काले धन का पता लगाया है। इस कारोबार समूह का नियंत्रण राजनीतिक पृष्ठभूमि से जुड़े व्यक्ति के पास है। वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में यह जानकारी दी। वित्त मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि आयकर विभाग ने हाल ही में पश्चिम बंगाल स्थित एक कारोबारी समूह के परिसरों पर छापेमारी में 40 करोड़ रुपये से अधिक के काले धन का पता लगाया है। आयकर अधिकारियों ने उत्तरी बंगाल क्षेत्र में बड़े पैमाने पर संचालित एक व्यापारिक समूह के ठिकानों पर तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की। इस तलाशी कार्रवाई में 2.73 करोड़ रुपये की नकद राशि और आभूषण जब्त किए गए हैं। बयान के मुताबिक आयकर विभाग के प्रारंभिक जांच में 40 करोड़ रुपये से अधिक की 'बेहिसाब' आय का खुलासा हुआ है। साथ ही अधिकारियों ने करीब 17 करोड़ रुपये के भूमि अधिग्रहण में नकद भुगतान से जुड़े 'आपत्तिजनक' दस्तावेज बरामद किए हैं। विभाग को करीब 100 करोड़ रुपये की 'बेहिसाब' नकद प्राप्तियों से संबंधित विवरण भी मिले हैं। इसके अलावा इस कार्रवाई के दौरान 1.73 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी और एक करोड़ रुपये के आभूषण जब्त किए गए हैं। आयकर अधिकारियों के अनुसार समूह अपनी आय को छिपा रहा था और खाद्य तेलों और डीओआरबी (चावल भूसी तेल खली) की नकदी बिक्री कर रहा था और इसका कोई हिसाब नहीं था। अधिकारियों को तलाशी के दौरान कई ऐसे मामले मिले, जहां समूह ने बही-खाते में लेन-देन को नहीं दिखाया था। इस समूह का कारोबार खाद्य चावल भूसी तेल, सरसों के तेल, डीओआरबी, विभिन्न प्रकार के रसायनों और रियल एस्टेट से जुड़ा है। मामले की आगे की जांच जारी है। हालांकि आयकर विभाग ने इस समूह का नाम और ये छापे कब मारे गए ये नहीं बताया है।

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आयकर विभाग

2024 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थवयवस्था : संयुक्त राष्ट्र

नई दिल्ली। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। मजबूत घरेलू मांग की बदौलत भारतीय अर्थव्यवस्था के कैलेंडर वर्ष 2024 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र ने जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊंची ब्याज दरों तथा कमजोर बाहरी मांग की वजह से देश के निवेश और निर्यात पर दबाव बना रहेगा। संयुक्त राष्ट्र की '2023 के मध्य तक वैश्विक आर्थिक स्थिति और संभावनाएं' शीर्षक वाली ये रिपोर्ट यहां जारी की गई। रिपोर्ट के मुताबिक भारत दक्षिण एशियाई क्षेत्र की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो (कैलेंडर वर्ष) 2023 में 5.8 फीसदी और 2024 में 6.7 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर्ज करेगी। हालांकि, ऊंची ब्याज दरों और कमजोर बाहरी मांग से 2023 में देश के निवेश और निर्यात पर दबाव बना रहेगा।

रिपोर्ट के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत घरेलू मांग से समर्थन मिलेगा। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में भारत में महंगाई की दर घटकर 5.5 फीसदी पर आ जाएगी। इसके साथ ही वैश्विक स्तर पर जिंस की कीमतों में कमी तथा मुद्रा के मूल्य में गिरावट की रफ्तार धीमी होने से 'आयातित' मुद्रास्फीति कम होगी। ये रिपोर्ट इस साल जनवरी में जारी विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं-2023 रिपोर्ट के अनुमानों के अनुरूप है। इसके अलावा रिपोर्ट में वैश्विक अर्थव्यवस्था अब 2023 में 2.3 फीसदी और 2024 में 2.5 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया गया है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के अनुमान को 2023 के लिए बढ़ाकर 1.1 फीसदी किया गया है। वहीं, यूरोपीय अर्थव्यवस्था के 0.9 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया गया है, जबकि इस वर्ष के लिए चीन की वृद्धि दर के अनुमान को 4.8 फीसदी से बढ़ाकर 5.3 फीसदी किया गया है।

सीतारमण ने रोजगार पाने वालों को दी सलाह, कहा- दूसरों को भी रोजगार मेला योजना के बारे में बताइए

चेन्नई/नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रोजगार मेला योजना के तहत नौकरी पाने वालों को सलाह दी है कि वे दूसरे लोगों को भी इस योजना के फायदे बताएं। सीतारमण ने चेन्नई में आयोजित एक कार्यक्रम में लगभग 250 लोगों को नियुक्ति पत्र दिए।

वित्त मंत्री ने डाक विभाग, रेलवे, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पेट्रोलियम और रक्षा सहित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नई भर्तियों के लिए करीब 250 लोगों को नियुक्ति पत्र दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में यह एक कदम है। निर्मला सीतारमण ने नवनियुक्त लोगों से बात करते हुए कहा कि आप अपने परिवार के अलावा अन्य लोगों को भी रोजगार मेला योजना के फायदे बताएं और उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए कहें। वित्त मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों के साथ सेल्फी भी ली। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज देशभर के सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए 71 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र दिया है।



देश में उत्पादित कच्चे तेल पर नहीं लगेगा विंडफॉल टैक्स, नई दरें लागू

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) घटाकर शून्य कर दिया है। घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 4,100 रुपये प्रति टन से घटाकर शून्य किया गया है। इसके साथ ही डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर कर की शून्य दर जारी रखी गई है। नई दरें मंगलवार से लागू हो गई है। सरकार की ओर से जारी एक अधिसूचना के मुताबिक ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) जैसी कंपनियों के उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को 4,100 रुपये प्रति टन से घटाकर शून्य कर दिया गया है। यह दूसरी बार है, जब घरेलू स्तर पर उत्पादित तेल के लिए विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) को घटाकर शून्य कर दिया गया है। इस लेवी की पेशकश पिछले साल जुलाई में की गई थी।इससे पहले 2 मई को सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 6,400 रुपये प्रति टन से घटाकर 4,100 रुपये प्रति टन कर दिया था। वहीं, पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर लेवी को शून्य कर दिया गया था, जो उसी स्तर पर बनी हुई है। इसी तरह विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लेवी भी शून्य बनी हुई है।

क्रिप्टो करेंसी मार्केट पर दबाव, बिटकॉइन 1 प्रतिशत से ज्यादा टूटा

नई दिल्ली। क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज लगातार दबाव बना हुआ है। टॉप 10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से आज कोई भी करेंसी बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार करती नजर नहीं आ रही है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन आज 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ कारोबार कर रही है। इसी तरह एक्सआरपी, पॉलीगॉन और कार्डानो में भी 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट बनी हुई है। सोलाना पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान 2 प्रतिशत टूट चुका है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने वाली अधिकृत कंपनी कॉइन मार्केट कैप द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के मुताबिक शाम 5 बजे तक बिटकॉइन की कीमत में 1.10 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जा चुकी थी। इस गिरावट के साथी बिटकॉइन 27,101.56 डॉलर यानी करीब 22.28 लाख रुपये की कीमत पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम शाम 5 बजे तक 0.66 प्रतिशत टूट कर 1,817.59 डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रही थी। इन दोनों टॉप क्रिप्टो करेंसीज के अलावा मार्केट कैप के हिसाब से टॉप 10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से टेथर 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1 डॉलर के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि बीएनबी 1.02 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.23 प्रतिशत, कार्डानो 1.61 प्रतिशत, डोजेकॉइन 0.98 प्रतिशत, सोलाना 2 प्रतिशत और पॉलीगॉन 1.62 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में लेन-देन में भी गिरावट आई है। इस अवधि में करीब 2,821 करोड़ डॉलर यानी करीब 2.31 लाख करोड़ रुपये कीमत की क्रिप्टो करेंसी की लेन देन हुई है। पिछले एक दिन की तुलना में लेन देन का ये स्तर 1.03 प्रतिशत कम है। आज के कारोबार में हुई खरीद बिक्री के बाद क्रिप्टो करेंसी मार्केट में बिटकॉइन की कीमत तो जरूर घटी है लेकिन क्रिप्टो मार्केट में उसकी हिस्सेदारी बढ़ कर 46.57 प्रतिशत हो गई है।

पूरे क्रिप्टो करेंसी मार्केट की बात करें तो पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान इसका ग्लोबल मार्केट कैप 1.17 प्रतिशत घटकर 1.13 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 92.90 लाख करोड़ रुपये रह गया है।

होंडा ने राजस्थान में जबर्दस्त फीचर्स वाली ऑल-न्यू शाइन 100 बाइक लॉन्च की

जयपुर। आम जनता के लिए यातायात के साधनों में बेहतर प्रतिमान स्थापित करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज सबसे किफायती और ईंधन की बचत करने वाली मोटरसाइकिल-शाइन 100 राजस्थान में लॉन्च की। 100सीसी की बेसिक मास कम्यूटर श्रेणी में अब अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हुए, होंडा के ब्रैंड शाइन का 125 सीसी मोटरसाइकिल की श्रेणी में निर्विवाद नेतृत्व, विश्वसनीयता और आधुनिक तकनीक का प्रमाण है। कंपनी ने अपनी विश्वसनीयता को बढ़ाते हुए 12 पेटेंट ऐप्लिकेशंस के साथ शाइन 100 को विकसित किया है। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया में सेल्स और मार्केटिंग विभाग के डायरेक्टर योगेश माथुर ने राजस्थान में ऑल-न्यू 100 को लॉन्च करते हुए कहा, ÷राजस्थान हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बाजार है। हम राज्य में अपनी मोटरसाइकिल की बढ़ती हुई मांग को देखकर खुश हैं। राजस्थान में हमारा डीलरशिप नेटवर्क काफी मजबूत है। हम अपने उपभोक्ताओं को बेहतरीन सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शाइन 100 के विश्वसनीय परफॉर्मेंस, सुविधाजनक सफर और किफायती दाम के साथ, हमारा उद्देश्य यूजर्स को आगे बढ़ने की भरपूर आजादी देना, नई सीमाओं को एक्सप्लोर करना और उनके सपनों को पूरा करने में सशक्त बनाना है। शाइन 100 हर भारतीय यात्री से किया गया होंडा का वादा है, जो उन्हें शानदार कीमत पर उम्मीदों से बढ़कर परफॉर्मेंस देती है।

शाइन 100 में ऑल-न्यू 100सीसी ओबीडी2 के अनुकूल पीजीएम-एफआई इंजन है, जिसकी इनहैंस्ड स्मार्ट पावर (ईएसपी) से पावर और बढ़ती है। यह सहज और सुविधाजनक इको फ्रेंडली इंजन के साथ घर्षण को कम कर और प्रभावी दहन को अधिकतम सीमा पर ले जाकर ऊर्जा के उत्पादन को अनुकूल बनाती है। नया 100 सीसी का इंजन हल्के वजन का है, जो नए-नए फीचर्स के साथ काफी प्रभावी है। यह मोटरसाइकिल अपनी श्रेणी में बेहतरीन माइलेज ऑफर करती है। फ्यूल टैंक के बाहर फिट किया गया एक्सटर्नल फ्यूल पंप इसके रखरखाव के खर्च और समय को कम करता है क्योंकि यहां तक आसानी से पहुंचा जा सकता है।

प्रोग्राम्ड फ्यूल इंजेक्शन (पीजीएम-एफआई) सिस्टम आदर्श ईंधन और वायु का मिश्रण मोटरसाइकिल को लगातार प्रदान करने के लिए ऑनबोर्ड सेंसर्स का प्रयोग करता है, जिससे मोटरसाइकिल के इंजन को लगातार पावर आउटपुट, ईंधन की उच्च बचत की क्षमता मिलती है। पिस्टन कूलिंग जेट घर्षण को कम करता है। ऑफसेट सिलिंडर और रॉकेट रोलर आर्म का प्रयोग घर्षण में कटौती करता है, जो न केवल मोटरसाइकिल को सहज और बेहतर ढंग से पावर उपलब्ध कराने में मदद देता है, बल्कि इससे किफायती ढंग से ईंधन की भी बचत होती है। ऑटोमैटिक चोक सिस्टम के रूप में काम करने वाला सोलनॉइड वॉल्व हवा और ईंधन के समृद्ध मिश्रण को सुनिश्चित करता है। यह किसी भी समय एक ही बार में शुरुआत की सुविधा यूजर्स को उपलब्ध कराता है। बाइक की लंबी और आरामदायक सीट (677 मिमी) बाइक सवार और उसके पीछे बैठे व्यक्ति को लंबी दूरी सहजता और सुगमता से तय करने की सुविधा उपलब्ध कराती है। शाइन 100 मोटरसाइकिल पर बैठने का तरीका आपको अपनी यात्रा में बेमिसाल सुविधा और आराम प्रदान करता है।

मोटरसाइकिल की राइडिंग पोजीशन को पूरे परिवार की आरामदायक सवारी और सामान को आराम से लाने ले जाने के हिसाब से डिजाइन किया गया है। इसकी सीट की आदर्श और अनुकूल ऊंचाई (786 मिमी) औसत लंबाई के भारतीय मुसाफिरों को आसानी से जमीन पर पैर टिकाने की इजाजत देती है। इंजन इनहिबिटर के साथ साइड स्टैंड इंजन को उस समय स्टार्ट होने से रोकता है, जब साइड स्टैंड लगाया गया हो। इससे यूजर्स को एक आरामदायक और बिना किसी चिंता के सफर की सुविधा मिलती है। इसी के साथ इक्वेलाइजर के साथ कॉम्बी ब्रेक सिस्टम (सीबीएस) शाइन 100 मोटरसाइकिल पर हर सफर को सुविधाजनक और आरामदायक बनाता है।

पीएलआई का असर : चीन से कंप्यूटर लैपटॉप, सोलर सेल का आयात घटा

नई दिल्ली। आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के आयात में गिरावट उन क्षेत्रों में उल्लेखनीय रूप से देखने को मिली है, जहां पीएलआई योजना शुरू की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2022-23 के दौरान भारत ने चीन से कुल 91 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात किया। 2021-22 में यह आंकड़ा 94.6 अरब डॉलर रहा था। इस अवधि में चीन से चिकित्सा उपकरणों का आयात सालाना आधार पर 13.6 फीसदी घटकर 2.2 अरब डॉलर रह गया। सोलर सेल के आयात में 70.9 फीसदी की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इस अवधि में 1.9 अरब डॉलर का सोलर सेल आयात किया गया। वहीं, लैपटॉप और पर्सनल कंप्यूटर का आयात 23.1 फीसदी की गिरावट के साथ 4.1 अरब डॉलर रह गया।

नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने चीन की यात्राएं बढ़ाईं

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक शीर्ष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ नौ मई के बाद दर्ज किसी भी मामले में उनकी गिरफ्तारी पर रोक के अपने आदेश को 31 मई तक बढ़ा दिया है। सरकार के वकील द्वारा इमरान खान के खिलाफ दर्ज मामलों के बारे में जानने के लिए समय की मांग के बाद इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने यह फैसला लिया। इस दौरान खान अदालत में ही मौजूद थे। उनकी पार्टी ने दावा किया है कि इमरान के खिलाफ देशभर में 100 से अधिक मामले दर्ज हैं। दें कि इस्लामाबाद उच्च न्यायालय शुक्रवार को ही इमरान को बड़ी राहत देते हुए अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में उन्हें दो हफ्ते की जमानत दी थी और अब शीर्ष कोर्ट ने 15 मई तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने अदालत के परिसर से नौ मई को इमरान खान की गिरफ्तारी को अवैध और गैर कानूनी करार दिया था।

हिंद महासागर में पलटी चीन की नाव, 39 लोग लापता, खोज अभियान जारी

बीजिंग। हिंद महासागर के मध्य भाग में एक चीनी नाव के पटल जाने से 39 लोग लापता हो गए। नाव में 17 चीनी चालक दल के सदस्यों के अलावा 17 इंडोनेशियाई और पांच फिलिपिनों भी शामिल थे। लापता हुए लोगों की तलाश फिलहाल जारी है, अभी तक किसी के भी मिलने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस घटना के बाद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने तुरंत बचावकार्य शुरू करने के आदेश दिए। उन्होंने चीन के कृषि और ग्रामीण मंत्रालय, चीन के परिवहन मंत्रालय और शेडोंग प्रांत को इस मामले में तुरंत स्तिथि का सत्यापन करने के आदेश दिए। जिनपिंग ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव सहायता दलों की भी सहायता ली है। चीनी विदेश मंत्रालय और विदेशों में प्रासंगिक दूतावासों को खोज और बचाव कार्य के लिए जागरूक किया गया है।

यूक्रेन में रहकर रूस के लिए लड़ने वालों को मिलेगी नागरिकता, पुतिन ने जारी किया फरमान

बैंकाक। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में रह रहे विदेशी नागरिकों के लिए एक फरमान जारी किया है। इसके तहत यूक्रेन में रहने वाले विदेशी नागरिक जो रूस के लिए लड़ रहे हैं उन्हें रूसी नागरिकता देने का वादा किया है। पुतिन ने बताया कि उन्होंने रूसी नागरिकता प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए इस फरमान को जारी किया है। रूसी नागरिकता उन्हीं विदेशी नागरिकों को मिलेगी जो रूस की सैनिक के साथ एक साल का अनुबंध करेगा। उनके अनुसार सेना में सेवा देने वाले सैनिकों के परिवार, निवास परमिट के बिना ही नागरिकता के लिए अप्लाई कर सकेंगे। यूक्रेन के खिलाफ जारी हमले में अपनी सैनिकों की संख्या बढ़ाने के लिए पुतिन ने कई फरमानों पर हस्ताक्षर किया। उन्होंने इससे पहले रूसी राष्ट्रीय गार्ड के ऊपरी आयु सीमा को हटाने के लिए एक और हस्ताक्षर किए थे।



टेक्सास में रहने वाली भारतवंशी महिला की रहस्यमयी हालात में मौत

लापता होने के बाद दूसरे राज्य में मिला शव

वाशिंगटन। अमेरिका में रह रही एक 25 वर्षीय भारतवंशी महिला टेक्सास से इसी महीने की शुरुआत में लापता हुई थी। लापता होने के एक दिन बाद ओक्लाहोमा राज्य में लगभग 322 किलोमीटर दूर उसका मृत शरीर पाया गया।

लहरी पथिवाड़ा को आखिरी बार मैक्किने उपनगर में अपनी काली टोयोटा चलाते हुए देखा गया था। टेक्सास की बाव समुदाय समूह ने महिला के लापता होने के संदेश को बढ़ाने में मदद की थी। महिला 12 मई को लापता हुई ती और एक दिन बाद ही उसका मृत शरीर पाया गया।

मैक्किने के एक स्थानीय व्यक्ति ने पथिवाड़ा को डलास उपनगर में एल डोराडो पार्कवे और हार्डिन बुलेवार्ड क्षेत्र के आसपास एक काले रंग की टोयोटा चलाते हुए देखा था। 12 मई को दफ्तर से घर न लौटने पर उसके परिवार वाले चिंतित हो गए थे। ओक्लाहोमा में उसके परिवार और दोस्तों द्वारा उसके फोन को ट्रैक किए जाने के बाद पुलिस को कथित तौर पर सतर्क कर दिया गया था। पथिवाड़ा एक ओवरलैंड पार्क रिजनल मेडिकल सेंटर में काम करती थी। उसके फेसबुक अकाउंट के अनुसार वह उसने कैनसस विश्वविद्यालय से स्नातक किया और ब्लू वैली वेस्ट हाई स्कूल की छात्रा थी। पथिवाड़ा की अचानक हुई मौत ने उसके परिवार, दोस्तों और समाज को काफी ज्यादा प्रभावित किया है। फिलहाल इस मामले में जांच जारी है।

फ्रांस में पेंशन सुधार नीति के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन, राष्ट्रपति की पत्नी के भतीजे पर हमला

पेरिस। फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के पेंशन सुधार नीति लागू करने के विरोध में हिंसक प्रदर्शन और तेज हो गया है। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति की पत्नी ब्रिजेट मैक्रों के भतीजे पर हमला कर आक्रोश जाहिर किया है। फ्रांस की सड़कों पर प्रदर्शनकारी पुलिस से भी भिड़ रहे हैं। आग लगा रहे हैं। राष्ट्रपति की पत्नी के भतीजे 30 वर्षीय ज्यां बैप्टिस्ट ट्रॉगने की उत्तरी फ्रांस के एमियन्स में चॉकलेट की दुकान है। उनके एक रिश्तेदार के मुताबिक ट्रॉगने दुकान से घर जा रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने उन पर हमला किया। उनके पिता ज्यां एलेकजेंडर ट्रॉगने ने बताया कि इस दौरान हमलावरों ने राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और परिवार के खिलाफ अपशब्द भी कहे।

राष्ट्रपति की पत्नी ब्रिजेट ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि वे अपने परिवार के साथ हैं। इस घटना को अस्वीकार्य बताते हुए राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि वह पेंशन सुधार नीति के साथ डटे रहेंगे। पेंशन सुधार नीति में सेवानिवृत्ति आयु 62 से बढ़ाकर 64 वर्ष की गई है।

'रूस से तेल खरीदकर यूरोप में निर्यात करना गलत'

यूरोपीय संघ के नेता ने की भारत के खिलाफ कार्रवाई की मांग

औगाडोगू। भारत पिछले एक साल से रूस से बड़े पैमाने पर कच्चा तेल खरीद रहा है और डीजल, रिफाइंड ईंधन के तौर पर यूरोप को निर्यात कर रहा है। यूरोपियन संघ के विदेश और सुरक्षा नीति प्रमुख जोसफ बोरेल का मानना है कि संघ को रूस के तेल को डीजल और रिफाइंड ईंधन के रूप में यूरोप को बेचने के लिए भारत पर कार्रवाई करनी चाहिए।

उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्हें पता था कि भारत रूस से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीद रहा है और इसे ईंधन में संसाधित कर यूरोप में बिक्री कर रहा है। यूरोपीयन संघ को अब इसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

बोरेल ने कहा- 'अगर रूसी तेल से निर्मित डीजल और गैसोलीन भारत के जरिए यूरोप आता है तो यह निश्चित रूप से प्रतिबंधों का उल्लंघन है। इसके लिए अब सदस्यों राज्यों को हल निकालना होगा।'

ब्रसेल्स में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक से पहले उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा की थी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जयशंकर ने कहा- +परिषद के नियम के अनुसार मेरी समझ में यह है कि यदि रूस का कच्चा तेल किसी दूसरे देश में पर्याप्त रूस से परिवर्तित किया जाता है तो फिर उसे रूसी नहीं माना जा सकता है।'

भारतीय रिफाइनरों ने दिसंबर-अप्रैल के बीच यूरोप में करीबन 284,000 बैरल प्रति दिन (बीपीडी) पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया है। यह एक साल पहले से लगभग 170,000 बीपीडी अधिक है।

नेपाल में अयोग्य माओवादी लड़ाकों को भुगतान पर सुप्रीम रोक

काठमांडू। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने अयोग्य घोषित माओवादी लड़ाकों को पैसे देने पर रोक लगाने का आदेश दिया है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया है कि योग्य घोषित लड़ाकों को पैसा देने की प्रक्रिया को तुरंत लागू न किया जाए। न्यायाधीश कुमार रेग्मी की खंडपीठ ने आदेश जारी कर याचिकाकर्ता और सरकारी पक्ष को 22 मई को सुनवाई के लिए बुलाया है। नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने मंत्रिपरिषद द्वारा अयोग्य माओवादी लड़ाकों को प्रति व्यक्ति 2 लाख की दर से पैसा देने का निर्णय लिया था। इसका विरोध हो रहा है।

2006 में नेपाल में दस साल लंबे माओवादी संघर्ष के समाप्त होने के बाद 19602 लड़ाकों का प्रबंधन शुरू हुआ। 2010 में, 4010 लड़ाकों को अयोग्य घोषित किया गया था। बाकी में से 1460 को 2013 में नेपाली सेना में शामिल किया गया था। उनमें से बाकी ने सरकार द्वारा बुलाए गए पुनर्स्थापन पैकेज को स्वीकार कर लिया। प्रधानमन्त्री प्रचंड ने अयोग्य सेनानियों को भुगतान देने के लिए बजट में डेढ़ अरब रुपये आवंटित करके प्रक्रिया को बढ़ाया। इस घटना के बाद पूर्व में भी प्रचंड के नेतृत्व वाले माओवादियों पर अयोग्य लड़ाकों के नाम पर 95 करोड़ रुपये गबन करने का आरोप लगता रहा है।

अमेरिका की वजह से ऑस्ट्रेलिया ने रद्द की क्वाड की बैठक, अगले हफ्ते हिस्सा लेने जाने वाले थे पीएम मोदी

बर्लिन। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने बुधवार को एलान किया कि अगले हफ्ते होने वाली क्वाड की बैठक फिलहाल टाली जा रही है। बताया जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया की ओर से यह फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बैठक में शामिल न हो पाने की वजह से लिया गया है। बाइडन इस वक्त अमेरिका में कर्ज की वजह से पैदा हुए आर्थिक संकट के मुद्दे को सुलझाने में जुटे हैं। ऐसे में उन्होंने अगले हफ्ते के अपने विदेश दौरे टाल दिए।

गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में क्वाड की बैठक 24 मई को होनी थी। इसे लेकर पहले अल्बानीज ने कहा था कि क्वाड में शामिल देशों- भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया बिना अमेरिका की मौजूदगी के भी बैठक के लिए आ सकते हैं। उन्होंने कहा था कि बाइडन की ओर से दौरा रद्द किए जाने के बाद उनकी सरकार जापान और भारत के प्रधानमंत्री से बात कर रही है। हालांकि, बाद में राष्ट्रपति अल्बानीज ने माफी मांगते हुए कहा था कि उन्हें क्वाड में शामिल साथियों के इस दौरे की तारीखों को आगे बढ़ाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत और जापान के प्रधानमंत्रियों ने इस बैठक की तारीख बदलने और इसे जल्द से जल्द आयोजित करने पर सहमति जताई है।

हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने यह जरूर कहा कि पीएम मोदी के साथ अगले हफ्ते उनकी ऑस्ट्रेलिया में होने वाली द्विपक्षीय बैठक अभी भी हो सकती है। इसे लेकर भारत की ओर से भी जल्द ही निर्णय लिया जा सकता है।

क्या है पीएम मोदी के विदेश दौरे का कार्यक्रम?

जापान की अध्यक्षता में जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी 19 से 21 मई तक जापान के हिरोशिमा जाएंगे। वह जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के निमंत्रण पर जापान की यात्रा पर जा रहे हैं। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधान मंत्री जी-7 सत्रों को संबोधित करेंगे। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के साथ कुछ अन्य नेता भी शामिल होंगे। इसके बाद पीएम मोदी की पपुआ न्यू गिनी जाने की योजना है। इस दौरे पर भी पहले बाइडन के पीएम मोदी के साथ रहने की संभावना थी। लेकिन अब बाइडन का दौरा रद्द होने के बाद मोदी अकेले ही पापुआ न्यू गिनी का दौरा कर सकते हैं। पापुआ न्यू गिनी की किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा होगी।

हिंसक हुए पेंशन सुधार के खिलाफ प्रदर्शन, उपद्रवियों ने राष्ट्रपति की पत्नी के परिवार पर किया हमला

मास्को। फ्रांस में पेंशन सुधार नीति के खिलाफ इमैनुएल मैक्रों की सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है। इस प्रदर्शन के बीच राष्ट्रपति मैक्रों की पत्नी ब्रिजेट मैक्रों के भतीजे पर हमला किया गया। यह कोई पहली बार नहीं है, इससे पहले भी उनके परिवार को निशाना बनाया जा चुका है। ब्रिजेट ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा- 'मैं अपने परिवार के साथ हूं। उनके साथ मैं कल रात 11 बजे से लगातार संपर्क में हूं। मैंने कई बार ऐसी हिंसा की निंदा की है, जो केवल बुरे का ही नेतृत्व करता है।' 30 वर्षीय ज्यां बैप्टिस्ट ट्रॉगने उत्तरी फ्रांस के एमियन्स में पारिवारिक चॉकलेट की दुकान चलाते हैं। बता दें कि ब्रिजेट मैक्रों का परिवार लगातार छह पीढ़ियों से ही चॉकलेट का कारोबार कर रहे हैं। उनके रिश्तेदार ने बताया कि वह चॉकलेट की दुकान से अपने घर की तरफ जा रहा था तभी हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया। उनके पिता ज्यां एलेक्जेंडर ट्रॉगने ने बताया कि भागने से पहले हमलावरों ने राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और परिवार वालों के खिलाफ अपशब्द भी कहेइस घटना को अस्वीकार्य बताते हुए इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि वह पेंशन सुधार नीति के साथ डटे रहेंगे, जिसमें रिटायर्मेंट आयु 62 से बढ़ाकर 64 करने की मांग की गई है। फ्रांस के अन्य राजनेताओं ने भी इस घटना की निंदा की है।

पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी गिरफ्तारी से बचने के लिए अदालत में घुसे

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व सूचना मंत्री फवाद चौधरी दोबारा गिरफ्तारी से बचने के लिए भागकर उच्च न्यायालय की इमारत में घुस गए।

पिछले सप्ताह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद उनकी पार्टी के समर्थकों के हिंसक विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर सार्वजनिक व्यवस्था के रखरखाव के तहत पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता चौधरी को हिरासत में लिया गया था और उन्होंने इस मामले में रिहा किए जाने के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में याचिका दायर की थीन्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की अदालत में सुनवाई के दौरान चौधरी ने हलफनामा दिया कि वह किसी भी हिंसक विरोध प्रदर्शन में भाग नहीं लेंगे, इसके बाद अदालत ने उन्हें रिहा करने का आदेश दिया। इससे उत्साहित चौधरी अदालत की ओर से लिखित आदेश जारी होने से पहले ही वहां से जाने लगे। इसके बाद जब वह अपनी कार में बैठकर घर जाने लगे तो उन्हें लगा कि पुलिस अधिकारी उनका पीछा कर रहे हैं।

वीडियो में चौधरी को वाहन से बाहर निकलकर अदालत भवन के प्रवेश द्वार की तरफ दौड़ते हुए देखा गया। जब एक वकील उनकी मदद के लिए आया तो उन्हें झुकते और हांफते देखा गया। इसी बीच कोई दूसरा व्यक्ति कहता है मरने वाले हैं।

रूस ने किया कीव पर भीषण हवाई हमला, यूक्रेन ने 18 मिसाइलों को नष्ट किया

कीव। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव को निशाना बनाकर अब तक की लड़ाई में भीषण हवाई हमला किया लेकिन यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली ने इसे विफल करते हुए सभी 18 मिसाइलों को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यूक्रेन की राजधानी कीव में मंगलवार तड़के रूस ने हवा, समुद्र और जमीन से मिसाइल दागते हुए भीषण हमला किया। हमलों के दौरान कीव में सोमवार देर रात तेज धमाकों की आवाज सुनी गई। हमलों में किसी के हताहत होने की अभी कोई सूचना नहीं है। यूक्रेन को पश्चिमी देशों द्वारा दिए गए हथियारों ने हमले को रोकने में मदद की।

हमला ऐसे समय में किए गए जब यूरोपीय नेताओं ने रूस को युद्ध के लिए दंडित करने के नए तरीके खोजे हैं और चीन के एक दूत ने बीजिंग के शांति प्रस्ताव पर कार्रवाई की मांग की है। इस महीने में आठवीं बार रूस ने हवाई हमलों से कीव को निशाना बनाया है।कीव सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा कि कीव पर रूस का यह हमला संख्या के आधार पर बेहद व्यापक था। उन्होंने कहा कि दनादन मिसाइल दागी गई।यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के यूरोप की यात्रा समाप्त करने के बीच ये हमले किए गए पोपको ने कहा कि प्राथमिक जानकारी के अनुसार कीव के हवाई क्षेत्र में हमला करने वालों के अधिकतर ठिकानों का पता लगाकर उन्हें नष्ट कर दिया गया।

यूक्रेन की वायुसेना ने कहा कि हमले में ड्रोन, क्रूज मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइल सहित विभिन्न प्रकार की 18 मिसाइलें दागी गईं।

वायुसेना के प्रवक्ता यूरी इनहात ने कहा कि सभी को मार गिराया गया। इनहात ने सोशल मीडिया ऐप टेलीग्राम पर बताया कि छह किंजल एयरो-बैलिस्टिक मिसाइल मिग-31के विमान से दागी गईं तथा काला सागर में मौजूद जहाजों से नौ क्रूज मिसाइल और तीन जमीन आधारित एस-400 क्रूज मिसाइलों से राजधानी को निशाना बनाया गया। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव ने बल की जवाबी कार्वाई की सराहना करते हुए ट्वीट किया, एक और अविश्वसनीय सफलता। यूक्रेन में ब्रिटेन की राजदूत मेलिंडा सिमंस ने ट्वीट किया कि हमले भीषण थे। उन्होंने लिखा कि हिलती दीवारों के बीच रात काटना आसान नहीं था। रूस के एक रक्षा अधिकारी ने कहा कि मंगलवार के हमले में कीव में एक पैट्रियट मिसाइल इकाई को नष्ट कर दिया गया। रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेंकोव ने कहा कि प्रणाली को किंजल ने नष्ट किया। उन्होंने इस संबंध में कोई सबूत नहीं दिए और इस बयान की कोई पुष्टि भी नहीं की जा सकती।

सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि मजबूत हवाई सुरक्षा ने रूसी विमानों को यूक्रेन में अंदर तक जाने से रोक दिया। हमला ऐसे समय किया गया जब यूरोपीय नेता महाद्वीप के मुख्य मानवाधिकार निकाय 46 देशों की यूरोपीय परिषद के एक दुर्लभ शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले हैं। वहीं, एक चीनी दूत आने वाले दिनों में यूक्रेन और रूस की यात्रा करने की तैयारी कर रहे हैं क्योंकि बीजिंग फरवरी में जारी शांति योजना पर जोर दे रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय के अनुसार, पूर्व राजदूत ली हुई पोलैंड, फ्रांस और जर्मनी की यात्रा भी करेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, सोमवार से मंगलवार सुबह तक यूक्रेनी क्षेत्रों में रूस की गोलाबारी में कम से कम सात नागरिकों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए।

प्लेऑफ का दावा मजबूत करने के लिए बैंगलोर को अब करना होगा ये काम

हैदराबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 में गुरुवार को जब सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ अहम मुकाबले के लिए मैदान पर उतरेगी तो उसकी नजरें प्लेऑफ में जगह बनाने के साथ भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली के प्रदर्शन पर होगी। आरसीबी इस समय 12 मैचों में इतने ही अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। उसे प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। एसआरएच के नाम 12 मैचों में आठ अंक है और टीम खिताब की दौड़ से बाहर हो गई है। कप्तान फाफ डुप्लेसी के साथ कोहली आरसीबी के लिए इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में से एक हैं, लेकिन लगातार दो मैचों में विफलता (राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 18 और मुंबई इंडियंस के खिलाफ एक रन) के बाद वह दिग्गज खिलाड़ी एसआरएच के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाने की कोशिश करेगा।

डुप्लेसी 12 मैचों में 57.36 के औसत से 631 रन के साथ मौजूदा सत्र में अब तक लीग के शीर्ष स्कोरर है। कोहली इस मामले में टीम के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज है। उन्होंने 39.81 की औसत और छह अर्धशतकों की मदद से 438 रन बनाये है। कोहली की बल्लेबाजी में हालांकि निरंतरता की कमी रही है और वह तेजी से रन बनाने के मामले में जूझते दिखे है। इन दोनों के अलावा टीम को ग्लेन मैक्सवेल से भी काफी उम्मीद होगी। मैक्सवेल ने मौजूदा सत्र में पांच अर्धशतकीय पारियां खेली है। इन तीनों के अलावा टीम के अन्य बल्लेबाज लगातार अच्छा करने में विफल रहे है। टीम पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 112 रन की बड़ी जीत दर्ज करने के बाद आत्मविश्वास से भरी होगी।

हम अभी भी अपने सम्मान के लिए खेल सकते हैं, युवा चेहरों को देंगे मौका : मार्कराम

हैदराबाद । सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडेन मार्कराम ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सीजन से उनकी टीम के बाहर होने के बाद अंदेशा दिया है कि वह लीग के आखिरी दो मैचों में कुछ युवा खिलाड़ियों को मौका दे सकते हैं। मार्कराम ने मैच के बाद कहा, ''हम अभी भी अपने सम्मान के लिये खेल सकते हैं। मौका मिला तो हम (युवाओं को) कुछ अवसर देने की कोशिश करेंगे। टूर्नामेंट को अच्छी ऊर्जा के साथ खत्म करना बेहतर होगा। दुर्भाग्य से, हम इस साल टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके।' मार्कराम ने कहा, ''हम पहली पारी तक मैच में थे, लेकिन पावरप्ले में चार विकेट गंवाने के बाद परिस्थितियां मुश्किल हो गई। हमारी गेंदबाजी थोड़ी सी खराब थी, हमारे पास ऐसे गेंदबाज हैं जो गेंद को स्विंग करा सकते हैं। शुभमन की पारी शानदार थी और उनके नंबर तीन (साई सुदर्शन) की भी।' मार्कराम ने कहा, ''हमारे गेंदबाज डटे रहे और भुवनेश्वर ने अपनी गेंदबाजी से खुद को साबित किया। क्लासेन एक बेहतरीन खिलाड़ी है और मैं उसके लिये खुश हूं। दुनिया उसकी क्षमता और ताकत देख रही है। हम क्लासेन का साथ नहीं दे सके। इस तरह का प्रदर्शन करने के बावजूद हारना उसके लिये मुश्किल होगा उन्होंने गेंदबाजों पर कहा, ''जब विपक्षी टीम ने अंतिम ओवरों की तरफ बढ़ते हुए सिर्फ एक विकेट गंवाया हो तो मैच किसी भी तरफ जा सकता है। साझेदारी तोड़ना जरूरी था और भुवनेश्वर ने हमारे लिये काम किया। वह और नट्टू (टी नटराजन) हमारे लिये शानदार रहे है।

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार : जन्नेके शोपमैन

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम पांच मैचों की सीरीज के लिए इस समय ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। टीम अपना पहला मैच मेजबान ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। मैच से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जन्नेके शोपमैन ने कहा है कि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी उत्साहित हैं और ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए तैयार हैं। हॉकी इंडिया की ओर से बुधवार को जारी बयान में शोपमैन ने कहा कि यहां का मौसम काफी अच्छा है। हम अच्छा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम यह दिखाने के लिए तैयार हैं कि हम पिछले कुछ हफ्तों में यहां क्या काम कर रहे हैं। शीर्ष गोलकीपर सविता की अगुआई वाली भारतीय टीम अपने ऑस्ट्रेलियाई दौरे के पहले तीन मैचों में ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम, जबकि अन्य दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए से भिड़ेगी। सभी मैच (18-27 मई) एडिलेड के मेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

फ्रेंच ओपन : निक किर्गियोस का खेलना मुश्किल, यह रही वजह

पेरिसः ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी टेनिस स्टार निक किर्गियोस घुटने की चोट के कारण फ्रेंच ओपन 2023 में नहीं खेल पाएंगे। ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता के आयोजक फ्रेंच टेनिस फेडरेशन (एफएफटी) ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। रोलां गैरो में 5 बार हिस्सा लेने वाले किर्गियोस पेरिस में एक बार भी विजयी नहीं रहे हैं। उन्होंने पांच में से सिर्फ दो बार तीसरे राउंड में प्रवेश किया है।

विंबलडन 2022 के फाइनलिस्ट किर्गियोस 2017 में दूसरे दौर से बाहर होने के बाद से फ्रेंच ओपन में नहीं खेले हैं। जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटने के बाद घुटने की सर्जरी करवाने वाले किर्गियोस के लिये यह साल परेशानी भरा रहा है। वह फरवरी में अपनी पूर्व गर्लफ्रेंड के साथ मारपीट करने के आरोपी भी पाए गए थे, हालांकि मजिस्ट्रेट ने इसे 'एक बार की बेवकूफी' करार देकर मामला खत्म कर दिया था।

डॉक्टर ने कहा था कि सर्जरी में विलंब होने से हाथ काटना पड़ सकता था : मोहसिन

लखनऊ। लखनऊ सुपरजायंट्स के तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम को यादगार जीत दिलाने के बाद अपनी बीमारी का जिक्र करते हुए बताया कि अगर वह चिकित्सकों के पास सही समय पर नहीं पहुंचते तो उनका हाथ भी काटना पड़ सकता था। मुंबई को आखिरी ओवर में जीत के लिए 11 रन की जरूरत थी। क्रीज पर टिम डेविड और कैमरून ग्रीन जैसे आक्रामक बल्लेबाज थे लेकिन मोहसिन ने शानदार गेंदबाजी कर टीम को यादगार जीत दिलाई। इस जीत से लखनऊ की टीम प्लेऑफ में जगह पक्की करने के करीब पहुंची। इस तेज गेंदबाज को पिछले साल कंधे की सर्जरी करानी पड़ी थी। उनके बाएं कंधे में खून के थक्के जम गए थे। इस सर्जरी के कारण वह पूरे घरेलू सत्र और आईपीएल के शुरुआती मैच नहीं खेल पाए थे। मोहसिन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''एक समय था जब मैंने क्रिकेट खेलने का भरोसा छोड़ दिया था क्योंकि मेरा हाथ उठता भी नहीं था। बहुत कोशिश करके हाथ किसी तरह उठाता था तो यह सीधा नहीं होता था।उन्होंने कहा, ''यह चिकित्सा संबंधी बीमारी थी। मैं उस समय को याद करके डर जाता हूं, क्योंकि डॉक्टरों ने कहा था कि अगर मैं सर्जरी में एक महीना और विलंब करता, तो मेरा हाथ भी काटना पड़ सकता था। मै चाहूंगा कि किसी भी क्रिकेटर को यह बीमारी ना हो। यह अजीब तरह की बीमारी थी। मेरी धमनियां पूरी तरह से बंद हो गई थीं। इनमें खून के थक्के जम गए थे।

क्रिकेट संघ (उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ), राजीव शुक्ला सर, मेरी फ्रेंचाइजी (लखनऊ सुपरजायंट्स), मेरे परिवार ने इस मुश्किल समय में काफी समर्थन किया, सहयोग दिया। सर्जरी से पहले और उसके बाद मैंने बहुत ही कठिन समय देखा है लेकिन सब ने मेरा साथ दिया। आखिरी ओवर की योजना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''जाहिर है कि इसका दबाव होता है। मैं मैदान में वही करने की कोशिश कर रहा था जो हम आमतौर पर अभ्यास के दौरान करते है। मैं 10 या 11 रन का बचाव करने के बारे में नहीं सोच रहा था। मै छह अच्छी गेंद डालने के बारे में सोच रहा था।

इन दो युवाओं के हाथ में भारत के शीर्ष क्रम का भविष्य, पीटरसन ने बताए नाम

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने मौजूदा आईपीएल 2023 में काफी उम्मीदें दिखाई हैं और अपनी योग्यता साबित की है। अब तक 13 मैचों में, 21 वर्षीय ने 575 रन बनाए हैं। जायसवाल ने कई तरह के शॉट खेले हैं और इसने केविन पीटरसन को इतना प्रभावित किया है कि इंग्लैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी का मानना है कि जायसवाल निश्चित रूप से भारत के 50 ओवर के विश्व कप टीम में फिट हो सकते हैं।

पीटरसन का यह भी मानना है कि जायसवाल और शुभमन गिल भारतीय टीम के भविष्य के सितारे हैं और इस प्रकार चाहते हैं कि टीम प्रबंधन अधिक समय बर्बाद न करे और उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में अधिक अवसर प्रदान करे।

पीटरसन ने बेटवे के लिए एक कॉलम में लिखा, ‘हम शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल में भारत के शीर्ष क्रम का भविष्य देख रहे हैं। मैं वास्तव में 50 ओवर के विश्व कप के लिए जायसवाल को मजबूती से देखूंगा। मैं उसे खून दूंगा और उसे जाने दूंगा। मुझे लगता है कि 50 ओवर क्रिकेट भविष्य में अतीत जैसा बनने जा रहा है, लेकिन मैं उन्हें तुरंत टीम में शामिल कर लूंगा।'

जायसवाल और गिल स्टार हैं

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में शुभमन गिल ने एक शानदार शतक लगाया और इसके साथ ही उन्होंने अब आईपीएल 2023 में अब तक 13 मैचों में 576 रन बनाए हैं। उनके और जायसवाल के बारे में बात करते हुए, पीटरसन ने कहा कि वे पूर्ण सितारे हैं जो महानता के लिए किस्मत में हैं।पीटरसन ने लिखा, आईपीएल युवा खिलाड़ियों को तीन चीजें देता है। यह उन्हें खेलने का अवसर देता है, यह उन्हें दुनिया भर के प्रशंसकों की दृश्यता देता है, और यह कड़े मैच में तीव्रता में प्रदर्शन करने में सक्षम होने की क्षमता देता है। स्टेडियम भरे हुए हैं, सब कुछ व्यस्त है, और यह उच्च तीव्रता वाला है। यदि आप इसमें सफल हो जाते है और सभी तीन चीजों को हासिल कर लेते है तो आपका अंतरराष्ट्रीय खेल खेलना तय है। यही मैंने इन दो युवाओं में विशेष रूप से देखा है, वे सितारे हैं। वे केवल हिट और मिस क्रिकेटर नहीं है, वे पूर्ण गुणवत्ता वाले हैं।

आईपीएल 2023: अब मैं सुनिश्चित नहीं हूं कि गणना (एन.एन.आर.) कैसे काम करेगी : रोहित शर्मा

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस प्वाइंट टेबल में दूसरे स्थान पर जगह बनाने से चूक गई है। लखनऊ के मैदान पर सुपर जायंट्स के खिलाफ उन्हें आखिरी ओवर में हार मिली। इस हार के बाद मुंबई के लिए अपना टॉप 4 में जगह बनाने के लिए आगामी मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हराना जरूरी हो गया है।लखनऊ से मैच गंवाने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हम मैच जीतने के लिए अच्छा नहीं खेले। खेल में कुछ क्षण ऐसे थे जो दुर्भाग्य से हम जीत नहीं पाए। यह स्कोर निश्चित रूप से पीछा करने योग्य था लेकिन हम पारी के दूसरे भाग में अपना रास्ता खो बैठे। वह (स्टोइनिस) वास्तव में अच्छा खेले। उन्होंने सीधे हिट मारे। इस पिच पर इसी की जरूरत थी।

रोहित शर्मा ने कहा कि हमने वास्तव में अच्छी तरह से पिच का आकलन किया और यह बल्लेबाजी करने के लिए एक अच्छी पिच थी और यह स्कोर निश्चित रूप से पीछा करने योग्य था और हम पारी के दूसरे भाग में अपना रास्ता खो बैठे। हमने आखिरी छोर पर काफी रन दिए। लेकिन जिस तरह से हमने बल्ले से शुरुआत की, हम लक्ष्य का पीछा करने के लिए अच्छी स्थिति में थे।

रोहित बोले- जैसे कि मैंने कहा कि हम दूसरे हाफ में रास्ता भटक गए। वह (स्टोइनिस) वास्तव में अच्छा खेले, सीधे हिट करते रहे जो आपको इस तरह की पिच पर करने की जरूरत है। यह उनकी शानदार दस्तक थी। रोहित ने अब प्लेऑफ के समीकरण पर कहा कि अब मैं सुनिश्चित नहीं है कि गणना (अंक और एन.आर.आर. के बारे में) कैसे काम करेगी, लेकिन हमें बाहर आने और अपने आखिरी गेम (एस.आर.एच. के खिलाफ) में कुछ अच्छा क्रिकेट खेलने की जरूरत है।

ये होंगे पाकिस्तान क्रिकेट के आगामी 3 सुपरस्टार खिलाड़ी, बाबर आजम ने बताए नाम

नई दिल्ली। वनडे विश्व कप 2023 से पहले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने उन 3 खिलाड़ियों के नाम बताए जो आने वाले समय में पाकिस्तान क्रिकेट के सुपरस्टार साबित होंगे। बाबर ने संभावित के रूप में सईम अयूब, ओमेयर बिन यूसुफ और मोहम्मद हारिस का नाम लिया। बाबर ने हालांकि, खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के दबाव से खुद को परेशान नहीं करने के लिए आगाह किया और उनसे चीजों को सरल रखने और प्रक्रिया का पालन करने का आग्रह किया।

विशेष रूप से, 20 वर्षीय सईम अयूब ने अब तक आठ टी20आई मैचों में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया है और केवल 123 रन बनाने में सफल रहे हैं। इसके विपरीत, प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका औसत 32.25 और लिस्ट-ए क्रिकेट में 46.64 है। इस प्रकार, भले ही युवा खिलाड़ी ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बहुत अधिक जलवा नहीं दिखाया है, लेकिन अधिक अवसर दिए जाने पर वह इसका फायदा उठाने का गुण रखता है।

दूसरी ओर, मोहम्मद हारिस ने पाकिस्तान सुपर लीग में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसा नहीं कर सका। 22 वर्षीय हारिस ने अब तक 14 मैचों में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें 153 रन बनाए हैं, जो कि कम से कम कहने के लिए खराब है। इस बीच ओमायर ने अभी तक अपनी शुरुआत नहीं की है, लेकिन फिर भी एक रोमांचक प्रतिभा बनी हुई है, जिसका उपयोग टीम विश्व कप के निर्माण में कर सकती है, जो कि वर्ष के अंत में अक्टूबर के महीने में शुरू होने वाला है। बाबर ने कहा, जहां तक होनहार युवाओं का सवाल है, मेरी राय में सईम अयूब, ओमैर बिन यूसुफ और मोहम्मद हारिस संभावित सुपरस्टार हैं। उनको सिर्फ कड़ी मेहनत पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के दबाव के बिना खुद को परेशान किए बिना आसानी से चीजें ठीक करने की जरूरत रहेगी।

वहीं पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान ने भी सईम का समर्थन किया और कहा कि युवा खिलाड़ी उनकी बल्लेबाजी लाइन-अप के लिए एक अच्छे विकल्प हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि यह बाबर की तरह अच्छे हो सकते हैं और प्रशंसकों से कहा कि वे उनकी हाल की आउटिंग से उन्हें जज न करें क्योंकि उनका भविष्य उज्ज्वल दिख रहा है। फखर ने कहा, सैम बल्लेबाजी लाइन-अप के लिए एक बढ़िया विकल्प है। उनके शॉट्स की रेंज काफी अच्छी है। ऐसा खिलाड़ी बाबर के बाद पाकिस्तान को मिला है। आप किसी खिलाड़ी को इतनी जल्दी जज नहीं कर सकते, लेकिन मुझे लगता है कि अगर वह कड़ी मेहनत करना जारी रखता है और अपना ख्याल रखता है, तो वह लंबे समय तक पाकिस्तान की सेवा करेगा और पाकिस्तान के लिए बहुत सारे मैच जीतेगा।

एमआई के गेंदबाजी का फूटा गुस्सा, बोले- बार-बार एक ही गलती दोहरा रहे हैं

लखनऊ। मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ आखिरी ओवरों में अधिक रन लुटाने पर गेंदबाजी इकाई पर निराशा जताते हुए कहा कि उनकी टीम बार-बार एक ही गलती को दोहरा रही है। मुंबई को खेले गए मैच के आखिरी ओवर में जीत के लिए 11 रन चाहिए थे लेकिन चोट से वापसी कर रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने शानदार गेंदबाजी कर लखनऊ को पांच रन से जीत दिला दी।

लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम 17 ओवर में तीन विकेट पर 123 रन बनाकर रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही थी लेकिन मुंबई ने आखिरी तीन ओवरों में 54 रन लुटा दिये। इस दौरान क्रिस जॉर्डन के 18वें ओवर में 24 रन बने। बॉन्ड ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मेरे लिए सबसे निराशाजनक बात यह है कि हम जिन योजनाओं के बारे में बात करते हैं, मैदान में उन पर टिके नहीं रहते है। मार्कस (स्टोइनिस) जैसे खिलाड़ियों के लिए हम इस विकेट पर क्या करना चाहते थे, इसे लेकर हम बहुत स्पष्ट थे। हमने उन्हें गेंदबाजी को लेकर योजना बनायी थी लेकिन इसके मुताबिक गेंदबाजी नहीं की। स्टोइनिस ने अपनी 47 गेंद की पारी में आठ छक्के जड़ नाबाद 89 रन बनाये। लखनऊ ने सातवें ओवर में 35 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे। स्टोइनिस ने इसके बाद कप्तान कृणाल पंड्या (49 रन पर रिटायर हर्ट) के साथ चौथे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की। बॉन्ड ने कहा, '' हम शुरुआती 15 ओवरों तक शानदार था। हम जैसा चाहते थे, हमने वैसी ही गेंदबाजी की थी। एक खिलाड़ी ने हम पर दबाव बना दिया। राशिद खान ने भी पिछले मैच में हमारे साथ ऐसा ही किया था। हम हालांकि तक मैच नहीं हारे थे लेकिन इस मैच को हार गये। आखिरी तीन ओवरों में 54 रन लुटाने को कहीं से भी सही नहीं कहा जा सकता है।

aramco
upstox

मोहसिन ने आखिरी ओवर में 11 रन बचाए, मुंबई की करारी हार

लखनऊ। मोहसिन खान की आखिरी ओवर में शानदार गेंदबाजी के कारण लखनऊ सुपर जायंट्स ने लखनऊ के मैदान पर मुंबई इंडियंस को 5 रनों से हरा दिया। मुंबई को आखिरी ओवर में 11 रन चाहिए थे लेकिन मोहसिन ने सिर्फ 5 रन दिए जिससे लखनऊ को शानदार जीत हासिल हुई। इससे पहले खेलते हुए लखनऊ ने क्रुणाल पांड्या के 49 तो मार्कोस स्टोइनिस के 89 रनों की बदौलत तीन विकेट खोकर 177 रन बनाए थे। जवाब में मुंबई ने रोहित और ईशान की बदौलत अच्छी शुरुआत की थी। लेकिन अंत के ओवरों में टिम डेविड पर्याप्त स्कोर नहीं बना पाए जिससे मुंबई को हार झेलनी पड़ी।

अब आगे क्याः मुंबई की हार के साथ ही अब प्वाइंट टेबल में नंबर दो के लिए एक बार फिर से चेन्नई सुपर किंग्स दावेदार बन गई है। मुंबई अगर यह मैच जीतती तो वह आसानी से दूसरी या तीसरे स्थान पर आ सकती थी। अहम मैच गंवाने के कारण वह अब तीसरे या चौथे स्थान के लिए खेलनी नजर आएगी। मुंबई अब प्वाइंट टेबल में चौथे स्थान पर आ गई है। उनका आखिरी मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ है। अगर वह वहां जीतते हैं तो उन्हें बाकी टीमों के नतीजों पर नजर रखनी होगी।

इससे पहले लखनऊ की एक बार फिर से खराब शुरूआत रही। सीजन में फ्लॉप चल रहे दीपक हुड्डा को ओपनिंग पर प्रमोट किया गया था लेकिन वह पांच रन बनाकर बेहरनडोर्फ की गेंद पर आऊट हो गए। इससे अगली ही गेंद पर प्रेरण मांकड़ भी पहली ही गेंद पर आऊट हो गए। डिकॉक को 16 रन पर चावला ने ईशान के हाथों कैच आऊट कराया।

लेकिन तभी कप्तान क्रुणाल पांड्या ने मार्कोस स्टोइनिस के साथ मिलकर टीम की मैच में वापसी करा दी। क्रुणाल ने 42 गेंदों पर एक चौके और एक छक्के की मदद से 49 रन बनाए। स्टोइनिस इस दौरान शानदार रहे। उन्होंने 47 गेंदों पर 4 चौके और 8 छक्कों की मदद से 89 रन बनाए और स्कोर 177 तक ले गए। पूरण ने 8 रन बनाए। अब मुंबई को जीत के लिए 178 रन बनाने थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस ने ओपनर्स ईशान किशन और रोहित शर्मा की बदौलत तेजतर्रार शुरूआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 9.4 ओवर में 90 रन बनाए। रोहित 25 गेंदों में एक चौके और 3 छक्कों की मदद से 37 रन बनाने में कामयाब रहे। बिश्नोई ने रोहित को आऊट करने के बाद ईशान को भी शिकार बनाया। ईशान ने 39 गेंदों में 8 चौके और 1 छक्के की मदद से 59 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव सफल नहीं हो पाए। वह 7 के स्कोर पर बोल्ड हो गए। सूर्यकुमार के आऊट होने के बाद नेहल वढेरा भी 20 गेंदों पर 16 रन बनाकर आऊट हो गए। विष्णु विनोद जब दो रन बनाकर आऊट हुए तो टिम डेविड ने अकेले ही मोर्चा संभाला। उन्होंने कैमरून ग्रीन के साथ पारी को आगे बढ़ाया लेकिन आखिरी ओवर में वह जरूरी 11 रन नहीं बना पाए। उनके पास लखनऊ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान के यॉर्कर का कोई जवाब नहीं था। डेविड 19 गेंदों पर एक चौके और तीन छक्कों की मदद से 32 रन बनाए।

रिटायर्ड आउट? क्या क्रुणाल पांड्या ने की चीटिंग, अश्विन का ट्वीट हुआ वायरल

लखनऊ। आईपीएल 2023 में लखनऊ सुपर जायंट्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 5 रनों की जीत से अपने प्लेऑफ यानी टॉप-4 में पहुंचने की उम्मीदों को बरकरार रखा है। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 178 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में मुंबई 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 172 रन ही बना पाई। हालांकि, इस मैच के पूरे होने के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स की जीत के बजाय टीम के कप्तान क्रुणाल पांड्या का एक फैसला चर्चा का विषय बन गया, जिसे लेकर भारतीय टीम और राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी ट्वीट किया है। दरअसल, लखनऊ के कप्तान क्रुणाल पांड्या बल्लेबाजी के दौरान 16वें ओवर में 42 गेंदों में 49 रन बनाते हुए रिटायर्ड हर्ट होकर प्वेलियन लौटे। उनके इस फैसले की वजह 16वें ओवर में रन भागते वक्त पैर में चोट लगना था। 16वें ओवर में जब क्रुणाल अपने साथी मार्कस स्टोइनिस के साथ बल्लेबाजी कर रहे थे तो रन भागते वक्त उन्हें पैर में चोट आई और इस बाद मैदान में फिजियो बुलाया गया और क्रुणाल ने पैर में दिक्कत होने के कारण बाहर जाने का फैसला लिया। क्रुणाल जब बाहर जा रहे थे तो वह थोड़ा लड़खड़ाते हुए भी दिखाई दिए, लेकिन वह ज्यादा दर्द में नहीं दिखे। बता दें कि कप्तान क्रुणाल पांड्या के इस फैसले को लेकर कई फैंस ने इसे रणनीतिक कदम बताए तो किसी ने ट्वीट कर लिखा की यह क्रुणाल ने चीटिंग की है। क्रुणाल के इस फैसले को लेकर दिलचस्प बात यह भी रही कि वह जब ड्रेसिंग रूम में जाने के लिए सीढ़ियां चढ़ रहे थे तो वह तकलीफ में नहीं दिखे, तो इसलिए फैंस ने सवाल खड़े किए कि क्रुणाल ने यह फैसला क्यों लिया। वहीं, इस मामले को लेकर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी सवाल पूछते हुए ट्वीट में लिखा, रिटायर्ड आउट? अश्विन के इसी ट्वीट के नीचे एक यूजर ने लिखा कि यह चीटिंग है, जिसके जवाब में अश्विन ने लिखा, नियम के अनुसार आपको ऐसा करने की अनुमति है, यह चीटिंग नहीं है।

ACTION INDIA
एक्शन इंडिया
Fro- t Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 18 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

न्यूज फ्लैश

बिना ड्राइवर के चल रही कार, कार पर लिखा है भारत सरकार

गाजियाबाद: सोशल मीडिया के लिए नवयुवकों में रील बनाने का नशा सिर चढ़कर बोल रहा है। चाहे उससे किसी का नुकसान ही क्यों न हो जाये। लेकिन नौजवान इससे सबक लेने को तैयार नहीं हैं, जबकि पुलिस कई युवकों का चालान करके रोजाना सबक सिखा रही है। कुछ इस तरह का ही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कुछ लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस का कहना है कि इस मामले की जांच की जा रही है। जो वीडियो सोशल मीडियापर वायरल हो रहा है, उसमें गाजियाबाद नंबर प्लेट की एक कार से एक रील बनाई गई है। जिसमें ड्राइवर चलती गाड़ी से उतर जाता है और गाड़ी चलती रहती है।वीडियो में दिख रहा है कि गाड़ी के ऊपर भारत सरकार लिखा हुआ है। वीडियो के मुताबिक एक युवक गाड़ी की स्पीड को कम कर उसे चलता हुआ छोड़कर उससे बाहर आ जाता है और दरवाजा बंद कर देता है और वह गाड़ी के साथ-साथ चलने लगता है। आगे मौजूद दूसरा शख्स गाड़ी और युवक दोनों का वीडियो बनाता है। कुल 12 सेकंड की यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। जिस गाड़ी से यह वीडियो बनाया गया है, उसके ऊपर 'भारत सरकार' लिखा हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो के बारे में लोगों ने गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस को ट्विटर पर टैग कर उनसे कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने कमेंट पर लिखा है की बिना ड्राइवर के चल रही है कार, हो सकता था कोई बड़ा हादसा।

उत्तराखंड में 6 हजार कृषक मधुमक्खी पालन कर रहे हैं : जोशी

टीम एक्शन इंडिया/देहरादून

कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अपने शासकीय आवास में शहद उत्पादन के लिए स्थापित 10 बक्सों से 25 किलोग्राम शहद निकाला। इस दौरान मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में 6000 हजार कृषक मधुमक्खी पालन व्यवसायिक रूप से कर रहे हैं। इस दौरान कृषि मंत्री जोशी ने तकनीकी विशेषज्ञों से शहद उत्पादन की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि दो माह पूर्व लगाए गए 10 बक्सों से 40 किलोग्राम शहद और आज दूसरी बार 25 किग्रा मधुमक्खी का शहद निकाला गया।

कृषि मंत्री ने कहा उत्तराखंड में 6000 कृषक मधुमक्खी पालन व्यवसायिक रूप से कर रहे है, जिससे लगभग 1700 एमटी का उत्पादन हो रहा है। इसके अतिरिक्त कई कृषक छोटे स्केल पर भी मधुमक्खी पालन कर रहे हैं। कृषकों द्वारा मुख्यत: एपिसा और मेलिफेरा प्रजातियों से शहद का उत्पादन किया जा रहा है। कृषि मंत्री ने बताया कि हमारी सरकार ने हर जिले में एक मधुग्राम और जनपद चम्पावत व देहरादून में दो मधुग्राम भी चयनित किये गये हैं। मधु मक्खी उत्पादन से कृषक अपने आय को बढ़ा सकते हैं। यह उन कृषकों के लिए अत्यधिक लाभदायक है, जिनके पास भूमि उपलब्ध नहीं है। मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में उत्पादित होने वाला शहद उच्च गुणवत्ता युक्त है। सरकार के विभिन्न प्रयासों के माध्यम से शहद उत्पादन के लिए किसानों को बेहतर सुविधाएं और प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि किसानों की आय दोगुनी हो उस दिशा में यह शहद उत्पादन से जुड़कर कृषक अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर उद्यान निदेशक डॉ एचएस बबेजा, संयुक्त निदेशक डॉ रतन कुमार, मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ मीनाक्षी जोशी, अरुण कुमार पांडेय सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

5जी तकनीक में स्किल्ड होंगे उप्र के युवा

पांच जिलों से कोर्स की होगी शुरूआत, आठ माह में 1000 युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ

योगी सरकार उत्तर प्रदेश के युवाओं को नई और भविष्य की रोजगारपरक तकनीक में स्किल्ड बनाने के लिए नए-नए प्रोग्राम लेकर आ रही है। इसी क्रम में प्रदेश के युवाओं को 5जी तकनीक की ट्रेनिंग दिए जाने के कार्यक्रम पर कार्य किया जा रहा है। कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रस्तावित इस प्रोग्राम के जरिए युवाओं को न सिर्फ ट्रेंड किया जाएगा, बल्कि उनके रोजगार की भी व्यवस्था की जाएगी। दरअसल 5जी टेक्नोलॉजी को भविष्य की टेक्नोलॉजी माना जा रहा है। प्रदेश सरकार का मानना है कि भविष्य में टेलीकॉम सेक्टर में 5जी तकनीक में ट्रेंड युवाओं की बड़े पैमाने पर जरूरत पड़ेगी। 5जी तकनीक हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और सेवाओं के पूरे टेलीकॉम इकोसिस्टम को बदल देगी, जो आईओटी, एम2एम कम्युनिकेशन और एज कंप्यूटिंग जैसी अन्य भविष्य की टेक्नोलॉजी के एग्जिक्यूशन के लिए महत्वपूर्ण होगी। योगी सरकार भविष्य की इसी जरूरत की पूर्ति के लिए अभी से एक्टिव हो गई है और प्रदेश के युवाओं को 5जी में सक्षम बनाकर उनके रोजगार का प्रबंध करने का प्रयास कर रही है।

पांच जिलों में जल्द हो सकती है शुरूआत: प्रदेश के युवाओं को 5जी में सक्षम बनाने से संबंधित इस प्रोग्राम का उद्देश्य अभ्यर्थियों को ट्रेंड करने के साथ-साथ 5जी टेक्नोलॉजी से संबंधित जॉब रोल्स में जगह (रोजगार) दिलाना भी है। प्रस्तावित लक्ष्य के अनुसार, इस कार्यक्रम के अंतर्गत 8 माह में 1000 या इससे अधिक अभ्यर्थियों को ट्रेंड और जॉब दिलाना है। संभावना है कि लखनऊ, कानपुर, गौतमबुद्धनगर, मुरादाबाद, आगरा, गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज में से किन्हीं पांच जिलों में इस प्रोग्राम की शुरूआत जल्द की जा सकती है।

तीन कोर्सेज पर 2.8 करोड़ से अधिक खर्च का अनुमान: प्रस्ताव के अनुसार, इस कार्यक्रम के तहत तीन कोर्सेज का संचालन किया जा सकता है। इसमें पहला टेलीकॉम रिगर-5जी और लीगेसी नेटवर्क्स, दूसरा टेक्नीशियन 5जी-एक्टिव नेटवर्क इंस्टॉलेशन और तीसरा प्रोजेक्ट इंजीनियर-5जी नेटवर्क्स है। इन तीनों कोर्सेज पर कुल 2.8 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च होने का अनुमान है। टेलीकॉम रिगर-5जी एंड लीगेसी नेटवर्क्स के तहत 450 घंटे 360 अभ्यर्थियों को स्किल्ड बनाया जाएगा। इसमें प्रत्येक अभ्यर्थी पर 22 हजार से ज्यादा राशि खर्च होगी और कुल करीब 80 लाख रुपए का खर्च आएगा। इसी तरह टेक्नीशियन 5जी का कोर्स 570 घंटे संचालित होगा, जिसमें 360 अभ्यर्थियों पर कुल एक करोड़ से अधिक राशि खर्च होगी। इसी तरह प्रोजेक्ट इंजीनियर के लिए 660 घंटे का कोर्स प्रस्तावित है।

पांच चरणों में कंप्लीट होगी इंप्लीमेंट स्ट्रेटजी

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता का कहना है कि इस पूरे कार्यक्रम को इंप्लीमेंट किए जाने के लिए भी स्ट्रेटजी तैयार की गई है। इसके तहत 5 चरणों में ट्रेनिंग से लेकर रोजगार प्रदान करने तक का पूरी योजना साझा की गई है। सबसे पहले कोर्सेज के लिए युवाओं को आकर्षित किया जाएगा। इसके बाद युवाओं की प्री और पोस्ट इनरोलमेंट काउंसलिंग की जाएगी। इसके बाद उनकी मॉनीटरिंग और इवैल्यूएशन किया जाएगा। चौथे चरण में युवाओं को प्लेसमेंट सपोर्ट प्रदान किया जाएगा, जबकि पांचवें और अंतिम चरण में युवाओं की मेंटरिंग के साथ-साथ सपोर्ट फीडबैक की सुविधा प्रदान की जाएगी।

हत्या के तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

बेगूसराय। बेगूसराय न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पंचम) आनंद कुमार सिंह ने आज हत्या मामले की सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धबौली निवासी राजा बाबू सिंह, इंद्रदेव महतो एवं चुनचुन सिंह को हत्या में दोषी पाकर भारतीय दंड विधान की धारा-302 एवं 34 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। इसके साथ ही 25 हजार अर्थदंड की भी सजा सुनाई गई है। राजा बाबू सिंह को आजीवन कारावास के अलावा आर्म्स एक्ट की धारा-27 में दोषी पाकर तीन साल सश्रम कारावास एवं पांच हजार अर्थदंड की भी सजा सुनाई गई। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक रामप्रकाश यादव ने पांच गवाहों की गवाही कराई। जिसमें मामला सत्य पाया गया। तीनों पर लक्ष्मीपुर धबौली निवासी सूचक जय प्रकाश राय ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि 24 जनवरी 2018 की शाम अपने तीन वर्षीय पोता सिद्धार्थ कुमार के साथ सरस्वती पूजा का मूर्ति विसर्जन देखने गए थे।

मणिपुर हिंसा: राज्य की हिंसा अब काबू में

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में आज मणिपुर हिंसा मामले पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने बताया कि हिंसा काबू में आ चुकी है। हाई कोर्ट ने मैतई समुदाय को जनजाति (एसटी) का दर्जा देने का आदेश दिया था, उसके लिए भी राज्य सरकार को हाई कोर्ट ने एक साल का समय दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आगाह किया कि सरकार से जुड़े लोग किसी समुदाय के खिलाफ बयान न दें। मामले की अगली सुनवाई जुलाई में होगी। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की गई है। पेट्रोलिंग हो रही है, परिवहन को लेकर भी कदम उठाए गए हैं। 46 हजार से ज्यादा लोगों को मदद दी गई है। पीड़ितों को मुआवजा दिया जा रहा है। सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त किए गए हैं। तीन करोड़ रुपये की आकस्मिक निधि को मंजूरी दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि हाई कोर्ट में क्या हुआ। तब मेहता ने कहा कि कोर्ट का आदेश लागू करने के लिए एक साल का समय मांगा था। हाई कोर्ट ने आदेश को लागू करने के लिए समय दिया है। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा हम हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की सोच रहे हैं। किसी ने हाई कोर्ट के सिंगल बेंच के आदेश के खिलाफ क्या डिवीजन बेंच में याचिका दाखिल की है। तब कोर्ट को बताया गया कि ट्राइबल फोरम और दूसरे याचिकाकताओं ने सिंगल बेंच के खिलाफ डिवीजन बेंच में अपील की है। डिवीजन बेंच 15 मई को नोटिस जारी कर चुकी है।

याचिका दाखिल की

◐ सुप्रीम कोर्ट ने आगाह किया कि सरकार से जुड़े लोग किसी समुदाय के खिलाफ बयान न दें

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संयुक्त रूप से ऋषिकेश में 1480.76 लाख से ट्रांजिट कैंप, परिसर ऋषिकेश में 474 लाख की लागत से आंतरिक रोड और सरफेस पार्किंग के साथ यात्रियों के लिए रजिस्ट्रेशन ऑफिस कम ट्रांजिट कैंप निर्माण परियोजना का उद्घाटन किया।

एनएचआरसी का तमिलनाडु सरकार को नोटिस

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में स्थित एक गांव में नवनिर्मित सेप्टिक टैंक पर कार्य के दौरान जहरीली गैसीय वातावरण में सांस लेने से तीन श्रमिकों की मृत्यु पर हुई मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लिया है। घटना 13 मई को हुई थी।

एनएचआरसी ने बुधवार को मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, तमिलनाडु सरकार और कुड्डालोर जिले के स्थानीय नगर पालिका आयुक्त को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में यांत्रिक उपकरण और सावधानियों के अभाव में खतरनाक सीवेज सफाई संबंधी कार्य को रोकने के लिए राज्य सरकार की ओर से पूर्व में उठाए गए या आगे किए जाने वाले उपायों पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

`संज्ञान लिया

◐ जहरीली गैसीय वातावरण में सांस लेने से तीन श्रमिकों की मृत्यु पर हुई मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लिया है

गौकशी करने वालों पर लगे रासुका: रस्तोगी

हरिद्वार: वैदिक गौशाला लक्सर के राजेश रस्तोगी ने मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी के माध्यम से पत्र प्रेषित कर गौकशी करने वालों के खिलाफ रासुका में कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पत्र में राजेश रस्तोगी ने कहा कि पुलिस की सख्ती के बावजूद प्रदेश के बाहरी इलाकों से अपराधी उत्तराखंड खासकर हरिद्वार जनपद में आकर गौकशी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के बुग्गवाला व रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में गौकशी करने वालों के साथ पुलिस को दो बार मुठभेड़ हो चुकी है।

'युवाओं का मनोबल तोड़ रही है भाजपा सरकार'

टीम एक्शन इंडिया/देहरादून

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने एनसीटीई के निर्णय और सरकार की व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा है कि परीक्षा दर परीक्षा देकर थके नौजवानों का मन मत तोड़िए। एक ट्वीट के माध्यम से हरीश रावत ने बुधवार को कहा कि हाई कोर्ट ने एलटी संवर्ग के कला विषय के 246 पदों में नियुक्तियों की प्रक्रिया को निरस्त कर दिया, क्यों? इसलिए निरस्त कर दिया एनसीटीई ने एलटी संवर्ग के लिए नियुक्ति के लिए बीएड होना अनिवार्य किया था और राज्य सरकार ने अपने स्तर पर इस नियम को संशोधित कर बीएड की योग्यता को हटा दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे इस ट्वीट में लिखा है कि आप और हम सब जानते हैं कि एनसीटीई एक स्वायत्त संस्था है, केन्द्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन कार्य करती है, वहां यदि कोई भी संशोधन होना है योग्यता आदि को लेकर तो वह केवल केंद्र सरकार ही कर सकती है। आप नियुक्तियां कर रहे हैं एनसीटीई के विनियम के अनुसार और उसमें निर्धारित योग्यता को आप अपने स्तर पर हटा दे रहे हैं, तो हुआ वही जो होना चाहिए था। मुझे घोर आश्चर्य है कि राज्य सरकार के विभिन्न विभाग जिन्होंने इस संशोधन को अनुमोदित किया होगा।

हत्याकांड

2009 में दर्ज हुआ था मुकदमा, गाजीपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनाया फैसला

हत्या के प्रयास के केस में मुख्तार अंसारी दोष मुक्त

टीम एक्शन इंडिया/गाजीपुर

गाजीपुर कोर्ट ने मुख्तार अंसारी को हत्या के प्रयास के मुकदमे में दोष मुक्त करार दिया है। इस फैसले के बाद मुख्तार अंसारी को बड़ी राहत मिली है। मुख्तार अंसारी के खिलाफ साल 2009 में हत्या के प्रयास का केस दर्ज हुआ था। ये केस मुहम्मदाबाद कोतवाली में 120B के तहत धारा-307 में दर्ज हुआ था। करंडा के सबुआ के रहने वाले कपिलदेव सिंह हत्याकांड और मुहम्मदाबाद के मीर हसन की हत्या के प्रयास के मामले में मुख्तार अंसारी को आरोपी बनाया गया था। इन दोनों केस को गैंग चार्ट में शामिल किया गया था। इसके आधार पर मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था।

मुख्तार का अभी जेल से निकलना संभव नहीं: एमपी-एमएलए कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश दुर्गेश की अदालत में मुख्तार अंसारी के खिलाफ इस मामले में बहस पूरी कर ली गई थी। 17 मई को फैसले के लिए तारीख निर्धारित की गई थी। हालांकि फैसले के बाद भी मुख्तार का अभी जेल से निकलना संभव नहीं होगा। वहीं करंडा थाने में दर्ज एक गैंगेस्टर मामले में अगली तारीख 20 मई की रखी गई है। 2009 में दर्ज हुआ था मीर हसन केस साल 2009 में हुए मीर हसन के स में मुख्तार के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट में केस चल रहा था। मामले में आरोपित की ओर से लिखित बहस पेश की गई। इस पर मौखिक बहस 6 मई को हुई।

MARUTi
nandan printers
8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE
Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go
THE PRINTING HUB
COMPLETE
CTP UNIT
BASYS PRINT
Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546